CMYK

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 07°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार 20 जनवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 290 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 1 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में एसआईआरः पुरुषों की तुलना में महिलाओं के नाम अधिक कटे पेज 2



पीवी सिंधु इंडोनेशिया मास्टर्स में करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई खेल टाइम्स



प्रोसेस्ड फूड से अभी कर लें तौबा सम्पादकीय



अमेरिका पर 93 अरब यूरो का आयात शुल्क लगाएगा ईयू! पेज 12

# यूएई प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद को मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर किया रिसीव



## कहाः अपने भाई को लेने खुद आया हूं, नाहयान सिर्फ 90 मिनट दिल्ली में रुकेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार शाम साढ़े 4 बजे भारत पहुंचे। पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर उन्हें दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर रिसीव किया।

मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं अपने भाई को लेने खुद एयरपोर्ट आया हूं। शेख जायद कुछ देर में पीएम मोदी के साथ मीटिंग करेंगे और करीब शाम 6 बजे भारत से रवाना हो जाएंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच सोमवार को व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग, ऊर्जा और दुनिया से जुड़े अहम मुद्दों पर बड़ी डील हो सकती है। एमईए ने बताया कि दोनों नेता मिडिल-ईस्ट के मौजूदा हालात पर भी चर्चा कर सकते हैं। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पश्चिम एशिया में स्थिति काफी संवेदनशील बनी हुई है। यमन में यूएई और सऊदी अरब के बीच तनाव बना हुआ है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति शेख जायद और उनके परिवार का दिल्ली में अपने आवास लोक कल्याण मार्ग पर स्वागत किया। मोदी ने उन्हें गुजरात का एक शाही नक्काशीदार लकड़ी का झूला गिफ्ट में दिया। यह झूला गुजरात के कई घरों में पाया जाता है और इसे हाथ से फूलों और पारंपरिक डिजाइनों के साथ बनाया गया है। गुजराती संस्कृति में झूला परिवार के लोगों को एक साथ बैठकर बात करने और पीढ़ियों के बीच रिश्तों को मजबूत करने का प्रतीक माना जाता है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जायद को एक पश्मीना शॉल भी भेंट की, जिसे एक सजे हुए चांदी के डिब्बे में रखा गया था। यह शॉल बहुत ही बारीक ऊन से हाथ से बनाई जाती है और हल्की, मुलायम और गर्म होती है। पश्मीना शॉल कश्मीर की है, जबकि चांदी का डिब्बा तेलंगाना में बनाया गया है। यह उपहार भारत की हथकरघा और हस्तशिल्प परंपरा को दर्शाता है। यूएई के राष्ट्रपति की मां शेखा फातिमा बिंत मुबारक अल केतबी को भी एक पश्मीना शॉल चांदी के डिब्बे में दी गई। इसके साथ ही उन्हें कश्मीरी केसर भी भेंट किया गया, जो कश्मीर घाटी में उगाया जाता है और अपनी गहरी लाल रंगत और खुशबू के लिए जाना जाता है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से ऊर्जा आपूर्ति को लेकर मजबूत साझेदारी है। साथ ही, लोकल करेंसी सेटलमेंट सिस्टम और बाइलेटरल इन्वेस्टमेंट ट्रीटी ने आर्थिक रिश्तों को और मजबूती दी है। यह दौरा भारत-यूएई काम्प्रिहेंसिव स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को और आगे बढ़ाने तथा आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग के नए रास्ते खोलने का अवसर देगा।

- **प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति शेख जायद को अपने आवास पर किया स्वागत**
- **शाही नक्काशीदार झूला किया गिफ्ट**

## पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के रिविजन (सुधार) मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई चुनाव आयोग को कड़ी फटकार

**कहाः आयोग को समझना चाहिए लोग इस वजह से कितने तनाव में और परेशान हैं, सवा करोड़ को नोटिस भेजना छोटी बात नहीं**

**करीब सवा करोड़ लोगों के नाम सार्वजनिक करने का आदेश, जिन्हें आंकड़ों में तार्किक गड़बड़ी के आधार पर नोटिस भेजा गया**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के रिविजन (सुधार) को लेकर मचे घमासान के बीच सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने आयोग से साफ कहा है कि उसे समझना चाहिए कि लोग इस प्रक्रिया की वजह से कितने तनाव में और परेशान हैं।

अदालत ने चुनाव आयोग को उन करीब सवा करोड़ लोगों के नाम सार्वजनिक करने का आदेश दिया है, जिन्हें लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी यानी आंकड़ों में तार्किक गड़बड़ी के आधार पर नोटिस भेजा गया है। मामला यह है कि चुनाव आयोग ने वोटर्स को तीन श्रेणियों में बांटकर नोटिस भेजे थे। इसमें सबसे विवादित श्रेणी लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी वाली है। इसमें वे लोग शामिल हैं, जिनके माता-पिता के नाम में बेमेल है, स्पेलिंग अलग है या फिर माता-पिता और बच्चों की उम्र में अजीब गैप दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि इन सवा करोड़ लोगों की लिस्ट ग्राम पंचायत, ब्लॉक ऑफिस और वार्ड ऑफिस में नोटिस बोर्ड पर लगाई जाए। साथ ही, जिन लोगों को नोटिस मिला है, उन्हें अपने कागज जमा करने के लिए और ज्यादा वक्त दिया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि सुनवाई के दौरान पर्याप्त कर्मचारी मौजूद रहें और लोगों को उनके जमा किए गए दस्तावेजों की पक्की रसीद दी जाए। सुनवाई के दौरान अदालत -शेष पृष्ठ दो पर



### कर्नल सोफिया अपमान मामलाः मप्र सरकार को सुप्रीम फटकार
### विजय शाह पर केस की मंजूरी, दो हफ्ते में तय करने का आदेश

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि अब माफी मांगने का वक्त निकल चुका है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी को लेकर दो हफ्ते के भीतर स्पष्ट फैसला लिया जाए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस बात पर नाराजगी जताई कि विशेष जांच दल को (एसआईटी) अपनी रिपोर्ट सौंपे हुए कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन राज्य सरकार ने अब तक कोई निर्णय नहीं लिया। अदालत ने कहा कि यह देरी समझ से परे है। अब बहुत देर हो चुकी है। सुनवाई के दौरान विजय शाह की ओर से वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कोर्ट को बताया कि मंत्री ने माफी मांग ली है और जांच में सहयोग कर रहे हैं। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि माफी मांगने में बहुत देर हो चुकी है।

# हाईकोर्ट का कुलदीप सेंगर की सजा पर रोक से इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को रेपिस्ट कुलदीप सिंह सेंगर की सजा निलंबन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। उसे उन्नाव रेप पीड़ित के पिता की पुलिस हिरासत में मौत मामले में ट्रायल कोर्ट ने 10 साल के कठोर कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी।

हाईकोर्ट ने कहा था कि परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की हिरासत में मौत के मामले में कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। सेंगर के भाई अतुल सिंह सेंगर और पांच अन्य लोगों को भी 10 साल की जेल की सजा दी गई थी। इसी फैसले के खिलाफ सेंगर ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सेंगर ने दलील दी थी कि वह इस केस में करीब 9 साल जेल में रह चुका है और अब सिर्फ 11 महीने की सजा बाकी है। पीड़ित की ओर से वकील महमूद प्राचा ने जमानत का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि सेंगर को जमानत मिलने से पीड़ित और उसके परिवार को खतरा है। इससे पहले 23 दिसम्बर को उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने बेल दे दी थी। इसका विरोध हुआ था, पीड़ित परिवार और सामाजिक संगठन सड़कों पर उतर आए थे। दिल्ली हाईकोर्ट के सामने धरना दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। पिछले महीने पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने बेल दे दी थी। हालांकि, भारी विरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। उन्नाव रेप पीड़ित के पिता को 2018 में हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल में उनकी हालत बिगड़ गई थी और बाद में उनकी मौत हो गई थी। पीड़ित के परिजनों ने आरोप लगाया था कि यह कोई सामान्य मौत नहीं है, बल्कि साजिश के तहत की गई कस्टोडियल डेथ थी। आरोप था कि सेंगर के प्रभाव और दबाव में पीड़ित के पिता को प्रताड़ित किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीबीआई को सौंपी गई। सीबीआई ने सेंगर और अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। लंबी सुनवाई के बाद निचली अदालत ने सेंगर को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। इसे निलंबित करने के लिए सेंगर हाईकोर्ट पहुंचे थे। दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि मामला बहुत गंभीर है। इसमें प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा कानून का दुरुपयोग किया गया। कोर्ट ने पीड़ित और उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिए कठोर रुख अपनाने की आवश्यकता जताई। कोर्ट ने कहा कि सजा निलंबन का आधार काफी नहीं है, इसलिए सेंगर को राहत नहीं दी जा सकती।

- **उन्नाव रेप पीड़ित के पिता की कस्टोडियल डेथ में 10 साल की सजा सुनाई गई है**

# उत्तर भारत में कोहरा व ठंड बढ़ने के आसार

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने दिल्ली के कई इलाकों में घने कोहरे की संभावना जताई है।

दिल्ली में अधिकतम तापमान करीब 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 8 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। हालांकि, यह राहत ज्यादा दिनों तक टिकने वाली नहीं है। 19 जनवरी से पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय के चलते 23 जनवरी तक कुछ इलाकों में भारी बारिश या बर्फबारी हो सकती है। इस मौसम प्रणाली का असर राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार तक महसूस किया जा सकता है।

- **मौसम फिर लेगा करवट**

# आतंकी मुठभेड़ में घायल जवान शहीद

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों की तलाश के दौरान रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान 8 जवान घायल हो गए थे। इनमें से एक जवान की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। शहीद जवान की पहचान हवलदार गजेंद्र सिंह के रूप में हुई है।

# नितिन नबीन का निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष बनना तय

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद चुनाव को लेकर पार्टी मुख्यालय में सोमवार को भारी गहमा गहमी के बीच राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने अपना नामांकन दाखिल किया।

इसके साथ ही श्री नबीन का निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है, क्योंकि किसी अन्य नेता ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल नहीं किया है। श्री नबीन के अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, हरदीप पुरी समेत जैसे कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। यह नामांकन प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में संपन्न हुई। नितिन नबीन के नामांकन के दौरान योगी आदित्यनाथ समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यों के पार्टी अध्यक्ष, सांसद व वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने एक के बाद अपना समर्थन पत्र जमा कराया। अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक नामांकन होने को नेतृत्व परिवर्तन से पहले संगठनात्मक एकता और ताकत के प्रदर्शन के तौर पर भी देखा जा रहा है।

- **शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ, हरदीप सिंह पुरी समेत भाजपा के कई दिग्गज बने प्रस्तावक**

# नोएडा में इंजीनियर की मौत मामलाः सीईओ हटाए गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनउफ/ नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार समेत डूबने से हुई दर्दनाक मौत की घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा संज्ञान लिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। यह टीम पांच दिनों के भीतर अपनी जांच पूरी कर मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंपेगी। इसके साथ ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. को हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. को पद से हटा दिया है। इसे प्रशासनिक जवाबदेही की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, सीएम ने साफ निर्देश दिए हैं कि जांच में यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या दोष सामने आता है, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसआईटी का नेतृत्व एडीजी जोन मेरठ करेंगे। उनके साथ मंडलायुक्त मेरठ और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के चीफ इंजीनियर को भी टीम में शामिल किया गया है। जांच टीम को हादसे के कारणों, संबंधित विभागों की भूमिका, लापरवाही की जिम्मेदारी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों की विस्तृत पड़ताल करने के निर्देश दिए गए हैं। सेक्टर-150 क्षेत्र में भारी जलभराव के दौरान सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार पानी से भरे गड्ढे/अंडरपास में फंस गई थी, जिससे कार समेत व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन, विकास प्राधिकरण और संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। एसआईटी क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था, सड़क निर्माण की गुणवत्ता, चेतावनी संकेतों की मौजूदगी और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की भी जांच करेगी। मृतक इंजीनियर युवराज मेहता की सोमवार को पोर्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि युवराज की मृत्यु का कारण दम घुटना बताया गया है। पोस्टमार्टम के अनुसार उनके फेफड़ों में करीब साढ़े तीन लीटर पानी भरा हुआ पाया गया, जिससे यह साबित होता है कि वह काफी देर तक पानी में डूबे रहे। डाक्टरों की रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय तक पानी में रहने से उनके फेफड़ों में भारी मात्रा में पानी चला गया, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति रुक गई और दम घुटने की स्थिति पैदा हुई।



- **सीएम योगी ने लिया संज्ञान, उच्चस्तरीय जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन**

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र और उत्तराखंड के लिए अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती 18 को लखनऊ में

**लखनऊ/ देहरादून।** रिक्रूटिंग जोन उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड, रिक्रूटिंग ऑफिस (हेडक्वार्टर), लखनऊ के तहत लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में महिला मिलिट्री पुलिस अग्निवीर भर्ती रैली 18 फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह रैली उत्तर प्रदेश में होने वाली रैलियों की सीरीज की छठी रैली होगी और यह एक दिन चलेगी। इसमें वे अभ्यर्थी शामिल होंगे जिन्होंने जुलाई 2025 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास किया है। इस रैली में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों से लगभग 1,000 शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। ऑनलाइन सीईई पास करने वाले और उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी अभ्यर्थियों को अलग से एडमिट कार्ड जारी किए गए हैं। अभ्यर्थी नए जारी किए गए एडमिट कार्ड पर बताई गई तारीख को सुबह चार बजे एएमसी सेंटर और कॉलेज स्टेडियम, लखनऊ में रिपोर्ट करेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने एंट्रेंस एग्जाम पास कर लिया है, उन्हें रैली के लिए उनके रजिस्टर्ड ईमेल पर एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं।

### बीएमसी मेयर पद के लिए 22 जनवरी को निकलेगी लॉटरी

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को दावा किया कि शिंदे के बाद भाजपा भी अपने पार्षदों को किसी सुरक्षित जगह पर ले जाने की योजना बना रही है। राउत ने कहा कि शिंदे अपने पार्षदों को पहले ही पांच सितारा होटल में भेज चुके हैं। सवाल है- कौन किससे डर रहा है? संजय राउत ने कहा कि नगर निकाय चुनावों के नतीजों को देखते हुए कोई भी पार्टी आसानी से बीएमसी मेयर पद पर दावा नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री फडनवीस स्विट्जरलैंड में वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की बैठक में हैं और यहां पार्षदों को इधर-उधर भेजा जा रहा है। यह अजीब है। महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को चुनाव हुए थे। बीएमसी सहित अन्य निगमों के नतीजे 16 जनवरी को आया था। बीएमसी के 227 सीटों में भाजपा ने 89 वार्ड जीते। शिंदे गुट को 29 सीटें मिलीं। मेयर के लिए बहुमत का आंकड़ा 114 है। इसके लिए भाजपा को शिंदे गुट के 25 पार्षदों के समर्थन की जरूरत होगी। 29 नगर निगमों में मेयर पद के लिए 22 जनवरी को लॉटरी निकाली जाएगी।

### करूर भगदड़ मामले में विजय से छह घंटे चली पूछताछ

**नई दिल्ली।** करूर भगदड़ मामले में थलापति विजय दूसरी बार सीबीआई के सामने पेश हुए थे। वे दिल्ली स्थित सीबीआई के दफ्तर सुबह करीब 10 बजे पहुंचे थे। लगभग छह घंटे की पूछताछ के बाद टीवीके प्रमुख विजय सीबीआई मुख्यालय से बाहर निकले। यह अभिनेता के साथ सीबीआई की पूछताछ का दूसरा राउंड है। इससे पहले 12 जनवरी को उनसे पूछताछ की गई है। इस बार विजय के साथ-साथ करूर रैली में मौजूद नौ पुलिसकर्मियों से भी पूछताछ की गई।

### सोना-चांदी पहुंचे रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेश मांग आने से सोना-चांदी सोमवार को सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना वायदा सोमवार को 2,703 रुपये बढ़कर 1,45,220 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह पहली बार 1,45,000 रुपये के पार पहुंचा है। चांदी वायदा में 15,381 रुपये का उछाल देखा गया और यह 3,03,143 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही। इसमें 5.35 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल आया है। कोटक म्यूचुअल फंड के कोष प्रबंधक सतीश डोंडापति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ग्रीनलैंड के मुद्दे को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से दोनों कीमती धातुओं में तेजी रही है। साथ ही, सीमित आपूर्ति, कमजोर डॉलर और मजबूत निवेश तथा औद्योगिक मांग का असर भी देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में चांदी की कीमत 170 प्रतिशत बढ़ चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतीक और अपर्णा के बीच तलाक की सुगबुगाहट

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव और उनकी पत्नी अपर्णा यादव के वैवाहिक जीवन को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है। प्रतीक यादव के नाम से चल रहे इंस्टाग्राम अकाउंट 'आई एम प्रतीक यादव' से साझा की गई एक पोस्ट में विवाह संबंधों में तनाव का दावा करते हुए तलाक की बात कही गई है। इंस्टाग्राम पोस्ट में प्रतीक यादव ने लिखा है कि जल्द से जल्द तलाक की प्रक्रिया पूरी करना चाहते हैं। पोस्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि वह अब इस रिश्ते को आगे नहीं बढ़ाना चाहते और अलग होने का निर्णय ले चुके हैं। पोस्ट में अपर्णा यादव को लेकर कई गंभीर आरोप किए गए हैं। उन्होंने अपर्णा यादव को ष्स्वार्थी महिलाष बताते हुए लिखा कि उनकी वजह से उनका पूरा परिवार बिखर गया। प्रतीक के अनुसार, उनकी पत्नी के व्यवहार ने पारिवारिक रिश्तों में कड़वाहट और दूरी पैदा कर दी।

### अभद्रता के आरोप के साथ अनशन पर बैठे है शंकराचार्य

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगे माघ मेला में मौनी अमावस्या के स्नान पर्व पर रविवार को अभद्रता से आहत शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अनशन पर अनशन पर बैठ गए हैं। शंकराचार्य जी रविवार से लगातार बिना अन्न जल के धरने पर बैठे हैं। शिविर के बाहर ही दण्ड तर्पण और पूजन भी किया है। शंकराचार्य की मांग है कि प्रशासन प्रोटोकॉल के साथ उन्हें ले जाकर गंगा स्नान कराए। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या पर पालकी और भक्तों के साथ स्नान की अनुमति न दिए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ विवाद हुआ था।

# उप्र में एसआईआर: पुरुषों की तुलना में महिलाओं के नाम अधिक कटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत जारी की गई प्रारूप मतदाता सूची में पुरुषों की तुलना में महिलाओं के अधिक नाम हटाए जाने का खुलासा हुआ है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 1.55 करोड़ महिलाओं जबकि 1.34 करोड़ पुरुषों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इस तरह कुल 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची से विलोपित किए गए हैं। इस प्रक्रिया के बाद राज्य का लैंगिक अनुपात घटकर 824 महिला मतदाता प्रति 1000 पुरुष रह गया है, जो 2025 की मतदाता सूची में 877 था। 6 जनवरी 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार, कुल 12.55 करोड़ मतदाता बनाए रखे गए हैं, जिनमें 5.67 करोड़ महिलाएं और 6.89 करोड़ पुरुष शामिल हैं। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने दी। महिलाओं के नाम बड़ी संख्या में हटाए जाने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसका प्रमुख कारण डुप्लीकेशन है। कई मामलों में महिलाओं के नाम पहले उनके मायके (पिता के पते) पर दर्ज थे और बाद में ससुराल (पति के पते) पर भी जुड़ गए थे। 2025 की मतदाता सूची में 25 वर्ष से अधिक आयु की 71.18 लाख महिलाओं ने पिता का पता दर्ज किया था।

# पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बदलेगा उप्र का मौसम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी, 22 जनवरी से प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई

**लखनऊ।** लगातार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से उत्तर प्रदेश में अगले 48 घंटों के दौरान तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही घने कोहरे में भी कमी आने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, 22 जनवरी से प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बीते कुछ दिनों से रात के तापमान में जो गिरावट देखी जा रही थी, वह अब थम गई है। हालांकि हल्की बढ़ोतरी के बावजूद शनिवार रात को प्रदेश के मध्य हिस्सों हरदोई, अमेठी, अयोध्या और बाराबंकी में आंशिक शीतलहर की स्थिति बनी रही। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की दिशा में बदलाव हुआ है, जिसके चलते अगले 24 से 48 घंटों में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इससे रात की शीतलहर से राहत मिलेगी और प्रदेश में छाए घने कोहरे में 20 जनवरी के बाद धीरे-धीरे कमी आने की उम्मीद है। इसके बाद एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 22 जनवरी से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू हो सकता है, जो आगे चलकर पूर्वी यूपी तक पहुंचेगा। इससे प्रदेश में जारी ठंड की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है। सोमवार सुबह प्रदेश के कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। मुरादाबाद, अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर (आईएएफ), बाराबंकी, कानपुर (आईएएफ) और आजमगढ़ में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। वहीं लखनऊ एयरपोर्ट पर दृश्यता मात्र 50 मीटर रही। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वानुमान के अनुरूप को. हरे का क्षेत्रफल और तीव्रता सुबह के समय बढ़ी। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कोहरा छाया रहा, जबकि उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम यूपी के कुछ इलाकों में इसका असर अपेक्षाकृत कम रहा। आंकड़ों के अनुसार गाजियाबाद, बरेली और कानपुर में बहुत घना कोहरा (शून्य दृश्यता) दर्ज किया गया, जबकि लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज में 50 से 100 मीटर तक दृश्यता रही। तापमान की बात करें, तो हरदोई प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3-5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5-3 डिग्री कम है। फुरसतगंज में 3-7 डिग्री, जबकि बाराबंकी, अयोध्या और मेरठ में 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### उप्र में मौसम पूर्वानुमान को मिलेगी बड़ी मजबूती, पांच अत्याधुनिक रडार होंगे स्थापित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम पूर्वानुमान प्रणाली को और सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। राज्य में पांच अत्याधुनिक ड्यूल पोलारिमेट्रिक डॉप्लर रडार सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जो अगले छह महीनों में कार्यात्मक हो जाएंगे। यह जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, लखनऊ के निदेशक मनीष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि ए रडार लखनऊ, आजमगढ़, झांसी, अलीगढ़ और वाराणसी में लगाए जा रहे हैं। इनमें से चार रडार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जबकि एक रडार वाराणसी में आईएमडी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इससे रडार नेटवर्क में ओवरलैपिंग सुनिश्चित होगी।

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा में युवराज की मौत को हत्या करार दिया

# भाजपा की बेरहम व्यवस्था ने ली युवा इंजीनियर की जान

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मौके पर उप्र पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम तमाशा देखती रही: कांग्रेस

■ कांग्रेस राजस्थान कांग्रेस का विस चुनाव से पहले मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा में एक युवा इंजीनियर की कार पानी से भरे एक बड़े गड्ढे में गिर गई और मौके पर पहुंची उत्तर प्रदेश पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम तमाशा देखती रही लेकिन युवक को पानी से बाहर नहीं निकाले जाने के कारण उसकी जान चली गई।

कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया पेज एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट में उप्र की भाजपा सरकार से सवाल किया कि आखिर उसके शासन की यह कैसी व्यवस्था है कि बचाव दल मौके पर पहुंचता है, लेकिन उसके पास कोई उपकरण नहीं होते कि युवक को पानी से बाहर निकाला जा सके। यदि युवराज को समय पर पानी से बाहर निकाल लिया जाता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी लेकिन भाजपा की 'हत्यारी व्यवस्था ने 27 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की जान ले ली। उसकी कार नोएडा के पॉश इलाके में पानी से भरे एक बड़े गड्ढे में गिरी थी। यह गड्ढा एक बिल्डर ने खुदवाया था जिसमें बारिश का पानी भर गया था। पार्टी ने आरोप लगाया गड्ढे में गिरे युवराज ने हिम्मत जुटाई और किसी तरह गाड़ी की छत पर पहुंच गया और फिर उसने अपने पिता को कॉल किया 'पापा मैं डूब रहा हूं, मुझे बचा लो। पिता ने उप्र पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम पहुंची, लेकिन 'पानी ठंडा' होने के कारण किसी ने उसकी मदद नहीं की। दो घंटे तक युवराज मदद के लिए चीखता रहा, चिल्लाता रहा, लेकिन उप्र पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम वहां खड़ी तमाशा देखती रही और आखिर में एक-एक सांस के लिए लड़ते हुए युवराज ने दम तोड़ दिया। युवराज की मौत, दुर्घटना नहीं-'मर्डर' है। कांग्रेस ने इस हत्या करार देते हुए कहा कि यह हत्या भाजपा सरकार की व्यवस्था के कारण हुई है। उसका कहना है कि भाजपा के सड़े-गले सिस्टम ने, युवराज की हत्या की है। सवाल है कि क्या फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के पास ऐसे उपकरण ही नहीं थे, जिससे युवराज को पानी से निकाला जा सकता था। दूसरी ओर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविद सिंह डोटासरा और कांग्रेस नेता टीकाराम जूली ने राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया है। श्री डोटासरा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को केवल दो से तीन हजार वोटों के अंतर से जीत हासिल हुई थी, वहां विशेष वर्ग के वोटों को काटने की कार्रवाई की जा रही है।

### इंजीनियर मौत के मामले को 'आप' ने बनाया मुद्दा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर ग्रेटर नोएडा में एक कंप्यूटर इंजीनियर की जान बचाने में कोई कदम न उठाने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की कार घने कोहरे में नोएडा में पानी से भरे बड़े गड्ढे में गिरने गई थी और वह घंटों तक मदद मांगता रहा। यह हादसा उनके पिता, राजकुमार मेहता के सामने हुआ। श्री भारद्वाज ने कहा कि तीन घंटे तक किसी ने इंजीनियर को बचाने का प्रयास नहीं किया, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार शंकराचार्य को परेशान करने में व्यस्त थी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ष्कंप्यूटर इंजीनियर नोएडा में नाले में गिरा, अपने पिता को मदद के लिए कॉल किया, तीन घंटे तक तैरने की कोशिश करता रहा। योगी सरकार शंकराचार्य को सबक सिखाने में व्यस्त थी।

# मोदी की पहल ने पूर्वोत्तर के युवाओं को नए अवसर प्रदान किए: जयंत

**नई दिल्ली।**



■ गुवाहाटी विश्वविद्यालय में पूर्वोत्तर के लिए इंडियास्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन किया

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं रक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान इस क्षेत्र के युवाओं के लिए नए सिरे से आत्मविश्वास और अवसर पैदा किए हैं।

चौधरी ने सोमवार को असम स्थित गुवाहाटी विश्वविद्यालय में पूर्वोत्तर के लिए इंडियास्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन किया, जहां पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के युवा 26 कौशलों में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस अवसर पर जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री का पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान, जो उनकी नियमित यात्राओं और नीतिगत प्राथमिकताओं से स्पष्ट है, ने इस क्षेत्र के युवाओं के लिए नए सिरे से आत्मविश्वास और अवसर पैदा किए हैं। उन्होंने कहा कि इंडियास्किल्स जैसी पहलें इस दृष्टिकोण को और मजबूत करती हैं, क्योंकि ए राष्ट्रीय मंचों को सीधे इस क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं तक पहुंचाती हैं। इंडिया स्किल्स महज एक प्रतियोगिता नहीं है, यह उत्कृष्टता, अनुशासन और काम की गरिमा का उत्सव है। पूर्वोत्तर में अपार प्रतिभा और आकांक्षाएं हैं, और यह मंच इस बात पर हमारे विश्वास को दर्शाता है कि इस क्षेत्र के युवा भारत के कुशल कार्यबल का नेतृत्व करने और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार हैं।



सेंसेक्स 83570.35
निफ्टी 25694.35



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# वैश्विक चिंता में धराशायी हुए शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विभिन्न यूरोपीय देशों के माल पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को चौतरफा बिकवाली देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 324.17 अंक (0.39 प्रतिशत) लुढ़ककर 83,246.18 अंक पर बंद हुआ जो 07 नवम्बर 2025 के बाद का इसका निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 108.85 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 10 नवम्बर 2025 के बाद के निचले स्तर 25,585.50 अंक पर आ गया। बाजार में आज काफी उतार.चढ़ाव रहा। एक समय सेंसेक्स 672 अंक गिर गया था, लेकिन बाद में इसकी गिरावट कुछ कम हुई। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.25 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.99 प्रतिशत टूट गया। तेल एवं गैस, रियलटी, मीडिया, रसायन, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा गिरावट रही। वहीं, एफएमसीजी और ऑटो सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में जिन 3,294 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,316 के सूचकांक गिरावट में और 871 के बढ़त में रहे। अन्य 107 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 14 के शेयर लाल निशान में और 16 के हरे निशान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.04 प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक में 2.26 प्रतिशत, इटरनल में 2.19, टीसीएस में 1.36, अडानी पोर्ट्स में 1.34, और टाइटन में 1.31 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। विमान सेवा कंपनी इंडिगो पर नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अपेक्षाकृत नरम कार्रवाई के बाद कंपनी के शेयर में 4.30 प्रतिशत का उछाल आया। टेक महिंद्रा का 2.85 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.27, बजाज फाइनेंस का 2.18, मारुति सुजुकी का 2.04 और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.02 प्रतिशत चढ़ा।

# शैक्षिक आदान-प्रदान के जीवंत केंद्र के रूप में उभरा विश्व पुस्तक मेला

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 का 53वां संस्करण साहित्यिक और शैक्षिक आदान-प्रदान के एक जीवंत केंद्र के रूप में उभरा है, जिसने पूरे भारत और दुनिया भर से प्रकाशकों, लेखकों, शिक्षकों और पाठकों को आकर्षित किया है। पुस्तक मेले में बड़ी संख्या में आगंतुक आए, जिसका श्रेय मुफ्त प्रवेश और सही समय पर रखे गए नौ-दिवसीय कार्यक्रम को जाता है। प्रकाशकों ने देखा कि पाठक लोकप्रिय बेस्टसेलर से लेकर विशेष शैक्षणिक और क्षेत्रीय भाषा की किताबों तक, किताबों की एक विस्तृत शृंखला को देखने में गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। कुल 35 से अधिक देशों के 1,000 से अधिक प्रकाशकों ने इस मेले में भाग लिया, जिससे यह देश के सबसे बड़े साहित्यिक आयोजनों में से एक बन गया है। राष्ट्रीय बुक ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। इस साल की थीम, ष्भारतीय सैन्य इतिहास: वीरता और ज्ञान के 75 सालष को थीम पवेलियन में प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है, जिसमें 500 से अधिक किताबें हैं और 100 से अधिक थीम-आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मेले का उल्लेखनीय आकर्षण राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय रहा। यह एक डिजिटल लाइब्रेरी है जो 6,000 मुफ्त ई-बुक्स तक पहुंच प्रदान करती है, जो पारंपरिक पुस्तक संस्कृति को डिजिटल नवाचार के साथ मिलाती है।

# चुनाव आयोग की मेजबानी में राजधानी में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 21-23 जनवरी तक आयोजित होगा

**नई दिल्ली, वार्ताग**

■ 2026 में विश्वभर के 70 देशों के लगभग एक सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे

चुनाव आयोग के तत्वावधान में यहां बुधवार को शुरू हो रहे लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसी डीईएम-2026) में 70 देशों के लगभग एक सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान आयोग की ओर से विश्व के सबसे बड़े चुनाव, लोकसभा 2024 चुनावों के आयोजन पर प्रकाश डालने वाली वृत्तचित्र श्रृंखला 'इंडिया डिसाइड्स' को भी आईआईसीडीईएम-2026 के पहले दिन प्रदर्शित किया जाएगा। ईसीआई के अध्ययन एवं प्रशिक्षण संस्थान-भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान द्वारा राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित यह सम्मेलन 21-23 जनवरी तक चलेगा जो लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित अपनी तरह का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन बनने जा रहा है। चुनाव आयोग की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सम्मेलन में विश्व भर के 70 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 प्रतिनिधियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि, भारत में विदेशी मिशनों के प्रतिनिधि और चुनावी क्षेत्र के अकादमिक और व्यावहारिक विशेषज्ञ भाग लेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने सहयोगी चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी के साथ 21 जनवरी को उद्घाटन सत्र में प्रतिनिधियों का स्वागत करेंगे और कार्रवाई को हरी झंडी दिखाएंगे। सम्मेलन के दौरान चुनाव प्रबंधन निकाय (ईएमबी) के सामान्य और पूर्ण सत्र शामिल हैं, जिनमें उद्घाटन सत्र, चुनाव प्रबंधन निकाय के नेताओं का पूर्ण सत्र, चुनाव प्रबंधन निकाय के कार्य समूह की बैठकें, वैश्विक चुनावी मुद्दों, आदर्श अंतर्राष्ट्रीय चुनावी मानकों और चुनावी प्रक्रियाओं में नवाचारों और सर्वोत्तम प्रणालियों पर केंद्रित विषयगत सत्र शामिल हैं। इसमें भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के नेतृत्व में और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक विशेषज्ञों के सहयोग से गठित कुल 36 विषयगत समूह सम्मेलन के दौरान गहन विचार-विमर्श में योगदान देंगे।

# बगैर बयान दर्ज कराए लौटीं नेहा सिंह राठौर करीब दो घंटे थाने में रहीं

**लखनऊ।** लोकगायिका नेहा सिंह राठौर सोमवार को अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर के मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को दोबारा हजरतगंज कोतवाली पहुंचीं, लेकिन बिना बयान दर्ज कराए वापस लौट गईं। वह सुबह करीब 11 बजे थाने पहुंचीं और लगभग दो घंटे तक वहां मौजूद रहीं। बताया जा रहा है कि इस दौरान जांच अधिकारी से औपचारिक बातचीत तो हुई, लेकिन बयान की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। इसके पहले बीते 3 जनवरी को भी नेहा सिंह राठौर बयान दर्ज कराने के लिए हजरतगंज थाने गई थी, लेकिन उस वक्त शाम का समय होने की वजह से बयान नही दर्ज हो सका था। नेहा सिंह राठौर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार वह तय समय पर थाने पहुंची हैं और जांच में पूरा सहयोग करेंगी। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने उन्हें 19 जनवरी को सुबह 11 बजे जांच अधिकारी के सामने उपस्थित होने का आदेश दिया था, जिसका वह पालन करने आईं। इधर, हजरतगंज थाने के एसएचओ विक्रम सिंह ने अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए कहा कि वह पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन से जुड़ी वीआईपी ड्यूटी में हैं। इसी कारण नेहा के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...** में काफी दिलचस्प बहस भी हुई। तृणमूल कांग्रेस की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि सरनेम की स्पेलिंग जैसे गांगुली या दत्ता अलग होने जैसी छोटी बातों पर भी नोटिस थमाए जा रहे हैं, जिसका असली मकसद नाम काटना है। आपको बता दें कि इस लिस्ट में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का नाम भी शामिल है, जिसे लेकर काफी बवाल मचा था। बहस के दौरान एक मौका ऐसा भी आया जब चुनाव आयोग के वकील ने मां और बेटे के बीच सिर्फ 15 साल के उम्र के अंतर को गड़बड़ी बताया। इस पर जस्टिस बागची ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि 15 साल का अंतर कोई तार्किक गड़बड़ी कैसे हो सकता है? हमें नहीं भूलना चाहिए कि हम ऐसे देश में रहते हैं, जहां बाल विवाह आज भी एक कड़वी हकीकत है। जज ने साफ कहा कि एक करोड़ से ज्यादा लोगों को नोटिस भेजना छोटी बात नहीं है, आयोग को लोगों की परेशानी समझनी होगी। तृणमूल कांग्रेस ने इस फैसले को अपनी बड़ी जीत बताया है। ममता बनर्जी की सरकार शुरू से ही आरोप लगा रही थी कि यह प्रक्रिया वैध वोटर्स के नाम हटाने की एक साजिश है। कोर्ट के फैसले के बाद टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बीजेपी का खेल अब खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि जिन एक करोड़ नामों को काटने की तैयारी थी, वे अब बच गए हैं और सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक तरह से कड़ी फटकार लगाई है।

# आयकर विभाग ने मजदूर को भेजा सात करोड़ से अधिक का नोटिस

**हरदोई, वार्ता**

■ मजदूर के हाथ में नोटिस आया, तो उसके और परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में दिन भर मजदूरी कर दो वक्त की रोटी कमाने वाला एक शख्स को आयकर विभाग ने सात करोड़ रुपये से अधिक के कर बकाए का नोटिस भेजा है। मजदूर के हाथ में नोटिस आया, तो उसके और उसके परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। फिलहाल नोटिस को हाथ में लेकर अब गरीब मजदूर पूरे मामले में न्याय के लिए उच्च अधिकारियों से गुहार लगाने की तैयारी में है। जिससे उसके साथ इंसाफ हो सके और जो लोग दोषी है उनको सजा मिल सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के माधौगंज थाना क्षेत्र के रुदामऊ गांव निवासी मजदूर गोविंद कुमार को आयकर विभाग ने 7 करोड़ 15 लाख 92 हजार 786 रुपये का नोटिस थमा दिया जबकि उसके घर में खाने के लिए महीने भर का अनाज तक नहीं है। आज उसके सामने आयकर विभाग की करोड़ों की देनदारी हो गई है। नोटिस मिलने के बाद से परिवार सदमे में है । पत्नी सोनी देवी, बुजुर्ग माता-पिता की आंखों में यही सवाल है कि आखिर एक मजदूर के पास इतने करोड़ रुपये जमा करने के लिए आए तो कहां से आए। दरअसल इस कहानी की जड़ें करीब छह साल पुरानी हैं।जब काम की तलाश में गोविद कानपुर गया था। वहीं गरीबी का फायदा उठाकर उसे सरकारी मदद दिलाने का झांसा दिया गया। एक महिला उसे सीतापुर के बिसवां ले गई,जहां एचडीएफसी बैंक में उसके नाम से खाता खुलवाया गया। बदले में गो. विद को मिले सिर्फ दो-तीन हजार रुपये लेकिन उससे उसकी पासबुक और चेक. बुक ले ली गई।आशंका है कि इसी खाते के जरिए जालसाजों ने फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों का लेन-देन किया और गरीब मजदूर को मोहरा बना दिया। जब आयकर विभाग की टीम गांव पहुंची,और पुराने नोटिस व बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी दी, तो गोविद के होश उड़ गए। गोविद का बड़ा भाई कस्बे में ठेला लगाता है,छोटा भाई मजदूरी करता है।पूरा परिवार आज सिस्टम की एक बड़ी खामी का शिकार है। फिलहाल अब गोविन्द पूरे मामले में खुद को बेगुनाह साबित करने और दोषी लोगों पर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों के पास गुहार लगाने की तैयारी में है लेकिन सवाल यह है इतने बड़े ट्रांजेक्शन पर बैंक की निगरानी कहां थी और उन जालसाजों पर कार्रवाई क्या होगी जिन्होंने एक गरीब की मजबूरी को हथियार बना लिया।

### यूपी में आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में दाखिले के लिए दो फरवरी से आवेदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर नि:शुल्क दाखिले की प्रक्रिया को लेकर शासन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक (समग्र शिक्षा) कार्यालय ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-1/पूर्व-प्राथमिक में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रवेश प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होगी, जिसमें आवेदन, सत्यापन, लॉटरी और दाखिले की अंतिम तिथि तय की गई है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा मोनिका रानी के स्तर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक पहले चरण में ऑनलाइन आवेदन 2 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। इसी अवधि में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/नामित अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों की जांच व सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 18 फरवरी को ऑनलाइन लॉटरी के जरिए चयन होगा, जबकि चयनित बच्चों को संबंधित निजी विद्यालयों में 20 फरवरी 2026 तक दाखिला दिलाया जाएगा। दूसरे चरण में आवेदन की तारीख 21 फरवरी से 07 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इस चरण में 09 मार्च 2026 को लॉटरी निकाली जाएगी और विद्यालयों को 11 मार्च 2026 तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### अलग-अलग हेल्पलाइन से छुटकारा

# 112 बनेगा एकमात्र आपात नंबर: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी में आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी, त्वरित और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। अब दिल्ली में किसी भी प्रकार की आपदा या आपात स्थिति में अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर डायल नहीं करने पड़ेंगे। किसी भी तरह की आपात स्थिति में सिर्फ 112 डायल करने पर तेजी से मदद पहुंचेगी।

इसकी शुरुआत इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम (ईआरएसएस) 2.0 के तहत की गई है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को संकट की घड़ी में अलग-अलग नंबर याद रखने की परेशानी से मुक्त करना और उन्हें तेजी से सहायता उपलब्ध कराना है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में पुलिस (100), अग्निशमन सेवा (101), एंबुलेंस/स्वास्थ्य सेवा (108), महिला सहायता (181), बाल सहायता (1098), गैस रिसाव (1906), बिजली आपूर्ति (19123), जल आपूर्ति (1916), दिल्ली मेट्रो (155370) और आपदा प्रबंधन/राहत सेवाओं (1077) सहित कई आपात सेवाओं के लिए अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर इस्तेमाल किए जाते हैं।

इसकी वजह से संकट की स्थिति में आम नागरिकों को भ्रम और देरी का सामना करना पड़ता है। ईआरएसएस 2.0 के तहत हर तरह की आपात स्थितियों में अब अलग-अलग नंबर पर कॉल करने की जरूरत नहीं होगी। केवल 112 पर कॉल करके हर तरह की मदद मांगी जा सकेगी।

मुख्यमंत्री के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से 112 को राष्ट्रीय आपातकालीन नंबर घोषित किया गया है। इसी के मद्देनजर दिल्ली भी इसे लागू करने का काम करने जा रही है। उन्होंने बताया कि ईआरएसएस 2.0 एक आधुनिक यूनिफाइड सिग्नल हैंडलिंग सिस्टम है, जिसमें सभी इमरजेंसी कॉल, मोबाइल ऐप इमरजेंसी, पैनिक बटन, एसएमएस और वेब अलर्ट एक ही पब्लिक सेफ्टी आंसरिंग पॉइंट (PSAP) पर प्राप्त होंगे। यहां से जिस भी तरह की इमरजेंसी होगी उसके आधार पर पुलिस, फायर, एम्बुलेंस और आपदा प्रबंधन सेवाओं को एक साथ अलर्ट किया जा सकेगा।

इस प्रणाली में 112 पर सिर्फ कॉल ही नहीं, बल्कि मोबाइल ऐप, इमरजेंसी बटन, एसएमएस और ऑनलाइन माध्यम से भी सहायता मांगी जा सकती है यानी अगर कोई नागरिक आपात स्थिति में बोलने की स्थिति में नहीं है, तब भी वह आसानी से मदद का संकेत भेज सकता है। उन्होंने बताया कि ईआरएसएस 2.0 की सबसे बड़ी खासियत यह है कि कॉल या इमरजेंसी का पता चलते ही ही सिस्टम अपने आप कॉल करने वाले की लोकेशन पहचान लेगा।

## लिव इन में रह रहे युवक ने की सुसाइड

**नई दिल्ली।** खजुरी खास थाना क्षेत्र में लिव इन में रह रहे एक युवक ने फंदे के सहारे लटककर सुसाइड कर ली, युवक के परिजन इसको हत्या बताकर जांच की मांग कर रहे है, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान खालिद (22) के रूप में हुई है वह सिलाई का काम करता था और अपने माता-पिता और दो भाइयों के साथ मकान न-318, सी ब्लॉक, गली न- 6 श्री राम कॉलोनी खजुरी में रहता था फिलहाल 17 दिसंबर से वह एक युवती के साथ श्रीराम कॉलोनी में ही किराये पर रह रहा था। मृतक के पिता बादशाह ने बताया की शाम खालिद के मोबाईल से खालिद की दोस्त युवती ने फोन करके बताया की खालिद ने सुसाइड कर ली है, जब परिवार मौके पर पहुंचा तब खालिद का शव जमीन पर पड़ा हुआ था, खालिद ने पंखे के हुक से कपडे की कत्तर से लटककर सुसाइड की है।

# जीएसटी कर्मचारी ने मांगी थी बीस लाख की रंगदारी, धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में स्क्रैप कारोबारी से बीस लाख रुपये की फिरौती मांगने की वारदात में शामिल तीन बदमाशों को चिराग महेंद्रू, आशुतोष कुमार पांडे और अंकित मिश्रा के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुख्य आरोपी चिराग जीएसटी का काम करता है। पीड़ित भी इसी काम के लिये उसके संपर्क में आया था। चिराग ने उसकी इन्कम को देखकर अपने दो साथियों के साथ योजना बनाई और मोटी रकम आने के सपने दिखाए थे। योजना को अंजाम देने के लिये पहले एक मोबाइल फोन खरीदा और फर्जी तरीके से सिमकार्ड, फिर लोकेशन में पुलिस को धोखा देने के लिये चलती कार से पीडिघ्त से रंगदारी के लिये फोन करना शुरू किया था। मुख्य आरोपी ने पिछले कुछ समय में दिल्ली में हुई रंगदारी की वारदातों को देखकर ही प्लान बनाया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर एक स्थानीय बिजनेसमैन को पश्चिम विहार-स्टाइल शूटआउट की धमकी दी थी, मगर 20 लाख की फिरौती नहीं दी गई। बीते वीरवार रात साढ़े दस बजे रोहिणी सेक्टर-11 में रहने वाले स्क्रैप डीलर राजेश कुमार को अंजान नंबर से फोन आया था। कॉलर ने बीस लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी, नहीं देने पर गंभीर परिणाम भूगतने की चेतावनी भी दी थी।

ाकायतकर्ता से यह भी पता चला कि कॉलर ने उसको जान से मारने और पश्चिम विहार की हालिया जिम पर फायरिंग की भी बात बताई थी। शिकायतकर्ता ने जब कॉलर को बताया कि वह दिल का मरीज है, उसके बावजूद कॉलर ने धमकी देनी जारी रखी। कॉलर ने बोला कि वह रुपये लेने के लिये खुद ही आएगा। सदमे में और डर के मारे अपने घर में बंद कर लिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। एसएचओ राजेश मलिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता से फोन नंबर की डिटेल ली। उसके पूर्व कर्मचारियों आदि की डिटेल लेकर उनके भी फोन नंबर की जांच की। जांच में पता चला कि उसी हैंडसेट का इस्तेमाल दो अन्य नंबरों के साथ भी किया गया था, जिनमें से दोनों पुलिस से बचने के लिए बंद कर दिए गए थे। टेक्निकल जांच से पता चला कि नंबर रोहिणी के भूपिंदर सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड था। लगातार ग्राउंड इंटेलिजेंस और लाइव लोकेशन ट्रैकिंग के जरिए, टीम ने संदिग्धों के एक्टिव सिग्नल को ट्रैक किया और सटीक रेड डालकर तीनों आरोपियों को उनके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में चिराग महेंद्रू मुख्य आरोपी है, वह पहले एक कैफे में काम करता था।

# नंदू गैंग के बदमाश को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कपिल सांगवान / नंदू गैंग के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। वह हत्या के एक मामले और आर्म्स एक्ट के दो मामलों में वांछित है।

दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल पुलिस उपायुक्त अमित कौशिक ने बताया को 04.फरवरी.2024 को अंकित मिश्रा और. जितेंद्र राजपूत को पकडकर उनके पास से 12 पिस्टल बरामद की गई।पूछताछ के दौरान, गिरफ्तार आरोपियों जितेंद्र और अंकित ने बताया कि वे दिल्ली में मनोज राठी (33)और उसके साथियों को अवैध पिस्टल सप्लाई करने आए थे। जांच के दौरान, आरा.पी मनोज राठी की तलाश की गई लेकिन उस समय उसका पता नहीं चल सका। विश्वसनीय इनपुट और सूत्रों से पता चला था कि मनोज राठी देश छोड़कर किसी दूसरे देश भाग गया है। इसलिए, 05.मार्च.24 को पटियाला हाउस कोर्ट, से आरोपी मनोज राठी के खिलाफ ओपन डेटेड एनबीडब्ल्यू जारी किया गया और उसका एलओ सी भी खुलवाया गया।

इसके बाद 09.जनवरी को, एसीपी राहुल विक्रम की देखरेख में, इंस्पेक्टर सतीश राणा और अशोक के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान पता चला कि स्पेशल सेल के मामले के अलावा, वह नजफगढ़ के हत्या के एक मामले और आर्म्स एक्ट के दो मामलों में वांछित है। आरोपी को बाबा हरिदास नगर थाने के आर्म्स एक्ट मामले में उद्घोषित अपराधी (पीओ) घोषित किया गया था।पुलिस ने बताया किआरोपी मनोज राठी, ने 2017 में, मर्चेंट नेवी की नौकरी छोड़ दी और हरियाणा के बहादुरगढ़ में अपने चचेरे भाइयों के साथ प्रॉपर्टी डीलर के तौर पर काम करना शुरू कर दिया।2019 में, वह कपिल सांगवान/नंदू के संपर्क में आया और उसके गैंग के लिए अपराध करना शुरू कर दिया। 2021 में, उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कपिल सांगवान / नंदू के निर्देश पर नजफगढ़ इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर की हत्या कर दी। वह लगभग तीन साल जेल में रहा और जमानत पर बाहर आ गया। इस मामले में जमानत मिलने के बाद, उसनेएमपी और यूपी में रहने वाले सप्लायरों से अपने गैंग के लिए अवैध हथियार जुटाना शुरू कर दिया।

## दो कुख्यात ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस के सीलमपुर थाने की टीम ने दो कुख्यात ऑटो-लिफ्टरों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से छह चोरी के वाहन बरामद किए है।।

दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 18.जनवरी को, एसएचओ सीलमपुर की देखरेख में हेड कांस्टेबल रॉकी, मनीष, नवनीश और कांस्टेबल नरेंद्र की टीम को इलाके में ऑटो-लिफ्टरों की मौजूदगी के बारे में खास जानकारी मिली। इनपुट पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, टीम ने ष्पानी की टंकी, गौतमपुरीष के पास एक बाइक पर सवार दो लोगों को रोका। पूछताछ करने पर, वे वाहन के मालिकाना हक से जुड़े कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए।विस्तृत जांच करने पर, बाइक न्यू उस्मानपुर थाने के इलाके से चोरी की पाई गई। पुलिस ने पकड़े गए लोगों की पहचान साहिल (24 )और रिजवान (23), के रूप में की है। इसके अनुसार, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने मौजूदा अपराध में अपनी संलिप्तता कबूल की और अन्य मामलों में भी अपनी संलिप्तता का खुलासा किया। उनकी निशानदेही पर पांच और चोरी के वाहन बरामद किए गए है।पुलिस ने बताया कि आरोपी साहिल चोरी और आर्म्स एक्ट से जुड़े दस जबकि आरोपी रिजवान चोरी और झपटमारी से जुड़े छह मामलों में शामिल है।

## सोमवार की सुबह दिल्ली में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** सोमवार की सुबह दिल्ली में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे हड़कंप मच गया। यह घटना सुबह 8 बजकर 44 मिनट पर हुई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.8 मापी गई। भूकंप का केद्र उत्तरी दिल्ली में धरती से 5 किलोमीटर की गहराई में था। वहीं, हरियाणा के सोनीपत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप के कारण अब तक किसी तरह से जान-माल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। भूकंप के झटके हल्के थे, किसी बड़े नुकसान की कोई खबर नहीं है, लेकिन अचानक आए इन झटकों ने लोगों को कुछ पलों के लिए आशंकित कर दिया। कई लोगों ने अपने घरों और कार्यालयों में कंपन महसूस किय।

## एक नजर

### अस्पताल के संचालन से पहले देखी भर्ती प्रक्रिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पार्क हॉस्पिटल ग्रुप ने पंचकुला में अपने 350 बिस्तरों वाले पार्क सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के संचालन से पहले, इस क्षेत्र में किसी नए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए अब तक की सबसे बड़ी भर्ती प्रक्रिया देखी। पार्क मेडि वर्ल्ड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. अंकित गुप्ता ने कहा, पंचकुला में भर्ती अभियान को मिली प्रतिक्रिया इस बात की पुख्ता पुष्टि करती है कि स्वास्थ्य सेवा पेशेवर हमारे उस दृष्टिकोण पर कितना भरोसा करते हैं जिसके तहत हम नैदानिक उत्कृष्टता, सुदृढ़ प्रशासन और लगातार बेहतर रोगी परिणामों पर आधारित भविष्य के लिए तैयार संस्थान बना रहे हैं। जैसे-जैसे हम अपना विस्तार कर रहे हैं, हमारा ध्यान उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा विशेषज्ञों को आकर्षित करने और एकीकृत, सुलभ स्वास्थ्य सेवा मंच बनाने पर केंद्रित है जो देखभाल के मानकों को ऊंचा उठाते हुए पूरे क्षेत्र के समुदायों की बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं।"

### दिल्ली कैपिटल की वुमंस टीम का ब्रेकफास्ट पार्टनर बना हार्वेस्ट गोल्ड

**नई दिल्ली।** हार्वेस्ट गोल्ड, दिल्ली एनसीआर का नंबर रु.1 ब्रेड ब्रांड, जो दुनिया की सबसे बड़ी बेक्ड फूड कंपनी ग्रुपो बिंबो का हिस्सा है, 2026 में दिल्ली कैपिटल्स की वुमंस टीम का ऑफिशियल ब्रेकफास्ट पार्टनर बन गया है। इस साझेदारी के तहत, हार्वेस्ट गोल्ड का लक्ष्य महिला क्रिकेट की भावना का जश्न मनाना और साथ ही उपभोक्ताओं के साथ ऑन-ग्राउंड, ऑन-पैक और डिजिटल पहलों के माध्यम से गहरा जुड़ाव बनाना है। हार्वेस्ट गोल्ड चुनिंदा हीरो एसकेयू पर दिल्ली कैपिटल्स की ब्रांडिंग दिखाएगा, जिसमें इसकी लोकप्रिय ब्रेड रेंज, बर्गर बन, पाव और स्वीट बेकड गुड्स शामिल हैं, जो लीग के उत्साह को सीधे उपभोक्ताओं के घरों तक पहुंचाएंगे। सुनील गुप्ता, सीईओ, दिल्ली कैपिटल्स ने कहा, हमें खुशी है कि 2026 सीजन के लिए हार्वेस्ट गोल्ड हमारा ऑफिशियल ब्रेकफास्ट पार्टनर बना है। दिल्ली कैपिटल्स और हार्वेस्ट गोल्ड दोनों ही दिल्ली-एनसीआर के घरों में काफी मशहूर हैं।

### वित्तीय सुरक्षा की नींव टर्म इंश्योरेंस

**नई दिल्ली।** तेजी से विकसित हो रही भारतीय अर्थव्यवस्था में टर्म लाइफ इंश्योरेंस परिवार की आर्थिक सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक बन गया है। यदि परिवार के कमाने वाले सदस्य के साथ कोई अनहोनी हो जाती है या असमय मृत्यु हो जाती है, तो टर्म इंश्योरेंस पीछे छूटे परिजनों को वित्तीय संबल प्रदान करता है। यह सहायता रोजमर्रा के खर्च, कर्ज चुकाने और बच्चों की शिक्षा जैसी जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाती है। सही टर्म प्लान चुनते समय वार्षिक आय, कर्ज, भविष्य की जिम्मेदारियों और महंगाई को ध्यान में रखना जरूरी है। सामान्यत: वार्षिक आय का 10 से 15 गुना कवर उपयुक्त माना जाता है। बीमा अवधि भी आमतौर पर 60-65 वर्ष की आयु तक रखनी चाहिए।

### लाइव टाइम्स ने बढ़ाई अपनी वैश्विक उपस्थिति

**नई दिल्ली।** भारत के पहले ग्लोबल मल्टीकास्ट न्यूज हब, लाइव टाइम्स, ने आज उत्तरी अमेरिका में लॉन्च के साथ ही अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति बढ़ाने की घोषणा की है। चैनल अब संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में यूवीओटीवी के माध्यम से उपलब्ध होगा। यूवीओटीवी एक फास्ट प्लेटफॉर्म है जो दुनियाभर में रह रहे प्रवासी दर्शकों को सेवा प्रदान करता है। इस बारे में, लाइव टाइम्स के संस्थापक दिलीप सिंह ने कहा, 'लाइव टाइम्स की स्थापना एक खास लक्ष्य के साथ हुई थी: दुनिया के सामने भारत की बात को मजबूती से रखना और सच्ची खबरें पहुँचाना। अमेरिका और कनाडा में हमारा विस्तार इसी लक्ष्य का हिस्सा है, जिससे हम वहां रहने वाले भारतीयों से बेहतर तरीके से जुड़ सकेंगे। यूवीओटीवी के संस्थापक और सीईओ लियोनेल ड्रेशाज ने कहा, यूवीओटीवी को लाइव टाइम्स का प्लेटफॉर्म पर स्वागत करते हुए गर्व है, क्योंकि हमने उत्तरी अमेरिका में प्रवासी दर्शकों के लिए विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय समाचारों तक पहुंच का विस्तार जारी रखा है।

### वर्ल्डमार्क मोटरफेस्ट 2.0 24 व 25 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रुकफील्ड प्रॉपर्टीज 24 और 25 जनवरी, 2026 को वर्ल्डमार्क, गुरुग्राम में भारत के सबसे बड़े मोटरस्पोर्ट्स लाइफस्टाइल फेस्टिवल मोटरफेस्ट 2.0 की मेजबानी करने जा रहा है। स्ट्राडा मोटरस्पोर्ट्स के साथ साझेदारी में आयोजित यह फेस्टिवल हाई-ऑक्टेन मोटरस्पोर्ट्स और प्रीमियम लाइफस्टाइल अनुभवों का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा।

दो दिवसीय इस आयोजन में लाइव ड्रिफ्टिंग परफॉर्मेंस, सुपरकार, विंटेज और मॉडिफाइड कार शोकेस, रेसिंग सिम्युलेटर, गो-कार्टिंग, आरसी कार रेसिंग, रेव्व बैटल्स, कार फैशन शो, ऑटोमोबाइल मर्चेंडाइज जोन और क्यूरेटेड आफ्टर-पार्टी अनुभव शामिल होंगे।

## धोखाधड़ी का मामला सुलझा, पकड़ा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के मुखर्जी नगर थाने की टीम ने धोखाधड़ी का मामला सुलझाकर एक धोखेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से डेबिट कार्ड बदलकर खरीदे गए सामान जैसे वॉशिंग मशीन, ऑयल हीटर, इलेक्ट्रिक प्रेस और एयर प्यूरीफायर बरामद किए है। इसके अलावा उसकी निशानदेही पर 61 डेबिट/क्रेडिट कार्ड और बाइक की 03 नकली नंबर प्लेट भी बरामद की है।

दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि मुखर्जी नगर थाने के तहत एक शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि 03 जनवरी को दोपहर लगभग 1:30 बजे, वह पैसे निकालने के लिए एटीएम गया, लेकिन कुछ तकनीकी समस्या के कारण ऐसा नहीं कर पाया। इसी बीच, एक अनजान व्यक्ति उसके पास आया और समस्या की जांच करने के बहाने उनका डेबिट कार्ड मांगा, जिसके बाद यह कहते हुए कार्ड वापस कर दिया गया कि इसमें तकनीकी खराबी है।अपराध की गंभीरता को देखते हुए एसीपी मॉडल टाउन सुरेश चंदर की देखरेख में एसएचओ मुखर्जी नगर राजीव शाह के नेतृत्व टीम ने शिकायत की विस्तार से जांच की और स्थानीय जानकारी इकट्ठा करने के लिए सूत्रों को तैनात किया। शिकायतकर्ता के डेबिट कार्ड से 20,000/- निकालने और उसके बाद विजय सेल्स, मॉडल टाउन में वॉशिंग मशीन, ऑयल हीटर, वन-प्लस ईयर-बड्स, इलेक्ट्रिक प्रेस, एयर प्यूरीफायर आदि सामान खरीदने के लिए कार्ड स्वैप करने के बारे में मिली जानकारी के आधार पर,, टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया जिसकी पहचान मोहम्मद करीम (39) के रूप में हुई।

# आईटीबीपी के नए महानिदेशक शत्रुजीत कपूर बने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शत्रुजीत कपूर, आईपीएस (हरियाणा 1990) ने शुक्रवार को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के महा.निदेशक का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने यह पदभार प्रवीण कुमार से ग्रहण किया, जिन्हें सीमा सुरक्षा बल का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर आई.टी.बी.पी. मुख्यालय में आयोजित एक औपचारिक समारोह के दौरान बैटन का विधिवत हस्तांतरण किया गया। इस विशिष्ट बल में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व शत्रुजीत कपूर ने अपने मूल कैडर हरियाणा में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। इनमें पुलिस महानिदेशक एवं राज्य पुलिस बल के प्रमुख राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिद.शक, हरियाणा की दो विद्युत वितरण कंपनियों (यूएचबीवीएन व डीएचबीवीएन)के अध्यक्ष- सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी)सीआईडी प्रमुख तथा राज्य अपराध शाखा के प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण दायित्व शामिल हैं। अपने 35 वर्षों के गौरवपूर्ण सेवाक.ाल के दौरान उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशन (कोसोवो) तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में भी अनेक महत्त्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है।

# प्लास्टिक नियम तोड़ने पर कंपनियों को नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक को लेकर सख्त कदम उठाए गए हैं। दिल्ली में 19 तरह के सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध है और बिना प्रमाणित बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक बेचना गैरकानूनी है।

ऐसे में नियमों का उल्लंघन करने पर 85 कंपनियों को शो कॉज नोटिस जारी किए गए हैं। यह खुलासा दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सौंपी अपनी रिपोर्ट में किया है। इसमें बताया गया है कि प्लास्टिक कचरे के सही निपटान को लेकर उठ रहे सवालों के बीच दिल्ली सरकार गंभीर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा 2022 में लागू किए गए एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी (ईपीआर) नियमों के तहत प्लास्टिक बनाने वाली कंपनियों, आयातकों और ब्रांड मालि.कों को अपने प्लास्टिक कचरे की जिम्मेदारी खुद उठानी होती है। इसी तरह, प्लास्टिक कचरे को प्रोसेस करने वालों के लिए भी रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। दिल्ली सरकार का दावा है कि इन नियमों से प्लास्टिक कचरे पर बेहतर नियंत्रण संभव हुआ है।

यह हलफनामा एक मीडिया रिपोर्ट के जवाब में दिया गया है, जिसमें यह दावा किया गया था कि राजधानी में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा गायब हो रहा है।

# चोरी की संपत्ति खरीदने वाले को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहद.रा जिला पुलिस के जगतपुरी थाने की टीम ने रॉबर और चोरी की संपत्ति खरीदने वाले को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से चार मोबा.इल और एक चोरी की स्कूटी बरामद की है।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि एक शिकायतकर्ता ने जगतपुरी थाने के तहत एक मामला दर्ज किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष टीम बनाई गई। मुखबिर से विशेष सूचना मिली कि लाल रंग की स्कूटी पर कई स्नैचिंग करने वाले एक व्यक्ति की पहचान आकिब के रूप में हुई है। इसके बाद, एएसआई योगिंदर अभिमन्यु और हेड कांस्टेबल वीरेंद्र की टीम ने छापा मारकर आरोपी आकिब को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने मुजम्मिल के साथ मिलकर आनंद विहार, से एक लाल रंग की स्कूटी चुराई थी और उसका इस्तेमाल दिल्ली में कई स्नैचिंग, लूट और अन्य चोरियों को अंजाम देने के लिए किया था। आरा.पी आकिब के खुलासे पर, चोरी की संपत्ति खरीदने वाले समीद को भी पकड़ कर दो मोबाइल फोन बरामद किए है। साथ ही, सह-आरोपी मुजम्मिल को गिरफ्तार करने के लिए छापे मारे जा रहे हैं।

# उत्तर-दक्षिण संगीत श्रृंखला के 15वें सत्र में संगीतकारों ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रस्तुत एवं विविध आर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट तथा पायनियर आर्ट्स एजुक.शन सोसाइटी के संयुक्त आयोजन में आयोजित उत्तरख्रदक्षिण संगीत श्रृंखला के 15वें सत्र का यह संगीत-संध्या शास्त्रीय संगीत की उत्कृष्टता और सांस्कृतिक समन्वय का एक स्मरणीय उदाहरण रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रायोजक संस्थाओं के वरिष्ठ प्रबंधन तथा आयोजक संस्थाओं के विशिष्ट प्रति.निधियों की उपस्थिति में हुआ। इस विशेष संध्या में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एवं ग्रैमी पुरस्कार विजेता पं. राकेश चौरसिया तथा प्रख्यात वायलिन वादक विद्वान गणेश राजगोपालन ने पहले एकल प्रस्तुतियाँ दीं, जिसके बाद दोनों ने एक अद्भुत जुगलबंदी प्रस्तुत की। पं. राकेश चौरसिया ने राग भूपाली में एकल बाँसुरी वादन से संध्या का आरंभ किया, जिसमें नौ मात्रा की ताल संरचना के साथ प्रस्तुति दी गई, तत्पश्चात तीनताल में द्रुत गत ने वातावरण को ऊर्जा से भर दिया।





इसके बाद विद्वान गणेश राजगा.पालन ने वायलिन पर राग नलिनकांति से शुरुआत करते हुए राग धर्मावती की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसकी सूक्ष्मता और सौंदर्य ने श्रोताओं का मन मोह लिया। संध्या का शिखर क्षण दोनों कलाकारों की जुगलबंदी रही, जिसमें राग हमसध्वनि की प्रस्तुति के दौरान किसी प्रकार का प्रतिस्पर्धात्मक भाव नहीं, बल्कि शुद्ध संगीत संवाद और आपसी सम्मान स्पष्ट रूप से झलकता रहा। ताल संगति में मृदंगम पर विद्वान सतीश पत्री तथा तबले पर सत्यजीत तलवलकर और वी. नरहरी ने प्रस्तुति को गहराई और सुदृढ़ता प्रदान की। यह कार्यक्रम ओएनजीसी के सहयोग से भी संपन्न हुआ, और इस अवसर पर ओएनजीसी के निदेशक पंकज कुमार ने कलाकारों और आयोज.कों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ एवं सराहना व्यक्त की।

# 'नीम टीम' के सदस्य की पुस्तक का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीडीए एलआईजी फ्लैट्स, ईस्ट लोनी रोड, में नवयुग चेतना काव्य मंच (मेरठ, उ.प्र.) के तत्वावधान में साहित्यकार और ष्नीम टीमष के सदस्य गौरव दत्त की प्रथम पुस्तक "गौरव के एहसास" के विमा.चन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन साहित्य, संवेदना और जीवन-दर्शन का एक सार्थक संगम रहा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य अनमोल जी (वरिष्ठ साहित्यकार) एवं श्री प्रकाश चंद्र बंसल जी (वरिष्ठ कवि) की गरिमामयी उपस्थिति रही। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप मेंश्रीमती पुनीता सिंह जी (वरिष्ठ कवयित्री), अभिषेक गुप्ता (एडिशनल डीसीपी) तथा श्रीमती रीना महेश्वरी (निगम पार्षद) ने समारोह की शोभा बढ़ाई और लेखक को शुभकामनाएं प्रदान कीं।

कार्यक्रम का सधा हुआ एवं प्रभावशाली संचालन डॉ. सरिता गुप्ता जी (वरिष्ठ कवयित्री) द्वारा किया गया। उनके कुशल संचालन से कार्यक्रम पूरे समय आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी साहित्य प्रेमियों से अत्यंत स्नेह और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त हुई। इसके आयोजक श्रीमती नीता त्रिवेदी एवं सौरभ शर्मा रहे, जिनके समर्पित प्रयासों से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

अंत में सभी ने मां सरस्वती से यही कामना की कि उनकी कृपा यूँ ही बनी रहे और साहित्यिक चेतना निरंतर प्रगाढ़ होती रहे।

## गणतंत्र दिवस पर दी जा रही लुभावनी ऑफर्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर ताइवान की टेक कंपनी, एसुस अपने लैपटॉप्स की पूरी रेंज पर खास ऑफर्स लेकर आई है। रिपब्लिक डे सेल के तहत ग्राहकों को एसुस के एडवांस लैपटॉप्स के साथ अपना डिजिटल अनुभव बेहतर बनाने का बेहतरीन मौका मिलेगा, जिनमें हाई-परफॉर्मेंस गेमिंग लैपटॉप्स से लेकर हल्के और स्टाइलिश प्रोडक्टिविटी डिवाइसेस शामिल हैं। ये ऑफर्स एसुस की लोकप्रिय सीरीज, जैसे- आरओजी, टीयूएफ, विवोबुक और जेनबुक पर उपलब्ध हैं।

फेस्टिव डिस्काउंट्स के अलावा, एसुस ग्राहक चुनिंदा मॉडल्स पर आकर्षक बैंक और कार्ड फाइनेंस ऑफर्स का भी लाभ उठा सकते हैं। इनमें नो कॉस्ट ईएमआई, लो-कॉस्ट ईएमआई और आईबीडी जैसे विकल्प शामिल हैं।

# फ्लोटिंग इकोज नामक सोलो कला प्रदर्शनी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कलाकार दीपाली ग्रोवर की फ्लोटिंग इकोज नामक सोलो कला प्रदर्शनी का आयोजन कन्वेंशन फोयर, इंडिया हैबिटैट सेंटर, नई दिल्ली में 16 जनवरी से 20 जनवरी तक, किया जा रहा है ,यह प्रदर्शनी अमूर्तता और अतियथार्थ के बीच बहती हुई ऐसी कृतियों को प्रस्तुत करती है, जिनमें अनुभूतियाँ और भावनात्मक प्रतिध्व.नियाँ स्पष्ट रूप से महसूस की जा सकती हैं। यहाँ कलाकार की मंशा और दर्शक के अनुभव के बीच की सीमाएँ सहज रूप से धुंधली हो जाती हैं।कलाकार दीपाली ग्रा.वर की कला-प्रक्रिया प्रकृति और दैनिक जीवन के सूक्ष्म अवलोकन से जन्म लेती है। उनकी कृतियाँ प्राय: बिना किसी पूर्व योजना के आरंभ होती हैं और परत दर परत विकसित होती हैं।

रफल्ड पेपर से लेकर छोटे और बड़े कैनवस पर बनी रचनाएँ रूप और संवेदना के बीच संवाद रचती हैं। फ्लोटिंग इकोज के माध्यम से दीपाली ग्रोवर दर्शकों को कल्पना और अंतर्ज्ञान की उस यात्रा पर आमंत्रित करती हैं, जहाँ अस्तित्व निरंतर आकार लेता और बदलता रहता है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415



# युवा वकीलों के लिए निर्धारित कराएंगे मानदेयः शाहनवाज राणा



## पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वकीलों की समस्याओं के लिए करें मतदानः राजकुमार

## गाजियाबाद से प्रथम वरीयता के सबसे अधिक मिलेंगे मतः अब्दुल्ला






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव में अपने प्रचार अभियान को बढ़ाते हुए पूर्व विधायक, पूर्व उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश बार काउंसिल एडवोकेट शाहनवाज राणा स्थानीय वेस्ट व्यू होटल में वरिष्ठ अधिवक्तागणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें गाजियाबाद के युवा, वरिष्ठ वकीलों का हुजूम उमड़ा और सभी ने एक स्वर में एडवोकेट शाहनवाज राणा को प्रथम वरीयता मत देकर जिताने का प्रण लिया। अपने संबोधन में शाहनवाज राणा ने कहा कि वह अधिवक्ताओं की लड़ाई पिछले काफी समय से लड़ रहे हैं। पूर्व में जब उन्हें उपाध्यक्ष बनने का मौका मिला था तब भी उन्होंने अधिवक्ताओं के लिये दी जाने वाली राशि 50 हजार से बढ़ाकर पांच लाख कराई थी। जो आज भी वही है। अगर इस बार पुनः मौका मिलता है तो वह इस राशि को बढ़वाने का काम करेंगे। साथ ही युवा वकीलों के लिये उन्होंने प्रेक्टिस के प्रथम पांच वर्षों के लिये मानदेय निर्धारित कराने का भी वायदा किया। वकीलों के हित में पिछले कार्यकाल में उन्होंने जो वादे किये थे उनके बारे में भी चर्चा की।

वरिष्ठ अधिवक्ता अयूब अली ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि शाहनवाज राणा जी के अंदर वकीलों की सेवा करने का जज्बा है। इसलिये उन्हें प्रथम वरीयता का वोट देकर विजय बनाएं। वहीं पांच बार के उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा कि जाति बंधनों से ऊपर उठकर पश्चिम उत्तर प्रदेश के अपने मजबूत भाई शाहनवाज राणा को जिताकर कामयाब करें ताकि वह उनकी समस्याओं को उठाकर उनके निदान के लिये प्रयास कर सकें। अब्दुल्ला एडवोकेट ने श्री राणा को आश्वस्त किया कि गाजियाबाद से उन्हें प्रथम वरीयता के वोट पूरे प्रदेश के जिलों में सबसे अधिक मिलेंगे। वहीं योगेश वर्मा ने भी उन्हें जिताने की अपील की।

वरिष्ठ अधिवक्ता एवं शाह टाइम्स के लीगल एडवाइजर वीरेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि श्री राणा अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पिछले दशक से खड़े हुए हैं और वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बहुत मजबूत प्रत्याशी हैं इसलिये इलाहाबाद तक अपनी पकड़ मजबूत करने के लिये उनका साथ दें। इस अवसर पर सैकड़ों अधिवक्तागण मौजूद रहे जिन्होंने श्री राणा को अपना आशीर्वाद व समर्थन देकर जिताने का वायदा किया।

# नेशनल साइंस सेंटर में बीपीएम स्कूल के विद्यार्थियों को मिला प्रेरणादायक अनुभव

- **अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से हुई विशेष मुलाकात**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बी.पी.एम स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक अत्यंत गौरवपूर्ण और यादगार दिन रहा, जब उन्हें नेशनल साइंस सेंटर में भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। इस विशेष मुलाकात ने बच्चों के मन में विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति नई जिज्ञासा और उत्साह भर दिया।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े कई प्रश्न पूछे और उनके उत्तर जानकर अत्यंत प्रसन्न हुए। इस अवसर पर बी.पी.एम स्कूल के कक्षा 11 के विद्यार्थी नमन, शोर्या, वाशु, अतुल, प्रिंस, दीपांशु, अक्षरा, कर्णिका, साक्षी, खुशी, शिफा, ईशा, यश, आक. ांश, निखिल एवं अर्श (Arsh) द्वारा बनाई गई एक सुंदर पेंटिंग अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को भेंट स्वरूप प्रदान की गई, जिसे देखकर उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता और प्रतिभा की सराहना की। शुभांशु शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रेरणादायक मुलाकात से बी.पी. एम स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं विद्यालय परिवार अत्यंत उत्साहित हैं। यह अनुभव बच्चों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करने वाला भी सिद्ध होगा।

# थाने के सामने 50 कदम की दूरी पर चोरों ने जूते के शोरूम में की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** थाने के सामने रेलवे रोड पर बैंक के बराबर में स्थित एक जूते के शोरूम में रविवार रात को चोरों ने छत के रास्ते शोरूम में घुसकर लाखों की नकदी व सामान चोरी कर लिया। मोदीनगर में पुलिस थाने के बिल्कुल सामने रेलवे रोड है जहां पर राजकुमार अग्रवाल का जूतों का शोरूम है व बेसमेंट में उन्होंने जिम भी खोला हुआ है, सोमवार सुबह जब राजकुमार अग्रवाल ने 10 बजे शोरूम खोला तो उसके अंदर जूतों के डिब्बे बिखरे पड़े थे व उनके गल्ले से लगभग ढाई लाख रुपए भी गायब मिले जो उन्होंने पेमेंट करने के लिए रखे हुए थे। उन्होंने सारी बिल्डिंग की जांच की तो पता चला कि चोर सीसीटीवी कमरे की डीवीआर भी साथ ले गए हैं, राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि चोर बराबर में स्थित इंडियन बैंक के बराबर की छत पर जाने के लिए लगे दरवाजे का ताला तोड़कर पड़ोस की छत से सीढ़ी लगाकर उनकी छत पर चढ़े व खिड़की का लोहे का जंगला उखाड़कर दरवाजे का ताला तोड़कर शोरूम में दाखिल हुए व गल्ले में रखे ढाई लाख रुपए,डीवीआर व लगभग 20 जोड़ी जूते चुराकर ले गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की व आशंका जताई कि कोई ना कोई परिचित ही इस घटना में शामिल है,शीघ्र ही घटना के खुलासे का आश्वासन दिया।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में एंटरप्रेन्योरियल टीचर विषय पर कार्यशाला आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल मे 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम' (FDP) के अंतर्गत "How to be an Entrepreneurial Teacher" विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आई-नर्चर (INurture) इंक्यूबेशन फाउंडेशन के सीईओ महेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने शिक्षकों को शिक्षण में नवाचार और उद्यमशीलता के दृष्टिकोण को अपनाने के गुण सिखाए।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना अहलावत और एडमिशन डायरेक्टर अखिलेश वर्मा ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रिंसिपल सपना अहलावत ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए आधुनिक शिक्षा प्रणाली में खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सत्र का समापन शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ हुआ।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के छात्रों की बड़ी उपलब्धि

## एआई ऑटोनॉमस ड्राइविंग बॉट से देशभर में बनाई पहचान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के कक्षा XI के छात्रों, हर्ष गुप्ता और मयंक चौधरी ने भारत की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित रोबोटिक्स प्रतियोगिता 'रोबोफेस्ट -गुजरात 5.0' में शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता से न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। हर्ष और मयंक द्वारा तैयार किया गया इनोवेटिव प्रोजेक्ट 'एआई ऑटोनॉमस ड्राइविंग बॉट" प्रतियोगिता के 'लेवल I और लेवल II (प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट)' में चयनित हुआ, जिसके लिए उन्हें 25,000 का पुरस्कार प्रदान किया गया। यह प्रोजेक्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीक पर काम करता है, जो बिना मानवीय हस्तक्षेप के वाहन को सुरक्षित और स्मार्ट तरीके से संचालित करने की क्षमता रखता है।

दोनों छात्रों की मेहनत और तकनीकी समझ यहीं नहीं रुकी। उनके प्रोजेक्ट की गुणवत्ता, उपयोगिता और भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए इसे एआई ऑटोनॉमस ड्राइविंग बॉट श्रेणी में लेवल III (प्रोटोटाइप चरण) के लिए भी चयनित किया गया है। इस चरण में एक वास्तविक ऑटोनॉमस कार मॉडल विकसित किया जाएगा। इसके लिए GUJCOST (Gujarat Council on Science and Technology) ने 1,00,000 के अनुदान की सहायता देने की प्रतिबद्धता जताई है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

यह सफलता हर्ष और मयंक की रचनात्मक सोच, तकनीकी कौशल और लगातार सीखने की भावना को दर्शाती है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने जिस तरह से आधुनिक तकनीक का उपयोग कर एक व्यावहारिक समाधान तैयार किया, वह आज के छात्रों के लिए प्रेरणादायक है।

इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के वाइस चेयरमैन, नमन जैन ने कहा, "हर्ष और मयंक की यह उपलब्धि हमारे स्कूल के लिए गर्व का विषय है। यह साबित करता है कि अगर छात्रों को सही मार्गदर्शन, प्लेटफॉर्म और प्रोत्साहन मिले तो वे राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। हम शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित नहीं रखते, बल्कि छात्रों को इनोवेशन, रिसर्च और रियल-वर्ल्ड प्रॉब्लम सॉल्विंग के लिए प्रेरित करते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि ये छात्र आने वाले समय में देश के टेक्नोलॉजी सेक्टर में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# गौकथा की शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संजय नगर में गौकथा वाचक गुरुमां मंजू भारत्वाज जी के सान्निध्य में आयोजित पावन गौकथा की शुरुआत आज शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा के साथ हुई। माताओं-बहनों ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ इस यात्रा को पूर्ण कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस पवित्र आयोजन में कथा संयोजक पंकज शर्मा, संजीव चौधरी, प्रेमचंद गुप्ता, नानक चंचल शर्मा, राजेंद्र चौधरी, बहन कौशल शर्मा सहित मुझे भी उपस्थित रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह गौकथा 19 से 22 जनवरी तक एल-ब्लॉक, संजय नगर में आयोजित है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल की छात्रा संस्कृति बाना का जूनियर वर्ल्ड कप के लिए चयन

- **इन ट्रायल्स में देशभर से लगभग 2000 बालि. काओं ने भाग लिया था, जिनमें से शीर्ष स्थान प्राप्त कर संस्कृति ने जूनियर वर्ल्ड कप के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि कक्षा 12 की छात्रा संस्कृति बाना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जूनियर वर्ल्ड कप शूटिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय, शहर एवं देश का नाम रोशन किया है। नई दिल्ली में आयोजित चयन ट्रायल्स में संस्कृति बाना ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इन ट्रायल्स में देशभर से लगभग 2000 बालिकाओं ने भाग लिया था, जिनमें से शीर्ष स्थान प्राप्त कर संस्कृति ने जूनियर वर्ल्ड कप के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

उल्लेखनीय है कि जूनियर वर्ल्ड कप शूटिंग प्रतियोगिता जुलाई माह में काहिरा, मिस्र में आयोजित की जाएगी, जहाँ संस्कृति बाना भारत का प्रति. निधित्व करेंगी। संस्कृति पहले से ही एक अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज हैं। वह जूनियर एशियन चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता रह चुकी हैं तथा जूनियर श्रेणी में उनका अंत. रराष्ट्रीय रैंक 15 है।

इन उपलब्धियों के माध्यम से उन्होंने भारतीय शूटिंग जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और लगातार अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं समस्त विद्यालय परिवार ने संस्कृति बाना को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय को पूर्ण विश्वास है कि संस्कृति अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का गौरव बढ़ाएंगी।

नेहरू वर्ल्ड स्कूल सदैव अपने विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह ने किया सामान का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** खंड विकास कार्यालय भोजपुर के अंतर्गत बाल विकास परियोजना भोजपुर कार्यालय से निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टहार लखनऊ द्वारा आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2023.. 24 हेतु सुसज्जित करने हेतु विभागीय भवनों के लिए कुल 68 केंद्रों पर इंटरलॉकिंग फोमर्मेट, बच्चों हेतु कुर्सियां, बीन शेप टेबिल, वाइट बोर्ड व प्री स्कूल किट सामिग्री का वितरण ब्लाक प्रमुख महोदया सुचेता सिंह जी व खंड विकास अधिकारी भोजपुर अयान जैन द्वारा वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी भोजपुर व समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# मल्टी-लेयर होगी गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं, ताकि सभी नागरिक और मेहमान सुरक्षित महसूस करें।

विशेष रूप से कर्तव्य पथ पर होने वाले इस ऐतिहासिक समारोह के लिए पुलिस ने कई अहम सुरक्षा और सुविधा उपायों को लागू किया है। ऐसे में नई दिल्ली जिला के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टीमों द्वारा मल्टी-लेयर सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के जरिए 24◦7 निगरानी रखी जाएगी, जो एडवांस्ड फेशियल रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) से जुड़े होंगे। ऊंची इमारतों पर एंटी-ड्रोन यूनिट और स्नाइपर टीमों की तैनाती की जाएगी ताकि हवाई क्षेत्र की भी निगरानी हो सके। महला ने बताया कि होटलों, गेस्ट हाउस और किरायेदारों का कड़ाई से वेरिफिकेशन किया जाएगा।

इसके अलावा, मेहमानों से अनुरोध किया है कि वे अपने पास पर दिए गए रास्ते और एनक्लोजर के निर्देशों को ध्यान से देखें। यही नहीं, मेट्रो स्टेशन पर नियमित घोषणाएं की जा रही हैं, ताकि मेहमानों को जानकारी मिल सके। एनक्लोजर के नाम अब भारतीय नदियों के नाम पर रखे गए हैं। साथ ही, उद्योग भवन और सेंट्रल सेक्रेटेरियट मेट्रो स्टेशनों के पास विशेष मार्गदर्शन किया जाएगा। यही नहीं, दिल्ली मेट्रो के जरिए विशेष आमंत्रित व्यक्तियों को मुफ्त यात्रा का लाभ मिलेगा।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि मेहमानों से अनुरोध है कि वे निर्धारित वस्त्रों के अलावा बैग, कैमरा, मोबाइल, खाने-पीने की चीजें और अन्य प्रतिबंधित सामान साथ न लाएं। सुरक्षा जांच में सहयोग करने और पुलिस अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी असामान्य गतिविधि को तुरंत पुलिस को सूचित करें। गणतंत्र दिवस की सुरक्षा और सफलता के लिए हम सभी की सक्रिय सहभागिता जरूरी है।

## दरगाह फैज इलाही मस्जिद के आगे से अतिक्रमण मुक्त भूमि का होगा सौंदर्यीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दरगाह फैज इलाही मस्जिद के आगे से अतिक्रमण मुक्त भूमि को रामलीला मैदान का हिस्सा बनाया जाएगा। एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, तुर्कमान गेट के सामने की इस भूमि को पूरी तरह अतिक्रमण से मुक्ता करा लिया गया और मलबा भी हटा दिया गया है।

पुरानी दिल्ली के तुर्कमान गेट के सामने लंबे समय से अतिक्रमण और अवैध कब्जे की चपेट में रही भूमि को हाल ही में मुक्त कराए जाने के बाद अब उस क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। एमसीडी ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार करनी शुरू कर दी है। जिसके तहत पहले भूमि की चहारदीवारी कराई जाएगी, उसके बाद वहां हरित क्षेत्र विकसित किया जाएगा। इस भूमि को रामलीला मैदान का हिस्सा बनाया जाएगा। एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, तुर्कमान गेट के सामने की इस भूमि को पूरी तरह अतिक्रमण से मुक्ता करा लिया गया और मलबा भी हटा दिया गया है। इसमें छोटा पार्क, पौधरोपण, घास लगाई जाएगी।

अधिकारियों का कहना है कि यह पहल न केवल इलाके की सुंदरता बढ़ाएगी, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण, तापमान संतुलन और स्थानीय लोगों को खुली जगह उपलब्ध कराने में भी मदद करेगी। एमसीडी सूत्रों के अनुसार, इस क्षेत्र को इस तरह विकसित किया जाएगा कि वह इलाके के विकास को चार चांद लगाएगा। भविष्य में यहां बैठने की व्यवस्था, पैदल पथ और पर्याप्त रोशनी की सुविधा भी विकसित की जा सकती है। स्थानीय निवासियों ने एमसीडी की इस पहल का स्वागत किया है।

# गणतंत्र दिवस पर 10 हजार विशेष अतिथि बनेंगे साक्षी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 77वें गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड के लिए एक अभूतपूर्व पहल की गई है। सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया है, जो इस राष्ट्रीय उत्सव के साक्षी बनेंगे। यह आमंत्रण उन नागरिकों के असाधारण योगदान को सम्मानित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिन्होंने देश के विकास में अमूल्य भूमिका निभाई है। आमंत्रित विशेष अतिथियों के चयन में समाज के उन वर्गों को प्राथमिकता दी गई है, जिन्होंने अपनी मेहनत, नवाचार और समर्पण से देश को गौरवान्वित किया है। यह पहल न केवल गणतंत्र दिवस के महत्व को रेखांकित करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सरकार समाज के हर वर्ग की उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रतिबद्ध है। इन विशेष अतिथियों की उपस्थिति कर्तव्य पथ पर होने वाले भव्य समारोह को और अधिक गरिमामयी बनाएगी। यह उन लाखों आम नागरिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा, जो देश के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं।

गणतंत्र दिवस भारत के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्व है, जो 26 जनवरी, 1950 को भारत के संविधान के लागू होने का प्रतीक है। इस दिन भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। हर साल, इस दिन को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर एक भव्य परेड के साथ मनाया जाता है, जिसमें देश की सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक विविधता और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाता है। 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित करने का यह निर्णय एक समावेशी भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह उन लोगों को एक मंच प्रदान करता है जिन्होंने चुपचाप लेकिन प्रभावी ढंग से देश की सेवा की है।

## एयरपोर्ट पर यात्री पर पायलट ने किया था हमला, रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली।** पिछले साल आईजीआई एयरपोर्ट पर एक यात्री पर एअर इंडिया एक्सप्रेस के पायलट ने मारपीट की थी। यात्री को गंभीर चोट भी लगी थी। मामले में सीआईएसएफ ने एयरलाइंस और पुलिस को एक रिपोर्ट सौंपी है। ज्ञात हो कि मामले में सोशल मीडिया पर भी वारदात का एक वीडियो वायरल हुआ था। जब यात्री के साथ मारपीट हुई थी,उनकी सात साल की बेटी भी पास ही खड़ी थी।

वीडियो को लेकर पब्लिक ने पायलट को लेकर काफी कमेंटस भी किये थे। सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन ने कहा कि घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद ही स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी थी। हमने एयरलाइन को भी दुर्व्यवहार की रिपोर्ट सौंपी। एयरलाइन और पुलिस ने इस संबंध में कार्रवाई की है।

# गैंगस्टर सोनू के टारगेट पर रोहिणी के कारोबारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जबरन वसूली मॉड्यूल में सक्रिय गैंगस्टर सोनू दरियापुर गैंग के चार गुर्गों को बाहरी उत्तरी जिला की स्पेशल स्टॉफ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रजन उर्फ गब्बरू,अनुराग उर्फ हनी, सुनील बिष्ट उर्फ पवन उर्फ पहाड़ी और आर्यन के रूप में हुई है।

आरोपियों के कब्जे से चार पिस्टल और आधा दर्जन कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस आरोपियों से उनके हथियारों के सिङ्क्षडकेट आदि के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इंस्पेक्टर आनंद कुमार झा के निर्देशन में पुलिस गणतंत्र दिवस को लेकर गैंगस्टर और उनके गुर्गो के बारे में पता करने की कोशिश कर रही थी। इस बीच पुलिस टीम को बीते शुक्रवार रात दस बजकर दस मिनट पर श्मशान घाट, खेड़ा खुर्द रोड के पास तैनात किया गया था। जिन्होंने बाइक सवार तीन संदिग्धों को रोका। तलाशी लेने पर, तीनों के पास से हथियार जब्त किये। नरेला इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस स्टेशन में तीनों के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया। आरोपी सुशील बिष्ट 34 वारदातों में शामिल रहा है। पूछताछ करने पर आरोपियों से पता चला कि चारों गैंगस्टर सोनू दरियापुर के लिये काम करते हैं।



जम्मू-कश्मीर के युवा दिल्ली विधानसभा का भ्रमण करने पहुंचे।

# जम्मू-कश्मीर के युवाओं ने विधानसभा का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय एकता और युवा सहभागिता की भावना को सुदृढ़ करते हुए, जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग, कुपवाड़ा, बारामूला, बडगाम, श्रीनगर एवं पुलवामा जिलों से आए 170 युवाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज दिल्ली विधान सभा का भ्रमण किया।

यह भ्रमण कश्मीरी युवा विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की मेरा युवा भारत पहल का हिस्सा है तथा गृह मंत्रालय के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।भ्रमण के दौरान विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया कि माननीय अध्यक्ष, दिल्ली विधान सभा विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली विधान सभा भारत की पहली पूर्णतः सौर ऊर्जा से संचालित विधान सभा बन चुकी है। इसके साथ ही, सदन की कार्यवाही राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन से एकीकृत पूर्णतः डिजिटल प्रणाली के माध्यम से संचालित की जा रही है। युवाओं को यह भी बताया गया कि अध्यक्ष की परिकल्पना दिल्ली विधान सभा को राष्ट्रीय महत्व के एक सांस्कृतिक एवं विरासत स्थल के रूप में विकसित करने की है। प्रतिनिधिमंडल के अनेक सदस्यों के लिए यह राष्ट्रीय राजधानी की पहली यात्रा थी, जिससे यह अनुभव उनके लिए अत्यंत सार्थक एवं स्मरणीय बन गया।भ

ृमण के दौरान युवाओं को सदन की कार्यवाही की प्रक्रिया से परिचित कराया गया, जिसमें विधायी बहसें, प्रश्नकाल तथा लोकतांत्रिक शासन में निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिका शामिल है। उन्हें विधान सभा भवन के ऐतिहासिक एवं स्थापत्य महत्व की भी जानकारी दी गई।

## शोरूम के बाहर खड़ी नई कार लेकर हुए बदमाश फरार

**नई दिल्ली।** प्रशांत विहार इलाके में कार सवार दो बदमाशों ने एक कार शोरूम के बाहर खड़ी नई कार चोरी कर ली। सीसीटीवी कैमरों में दो बदमाश कार समेत दिखाई दिये हैं।

पुलिस मामला दर्ज करके बदमाशों की पहचान कर उनको पकडने की कोशिश कर रही है। जानकारी के मुताबिक प्रशांत विहार पुलिस को बीते रविवार को सतेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति ने एक शिकायत दी थी। सतेन्द्र ने बताया कि वह तीन साल से इन्द्रप्रस्थ ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड में नौकरी करता है। ई-2 प्रशांत विहार में उसकी कंपनी का एक कार शोरूम है। कई बार शोरूम की नई कारों को शोरूम के बाहर खड़ा कर देते हैं।

# गृह राज्य मंत्री वंदे मातरम कोस्टल साइक्लोथॉन को देंगे हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ वंदे मातरम कोस्टल साइक्लोथॉन-2026 का दूसरा एडिशन लॉन्च करने जा रही है, जो तटीय सुरक्षा जागरूकता, राष्ट्रीय एकता और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय पहल है। इसे आगामी 28 जनवरी को नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे, कार्यक्रम में बल के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेगें।

यह साइक्लोथॉन सुरक्षित तट, समृद्ध भारत (सुरक्षित तट, समृद्ध भारत) की थीम के साथ आयोजित किया जा रहा है और इसमें वंदे मातरम का देशभक्तिपूर्ण सार है, जो राष्ट्रीय गौरव, एकता और भारत के



समुद्र तट की सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। वंदे मातरम कोस्टल साइक्लोथॉन- 2026 में 130 सीआईएसएफ कर्मी, जिनमें 65 महिला कर्मी शामिल हैं। बता दें कि भारत के विशाल समुद्र तट पर 250 से ज्यादा बंदरगाह हैं, जिनमें 72 ईएक्सआईएम बंदरगाह शामिल हैं जो देश के लगभग 95 फीसदी व्यापार को संभालते हैं। ये बंदरगाह, तट पर स्थित रिफाइनरियों, शिपयार्ड और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के साथ, भारत के आर्थिक विकास और ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। हालाँकि, उन्हें ड्रग्स, हथियारों, विस्फोटकों की तस्करी, घुसपैठ और अन्य अवैध गतिविधियों जैसे लगातार खतरों का भी सामना करना पड़ता है। पाँच दशकों से ज्यादा समय से, बल को 12 प्रमुख बंदरगाहों और तटों पर अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहले सीआईएसएफ कोस्टल साइक्लोथॉन की सफलता के आधार पर, 2026 का एडिशन इस ऐतिहासिक आंदोलन को नए संकल्प और एक मजबूत राष्ट्रीय जुड़ाव के साथ आगे बढ़ा रहा है। यह साइक्लोथॉन 25-दिवसीय, 6,553 किलोमीटर का साइकिल अभियान है जो भारत के पूरे मुख्य भूमि समुद्र तट को कवर करता है, जिससे यह देश में अब तक चलाए गए सबसे व्यापक तटीय साइकिल अभियानों में से एक बन गया है। सीआईएसएफ साइकिल चलाने वालों की दो टीमें एक साथ शुरू होंगी,जिसमें पश्चिमी तट,लखपत किले, कच्छ, गुजरात और पूर्वी तट, बक्खाली, दक्षिण 24 परगना, पश्चिम बंगाल से। आगामी 22 फरवरी को दोनों टीमें कोच्चि, केरल में मिलेंगी।

अधिकारियों ने बताया कि कोस्टल साइक्लोथॉन-2026 का लक्ष्य कई प्रकार से है,जिसमें तटीय समुदायों को ड्रग्स, हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी जैसे खतरों के बारे में जागरूक करना और सतर्कता को बढ़ावा देना। एक मजबूत तटीय सुरक्षा नेटवर्क के लिए तटीय समुदायों और सुरक्षा एजेंसियों के बीच साझेदारी को मजबूत करना। स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों और सुरक्षा कर्मियों और उनके परिवारों के बलिदानों का सम्मान करके वंदे मातरम की भावना पैदा करना।

# कुलदीप सेंगर की सजा निलंबित करने से हाईकोर्ट का इन्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वर्ष 2017 में उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की पुलिस हिरासत में मौत मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा को निलंबित करने की मांग वाली पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट में सोमवार (19 जनवरी) को सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया।

इससे पहले दुष्कर्म मामले में सजा निलंबित करने के हाई कोर्ट के निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। पिता की हिरासत में मौत मामले में 10 साल की सजा देने ट्रायल कोर्ट के निर्णय को सेंगर ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। साथ ही मामला लंबित रहने के दौरान सजा निलंबित करने की मांग की थी। कोर्ट ने कहा कि सेंगर की अपील याचिका पर निर्णय में आने में देरी की वजह उनके द्वारा दाखिल की कई कई अर्जियां हैं।

उल्लेखनीय है कि अगस्त 2019 में, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पांच केसों का ट्रायल, जिसमें पीड़िता के पिता की मौत से जुड़ा केस भी शामिल था, उत्तर प्रदेश से दिल्ली ट्रांसफर कर दिया था। दिसंबर 2019 में सेंगर को रेप का दोषी पाया गया और उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। उसे पीड़िता के पिता की मौत की साजिश रचने का भी दोषी ठहराया गया था और जून 2024 में हाईकोर्ट ने मामले में उसकी सजा निलंबित करने की अपील खारिज कर दी थी।



दिल्ली पुलिस ने नानकपुरा स्थित स्पेशल यूनिट फॉर वूमेन एंड चाइल्ड परिसर में 'स्वाभिमान' लैंगिक समावेशी कार्यस्थल पहल का उद्घाटन किया।

# दिल्ली पुलिस ने एसपीयूडब्लूएसी परिसर में लांच किया स्वाभिमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नानकपुरा स्थित स्पेशल यूनिट फॉर वूमेन एंड चाइल्ड परिसर में "स्वाभिमान" लैंगिक समावेशी कार्यस्थल पहल का उद्घाटन किया।

इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन विशेष पुलिस आयुक्त (सतर्कता और एसपीयूडब्लूएसी) अजय चौधरी ने किया।इस कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधि और एसपीयूडब्लूएसी के कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए विशेष पुलिस आयुक्त (सतर्कता और एसपीयूडब्लूएसी) अजय चौधरी, ने कार्यस्थलों पर लैंगिक-समावेशी बुनियादी ढांचे और संवेदीकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान जैसी पहल पुलिस प्रणाली के भीतर विश्वास, दक्षता और गरिमा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कार्यक्रम में लैंगिक रूप से संवेदनशील कार्यस्थल के एक आवश्यक घटक के रूप में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता और सुविधाओं की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया।इस कार्यक्रम में बोलते हुए पुलिस उपायुक्त, (एसपीयूडब्लूएसी) अंजिता चेप्याला ने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता एक बुनियादी आवश्यकता है और कार्यस्थल की गरिमा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# हिस्ट्रीशीटर को पकड़ा तो चाकू से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की सुरक्षा को लेकर दिल्ली पुलिस ने जिलास्तर पर सुरक्षा के चाक-चौबंध इंतजाम करने शुरू कर दिये हैं। बीट अफसरों को सख्त निर्देश दिये गए है कि हर एक संदिग्ध की गहन जांच करने के बाद ही उसको छोड़ा जाए। मगर इसी जांच में शाहबाद डेयरी के हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल ने जब पैट्रोलिंग करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर को पकड़ा,अचानक हिस्ट्रीशीटर ने चाकू निकालकर दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। खून से लथपथ हालत में होने के बावजूद दोनों ने हिस्ट्रीशीटर को भागने नहीं दिया। पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके वारदात में इस्तेमाल चाकू व पिस्टल और कारतूस जब्त कर लिया है। आरोपी आधा दर्जन से ज्यादा वारदातों में शामिल रहा है।

जानकारी के मुताबिक बीती रात करीब साढ़े नौ बजे शाहबाद डेयरी थाने में तैनात हेड कांस्टेबल कुलदीप और अपने साथी कांस्टेबल नीरज के साथ गुप्ता कॉलोनी,शाहबाद डेयरी में पैट्रोलिंग कर रहे थे। उन्होंने इलाके के हिस्ट्रीशीटर को देखकर रूकने का इशारा किया था। उसको किसी तरह से पकड़ा,हिस्ट्रीशीटर ने चाकू निकालकर भागने के प्रयास में कुलदीप की पीठ और बगल में चाकू से वार कर दिया। कांस्टेबल नीरज ने जब उसको पकडने और कुलदीप को बचाने की कोशिश की। आरोपी ने उसपर भी चाकू से हमला कर घायल कर दिया। नीरज के सीधी तरफ पीठ पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। इसके बावजूद आरोपी को छोड़ा नहीं। आला अधिकारियों को वारदात की जानकारी देकर थाने से साथियों को मौके पर बुलाया। आरोपी को गिरफ्तार करके और उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू लेकर दोनों को नजदीक के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया।

## जेएनयू की सुरक्षा में महिला सुरक्षाकर्मियों की तादाद को किया जाएगा 35 परसेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जेएनयू में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी और सुरक्षाकर्मी आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। परिसर में पेट्रोलिंग के लिए क्यूआरटी वैन से लेकर महिला सुरक्षाकर्मियों की तादाद को 35 फीसदी किया जाएगा। परिसर में 24 घंटे उच्च स्तर की सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए सुरक्षा एजेंसी की तलाश है। एजेंसी को 126 महिलाओं समेत 359 सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराने होंगे। विश्वविद्यालय में तैनात सुरक्षा कर्मियों की संख्या के आधार पर पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इसके अलावा एक पद फायर सुरपवाइजर के लिए भी होगा। सुरक्षा एजेंसी को परिसर में विश्वविद्यालय की संपत्ति, संकाय, कर्मचारियों, छात्र, आधिकारिक आंगुतक और निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित, लावारिस/अवैध वाहनों को टो करके ले जाने, प्रवेश द्वार पर नियंत्रण को नियमित करने, अनधिकृत निर्माण, परिसर में अतिक्रमण, तोड़फोड़, टहनियों/ पेड़ों को तोड़ने रोकने जैसे कार्या के बारे में अधिकृत अधिकारियों को रिपोर्ट करना होगा।

# शिवलिंग को नमन कर 25 लाख की चांदी पर हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के निर्माण विहार इलाके में स्थित एक मंदिर में सोमवार सुबह लोगो के होश उड़ गए, जब उन्होंने शिवलिंग पर चढ़ी कई किलो चांदी को गायब पाया। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दो नाकापोश चोर दिखाई दे रहे है जिन्होंने चोरी से पहले शिवलिंग को नमन किया और उसके बाद सीसीटीवी कैमरों से छेड़छाड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए स फिलहाल पुलिस ने इस सम्बन्ध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है,इस घटना को लेकर स्थानीय लोगो में गहरा रोष है स निर्माण विहार में सनातन धर्म सभा मंदिर स्थित है, जहां से दो नकापोश चोरो ने करीब 25 लाख की चांदी चुरा ली,यह चांदी शिवलिंग पर पत्ते के रूप में चढाई हुई थी स सोमवार सुबह जब ट्रस्टी मंदिर पहुंचे तो उन्होंने चांदी का पत्ता गायब पाया,जिसके बाद मंदिर समिति के अध्यक्ष ईश्वर मेहता,उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता और कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा में लिखित में पुलिस को शिकायत दी है। मंदिर के पुजारी दिनेश शास्त्री ने बताया सोमवार की सुबह मंदिर परिसर में स्थित शिवलिंग पर चढ़े सवा छह किलो चांदी का पत्ता गायब था,जब सीसीटीवी फुटेज देखी गई तो दो नकापोश फुटेज में दिखाई दे रहे है जिन्होंने पहले शिवलिंग को नमन किया उसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

# लॉ एंड ऑर्डर पर आतिशी ने गृह मंत्री को लिखी चिट्ठी

- **मिलने का मांगा समय**
- **दिल्ली में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में तेजी से बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा।

इस पत्र में आतिशी ने हाल के महीनों में हुई आपराधिक घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली में लोगों के मन में भय और असुरक्षा का माहौल गहरा चुका है। उन्होंने गृह मंत्री से तुरंत हस्तक्षेप करने और मुलाकात का समय देने की अपील की है। पत्र में आतिशी ने लिखा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आवास के पास आप कार्यकर्ता रचना यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने पहचान पूछने के बाद उन्हें गोलियों से भून दिया। यह मामला "स्पष्ट रूप से टारगेट किलिंग" जैसा प्रतीत होता है, और 7 फरवरी को होने वाली उनकी गवाही से पहले यह घटना सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

10 जनवरी 2025 को लाल किले के पास हुए धमाके में 13 लोग मारे गए और कई घायल हुए। आतिशी ने कहा कि इतनी संवेदनशील और ऐतिहासिक जगह के पास धमाका होना दिल्ली की सुरक्षा प्रणाली पर बड़ा प्रश्न खड़ा करता है।

दिसंबर 2025 में एक महिला को पुलिसकर्मी द्वारा भीड़ के सामने गोली मारने की घटना का जिक्र करते हुए आतिशी ने कहा कि यह घटना पुलिस की अनुशासनहीनता और मानसिक तनाव की गंभीर समस्या को उजागर करती है। ग्रेटर कैलाश में एक युवक की जिम के बाहर सरेआम हत्या को आतिशी ने ष्अति-सुरक्षित माने जाने वाले इलाकों में कानून-व्यवस्था की पोल खोलने वाली घटनाष बताया। उन्होंने कहा कि अपराधी लगातार ऐसे इलाकों में भी वारदात कर रहे हैं जिन्हें 'एलीट और सुरक्षित जोन' माना जाता है।

13-14 जनवरी 2026 की रात दिल्ली के कई इलाकों में एक के बाद एक फायरिंग की घटनाओं को आतिशी ने गंभीर चिंता का विषय बताया। पत्र में आतिशी ने कहा कि दिल्ली पुलिस पर लगे आरोप, कार्रवाई में देरी और जवाबदेही की कमी लगातार जनता के सामने आ रही है। उन्होंने लिखा कि, दिल्ली पुलिस सीधे केंद्र सरकार के अधीन होने के बावजूद अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होता हुआ नहीं दिख रहा है। आतिशी ने अपने पत्र में कहा कि चूंकि दिल्ली देश की राजधानी है, इसलिए इसकी कानून-व्यवस्था पूरे देश की प्रतिष्ठा और आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब देश की राजधानी सुरक्षित नहीं है, तो नागरिकों का सुरक्षा तंत्र पर भरोसा कैसे कायम रह सकता है?

आतिशी ने गृह मंत्री से आग्रह करते हुए लिखा, आपसे अनुरोध है कि दिल्ली की बिगड़ती कानून-व्यवस्था, पुलिस प्रशासन की जवाबदेही और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों पर व्यक्तिगत रूप से मिलने का समय प्रदान करें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि गृह मंत्री इस अत्यंत गंभीर मुद्दे पर संवेदनशीलता के साथ विचार करेंगे और आवश्यक कदम उठाएंगे।

**उत्तर रेलवे**

**टेंडर नोटिस**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82261487 | (AMI No. 21.01) एफिलबरसेप्ट 2 मिलीग्राम प्रति 0.5 एमएल शीशी | 215 | 12/02/2026 |
| 2. | 83261300 | (AMI No.16.202) टैबलेट एबेमेसिक्लिब | 4,836 | 16/02/2026 |
| 3. | 82260398 | (AMI No.16.243) ओसिमेरटिनिब 80 एमजी टैबलेट | 2,970 | 09/02/2026 |
| 4. | 82260042 | (AMI No. 3.322) (टैब / कैप) अमोक्सिसिलिन 500mg और क्लैवुलैनिक एसिड 125mg (625mg) | 10,45,891 | 23/02/2026 |

निविदा शर्तें-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं / MED/Part-1 दिनांक: 19.01.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 192/26

# शामली कलेक्ट्रेट शीघ्र होगा शिफ्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली का कलक्ट्रेट शीघ्र ही नवनिर्मित भवन में शिफ्ट होने जा रहा है। इसके लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं और पुराने कलक्ट्रेट से फाइलें, फर्नीचर व अन्य जरूरी सामान नई बिल्डिंग में भेजा जाने लगा है। इसी सप्ताह कलक्ट्रेट के पूर्ण रूप से नई बिल्डिंग में शिफ्ट होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि नवनिर्मित कलक्ट्रेट भवन में बिजली फिटिंग का कुछ कार्य अभी शेष है, जिसे तेजी से पूरा कराया जा रहा है। भवन को हर .ष्टि से तैयार करने के लिए संबंधित विभागों द्वारा युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है, ताकि प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। पिछले करीब 14 वर्षों से जनपद शामली का कलक्ट्रेट शामली तहसील की पुरानी बिल्डिंग में संचालित हो रहा था। जनपद बनने के बाद से ही स्थाई कलक्ट्रेट भवन की आवश्यकता



महसूस की जा रही थी, जिसे अब जाकर पूरा किया गया है। इससे प्रशासनिक कार्यों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी और आमजन को भी राहत मिलेगी। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा इससे पूर्व गत वर्ष डीएम आवास को भी शामली शुगर मिल परिसर से नवनिर्मित भवन में शिफ्ट कराया जा चुका है। अब कलक्ट्रेट के स्थानांतरण से प्रशास. निक व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम भी



नवनिर्मित कलक्ट्रेट भवन में ही आयोजित किया जाएगा। इसके लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं और भवन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नए कलक्ट्रेट भवन में विभिन्न विभागों के कार्यालय, सभागार, पार्किंग और अन्य सुविधाएं आधुनिक स्वरूप में विकसित की गई हैं।



# स्कूल परिसरों में फिर से दिखी चहल-पहल

**शामली।** शीतकालीन अवकाश के बाद सोमवार को जनपद के नर्सरी से लेकर इंटरमीडिएट तक के सभी स्कूल खुल गए। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक परिषदीय, निजी और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के खुलते ही लंबे समय से सूने पड़े स्कूल परिसरों में एक बार फिर चहल-पहल नजर आई। गत 31 दिसंबर को शीत लहर और कडाके की ठंड को देखते हुए कक्षा 8 तक के समस्त बोर्ड के स्कूलों का अवकाश घोषित कर दिया गया था। सर्दी की करीब 19 दिनों की छुट्टियों के बाद सोमवार को सभी स्कूल खुल गए। छुटिटयां बिताकर लौटे छात्र-छात्राएं स्कूल जाते समय काफी उत्साहित दिखाई दिए। कई विद्यालयों में बच्चों की किलकारियों से माहौल गुलजार हो गया। हालांकि पहले दिन कड़ाके की ठंड के चलते कुछ विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही, लेकिन शिक्षक व शिक्षिकाएं समय से विद्यालय पहुंच गए और शैक्षणिक कार्य शुरू किया गया। परिषदीय विद्यालयों में सुबह 10 बजे से पठन-पाठन प्रारंभ हुआ। कई स्कूलों में बच्चे देर से पहुंचे, जबकि कुछ विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति काफी कम रही। इसके बावजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों को पाठ्ड क्रम का अभ्यास कराते हुए नजर आए और पढ़ाई को दोबारा गति देने का प्रयास किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में भी अवकाश के बाद पहले दिन बच्चों की कम उपस्थिति देखने को मिली, लेकिन स्कूल खुलने से शिक्षा व्यवस्था फिर से पटरी पर लौटती दिखाई दी।

# चार युवकों ने एक युवक को पीटा, थाने पर शिकायत



**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी एक युवक को कस्बे कई युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी शानू पुत्र मीर जंग ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि कस्बे के मोहल्ला मि.गान निवासी रिहान व दानिश ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोप है कि चारों युवकों ने पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर मिली है। मामले की कर कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान: दूसरे दिन भी केंद्रों पर उमड़ी मतदाताओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन नगर में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे दिन भी मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सोमवार को नगर के छह मतदान केंद्रों पर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) द्वारा मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई। इस दौरान वार्ड परिवर्तन, नाम संशोधन, फोटो परिवर्तन सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए बड़ी संख्या में मतदाता केंद्रों पर पहुंचे। अभियान के अंतर्गत थाना भवन स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर एक, प्राथमिक विद्यालय नंबर दो, सरस्वती पब्लिक स्कूल, लाजपत राय इंटर कॉलेज, लाला लाजपत राय कन्या इंटर



कॉलेज तथा किसान इंटर कॉलेज मतदान केंद्रों पर बीएलओ ने मतदाता सूची का सार्वजनिक पठन किया। सुबह से ही सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची में सुधार कराने, नए वोट बनवाने तथा त्रुटियों को ठीक कराने के लिए मतदाताओं की भीड़ लगी रही। अधिकांश मतदाताओं ने नाम में गड़बड़ी, माता-पिता के नाम में त्रुटि और फोटो के स्थान पर गलत फोटो लगे होने की शिकायत की। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं थे, उन्होंने फॉर्म-6 भरकर नए नाम जुड़वाए। वहीं मृतक मतदाताओं के नाम हटाने या विवाह के बाद परिवर्तन के लिए फॉर्म-7, तथा नाम व फोटो संशोधन के लिए फॉर्म-8 भरवाए गए।

दोपहर बाद तक सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए मतदाताओं का आना-जाना जारी रहा। प्रशासन द्वारा अभियान को व्यवस्थित ढंग से संचालित करते हुए हर मतदाता की समस्या के समाधान का प्रयास किया गया।

## एक नजर

### नए सत्र का बकाया गन्ना भुगतान की मिल की गति धीमी होने से गन्ना किसानों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल का इस वर्ष का पेराई सत्र चले ढाई माह के लगभग हो गया है लेकिन मिल ने नए सत्र के गन्ने का भुगतान अभी तक लगभग पच्चीस करोड ही किया है जबकि 186 करोड़ रूपए की गन्ना खरीद की है गन्ना भुगतान की धीमी गति को लेकर गन्ना किसानो मे आक्रोश पनपने लगा है विगत वर्ष का बकाया भुगतान पन्द्रह दिन पूर्व ही हुआ है,मिल के गन्ना महाप्रबंधक लेखपाल सिंह ने बताया बीच मे चीनी की बिक्री न होने के कारण भुगतान बाधित हुआ लेकिन अब चीनी ब्रिकी हो रही है यथा शीघ्र और भुगतान किया जाएगा ग्राम मण्टी हसनपुर के किसान सुभाष सैनी ने बताया किसानो को मिल द्वारा गन्ना भुगतान समय पर या मिल बंदी के दो माह बाद तक भी नही किया जाता अगले साल नए सत्र की चीनी बेच कर किया जाता है यही कारण है क्षेत्र मे किसानो ने गन्ना बोना कम कर दिया है किसानो का पैसा किसानो को मिल घरना प्रर्दशन के बाद भी नही देता ग्राम नोजल के किसान सोनू शर्मा ने बताया सरकारी नियम गन्ना भुगतान चौदह दिन का है बजाज तो चौदह माह मे भी भुगतान नही कर रहा है ढाई माह हो गए मात्र दस बारह दिन का गन्ना भुगतान किया है।

### विश्वकर्मा समाज की बैठक में योजनाओं पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ की एक बैठक सोमवार को विश्वकर्मा आनंद भवन में आयोजित की गई। बैठक प्रदेश अध्यक्ष सेठपाल विश्वकर्मा एवं प्रदेश महामंत्री विनोद विश्वकर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सेठपाल विश्वकर्मा ने समाज की गति. विधियों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित विश्वकर्मा कौशल विकास योजना से समाज के लोगों को अत्यधिक लाभ मिला है। उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आ]वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से गौरव विश्वकर्मा को शामली जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति की घोषणा के बाद गौरव विश्वकर्मा ने कहा कि वह समाज के विकास एवं उत्थान के लिए पूरी निष्ठा, तन-मन और समर्पण के साथ कार्य करेंगे तथा समाज को संगठित कर आगे बढ़ाने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर अमित विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, महेश धीमान, रोहित विश्वकर्मा, मनोज पांचाल, सन्नी पांचाल, वीरेंद्र विश्वकर्मा, संजीव पांचाल, रवि विश्वकर्मा, आशीष जांगिड़, सुबोध पांचाल, राजकुमार विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### पदमुक्त हो चुके पदाधिकारियों को संगठन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने संगठन से पदमुक्त हो चुके पदाधिकारियों को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्तमान में कोई भी पदमुक्त पदाधिकारी यदि अपने नाम के साथ प्रदेश स्तरीय पद जोड़कर संगठन की गरिमा को ठेस पहुंचाता पाया गया, तो उसके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बताया कि संगठन की वर्ष 2026 से 2029 तक की प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा 8 अक्टूबर 2025 को की जा चुकी है। इस घोषणा के अनुसार 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2029 तक के लिए प्रदेश के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का मनोनयन हो चुका है। ऐसे में जो पदाधिकारी वर्तमान में किसी भी प्रदेश पद पर मनोनीत नहीं हैं, उन्हें किसी भी प्रकार से पद का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं है। घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि यदि भविष्य में कोई व्यापारी किसी भी प्रदेश पद पर न रहते हुए भी अपने नाम के साथ प्रदेश का पद जोड़ता पाया गया, तो इसे संगठन की घोर अनुशासनहीनता माना जाएगा और ऐसे व्यक्ति को संगठन से निष्कासित भी किया जा सकता है। उन्होंने दो टूक कहा कि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### तमंचे के साथ गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा बरामद किया है। गत 8 जनवरी को मोबाईल व्यापारी दीपक बंसल पुत्र अरुण बंसल निवासी मोहल्ला ब्राह्मण पर शहर के माजारा रोड पर उसके साथी जितिन के साथ 8 से 10 व्यक्तियों ने गाली-गलौच करते हुए अवैध हथियारों के बल पर लाठी-डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की नीयत से हमला किया और धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना आदर्शमंडी पुलिस ने वांछित अभियुक्त सन्नी पुत्र तेजपाल उर्फ साधु निवासी ग्राम बधैव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा 315 बोर भी बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बीएसएम स्कूल के छात्रों को कराया शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को एक्सप्लोर शामली कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसएम स्कूल के छात्रों को कैरियर व्हील कंडेला का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी गई। सोमवार को छात्रों को कैरियर व्हील एक शैक्षिक एवं मार्गदर्शनात्मक गतिविधि से अवगत कराया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुसार अलग-अलग करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी। जिसमें शिक्षा व शिक्षण, इंजी. नियरिंग व तकनीक, व्यापार व प्रबंधन, रक्षा सेवाएं सहित अनेक क्षेत्रों की जानकारी दी है। भ्रमण के दौरान छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ करियर से जुड़ी जानकारियों को ध्यानपूर्वक सुना। शिक्षा, कौशल



विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा विभिन्न व्यावसायिक अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही छात्रों को बदलते समय के अनुसार आईटी, डिजिटल मीडिया, सरकारी योजनाओं, छात्रवृत्तियों एवं कोचिंग मार्गदर्शन जैसे नए करियर विकल्पों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने छात्रों से संवाद कर उनकी प्रतिक्रियाएं जानीं।

## सरकारी चकरोड की पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटाने की उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव मण्डावर के एक किसान ने खेत के समीप स्थित सरकारी चकरोड को लेकर एसडीएम कैराना से शिकायत की है। किसान का आरोप है कि आसपास के किसानों द्वारा चकरोड पर कब्जा कर उसे संकरा कर दिया गया है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतें आ रही हैं। मण्डावर निवासी किसान मेहरबान ने एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि उसके खेत के पश्चिम दिशा में स्थित सरकारी चकरोड की चौड़ाई लगातार कम होती जा रही है। चकरोड के संकरा हो जाने से ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालना मुश्किल हो गया है। गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिए पास के खेतों में उतर जाने से विवाद की स्थिति भी बन जाती है। किसान ने प्रशासन से चकरोड की विधिवत पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटवाने और मार्ग को पूरी तरह बहाल कराने की मांग की है।

# निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान-2026 के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि मतदाता जागरूकता का अर्थ है जाति, धर्म और किसी भी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहकर एक जिम्मेदार, ईमानदार और राष्ट्र के प्रति सजग उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करना। उन्होंने कहा कि प्रत्एक नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है। यदि किसी का नाम सूची में नहीं है या पता आदि में परिवर्तन हुआ है, तो उसे समय रहते संशोधन कराना चाहिए तथा मतदान के दिन मतदान स्थल पर



जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इन्हीं बातों के प्रति सजग रहना ही सच्ची मतदाता जागरूकता है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कु। वंशिका प्रथम, देव पांचाल द्वितीय जबकि वंशिका एवं अविका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सुमन शर्मा, सारिका गर्ग एवं सीमा शर्मा शामिल रहीं। मौके पर घनश्याम सारस्वत, अनिल कश्यप, रामनाथ, शिव कुमार, फूल कुमार, महेश नारायण गौड़ मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई उद्योग बंधुओं की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास भवन सभागार शामली में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज जिला उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में ऐजेण्डा बिंदु के अनुसार चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने उद्योग बंधु द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश।संबंधित अधिका. रियों को दिए। बैठक में जिलाधिक. ारी द्वारा समीक्षा करते हुए हिण्डन नदी का स्वच्छ अविरल प्रवाह सुनिश्चित हेतु समीक्षा करते हुए प्रदूषण विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में अवगत कराया गया। समीक्षा में वित्तीय वर्ष 2025-26 एकल खिड़की योजनाधनिवेश मित्र योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में समीक्षा करते हुए अधिशासी अधिकारियों द्वारा बायोरेमेडिऐशन पर कितना खर्च किया गया है उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।बैठक में समीक्षा करते सिंचाई को निर्देश दिए गए कि बैठक एजेंडा के अनुसार जितने भी नाला बद,रजबाहा ओव. रफ्लो संबंधी शिकायत है उनके सुधार के लिए एस्टीमेट बनाकर मेरे माध्यम से पत्र भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में विद्युत विभाग, ईएसआईसी अस्पतालों के पैनल सम्मिलित कराने हेतु आदि समस्या बताई गई जिनमें निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, सहायक आयुक्त उद्योग प्रीति त्यागी, रविंद्र कुमार,सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं उद्योग बन्धु के रूप में, लघु उद्योग भारतीय के मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल आलोक जैन सार्थक गोयल वेद प्रकाश आर्य आशीष अग्रवाल अमित जैन तुषार, अभिनव बंसल आदि उद्यमी उपस्थित रहे।





## वांछित गिरफ्तार

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने की घटना में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गत 19 अक्टूबर 2025 को नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरा. ेपी की तलाश शुरू कर दी थी। वांछित अभियुक्त रवीश पुत्र उदयवीर निवासी ग्राम झाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# बाबरी में बाल विवाह रोकथाम को जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों तथा जिला. धिकारी शामली के आदेशों के अनुपालन में दिनांक 19 जनवरी, 2026 को जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के नेतृत्व में थाना बाबरी, जनपद शामली में बाल विवाह की रोकथाम एवं बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उल्लेखनीय है कि जनपद शामली में ह्बाल विवाह मुक्त भारतह्र विशेष राष्ट्रीय अभियान दिनांक 27 नवंबर, 2025 से 8 मार्च, 2026 तक संचालित किया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न धर्मों के धार्मिक नेताओं, श्रद्धालु समुदायों तथा विवाह से



संबंधित सेवा प्रदाताओंकृमैरिज हॉल/बैंक्विट हॉल संचालक, बैंड-बाजा, डीजे, कैटरिंग, फोटोग्राफर एवं टेंट हाउस संचालकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, विधिक प्रावधानों एवं शासन की योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की ओर से सु अजरा खान एवं दीपक कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका तथा 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कराना बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक, मान. सिक एवं शैक्षिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने यह भी जानक. ारी दी कि बाल विवाह कराने अथवा उसमें किसी भी प्रकार से सहयोग करने पर दोषियों को 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा रु. 1,00,000 तक का अर्थदंड या दोनों से दंडित किए जाने का प्रावधान है। साथ ही बाल विवाह में सम्मिलित व्यक्तियों बराती, मौलवी पंडित, फोटोग्राफर, टेंट कैटरिंग संचालक, बैंड संचालक आदिकृके विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है। कार्यक्रम में यह अवगत कराया गया कि जनपद में जिला प्रोब. ेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है, जिनके माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाती है। अधिकारियों द्वारा आमजन से अपील की गई कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना अथवा संदेह हो तो तत्काल नजदीकी पुलिस थाना, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 अथवा महिला हेल्पलाइन 181 पर सूचना दें। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी राहुल सिसोदिया, उप निरीक्षक राघवेन्द्र, एएचटीयू से उप निरीक्षक रामेश्वर दयाल, हेड कांस्टेबल तिलक राज, हेड कांस्टेबल डोली, एसजीपीयू से राहुल, विभिन्न धर्मगुरु एवं अन्य उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने तथा समाज में इसके विरुद्ध जनजागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।

# नोएडा में इंजीनियर की मौत का मामला

## सीएम योगी ने मामले का लिया संज्ञान, सीईओ हटाए गए, तीन सदस्यीय एसआईटी करेगी जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार समेत डूबने से हुई दर्दनाक मौत की घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। यह टीम पांच दिनों के भीतर अपनी जांच पूरी कर मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंपेगी।

इसके साथ ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम को हटा दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम को पद से हटा दिया है। इसे प्रशासनिक जवाबदेही की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, सीएम ने साफ निर्देश दिए हैं कि जांच में यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या दोष सामने आता है तो संबंधित



अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**एडीजी जोन मेरठ करेंगे एसआईटी का नेतृत्व:** एसआईटी का नेतृत्व एडीजी जोन मेरठ करेंगे। उनके साथ मंडलायुक्त मेरठ और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के चीफ इंजीनियर को भी टीम में शामिल किया गया है। जांच टीम को हादसे के कारणों, संबंधित विभागों की भूमिका, लापरवाही की जिम्मेदारी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों की विस्तृत पड़ताल करने के निर्देश दिए गए हैं।

**प्रशासन पर उठे गंभीर सवाल:** सेक्टर-150 क्षेत्र में भारी जलभराव के दौरान सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार पानी से भरे गड्ढे/अंडरपास में फंस गई थी, जिससे कार समेत व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन, विकास प्राधिकरण और संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे।

**ये जांच भी करेगी एसआईटी:** एसआईटी क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था, सड़क निर्माण की गुणवत्ता, चेतावनी संकेतों की मौजूदगी और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की भी जांच करेगी।

**फेफड़ों से निकला 3.5 लीटर पानी:** मृतक इंजीनियर युवराज मेहता की सोमवार को पोर्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि युवराज की मृत्यु का कारण दम घुटना बताया गया है। पोस्टमार्टम के अनुसार उनके फेफड़ों में करीब साढ़े तीन लीटर पानी भरा हुआ पाया गया, जिससे यह साबित होता है कि वह काफी देर तक पानी में डूबे रहे। डॉक्टरों की रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय तक पानी में रहने से उनके फेफड़ों में भारी मात्रा में पानी चला गया, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति रुक गई और दम घुटने की स्थिति पैदा हुई। इसी दौरान शरीर पर अत्यधिक दबाव पड़ने से हार्ट फेलियर भी हुआ, जो मौत का तत्काल कारण बना।

# निर्माणाधीन स्थलों का आठ टीम निरीक्षण करेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा में इंजीनियर की मौत के मामले में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने संज्ञान लिया। निर्माणाधीन स्थलों, गड्ढों और सेक्टरों के बीच खुले नालों का निरीक्षण करने के लिए आठ टीमें गठित की गईं। दुर्घटना संभावित स्थानों की रिपोर्ट तीन दिन में देनी होगी। इसके अलावा बिल्डरों को निर्माणाधीन साइट पर सुरक्षा के सभी मानकों को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। एहतियात के तौर पर दुर्घटना संभावित स्थानों पर दिशा सूचक बोर्ड और रिफ्लेक्टर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है।

सेक्टरों के बीच मुख्य सड़कों के किनारे स्थित नालों को कवर किया जाएगा। इसकी निविदा पूर्व में ही जारी की जा चुकी है। जल्द ही इसका काम शुरू कराया जाएगा। शपथ पत्र देना होगा नोएडा जैसी घटना भविष्य में न हो, इसके लिए सभी वर्क सर्किल के वरिष्ठ प्रबंधक को शपथ पत्र देना होगा कि उनके क्षेत्र में ऐसी कोई जगह नहीं है, जहां पर हादसा हो सकता है। इसके बाद भी हादसा होता है कि संबंधित वर्क सर्किल के प्रभारी की जिम्मेदारी होगी। सीईओ ने सड़क पर या फिर उसके आसपास किसी भी तरह के गड्ढे को चिंहित कर तत्काल भरने और सड़कों पर दिशा संकेतक समेत सभी सुरक्षा उपाय करने के भी निर्देश दिए हैं। सुरक्षा के उपाय करने के निर्देश एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने रविवार देर शाम महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह और सभी वर्क सर्किल प्रभारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की । सभी सहायक प्रबंधकों, प्रबंधकों और वरिष्ठ प्रबंधकों को अपने क्षेत्र में भ्रमण कर गड्ढों, यूटर्न, खतरनाक स्थान आदि को चिंहित करने और सुरक्षा के सभी उपाय करने को कहा। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने बताया कि खतरनाक स्थानों को चिंहित करने और सुरक्षा के सभी उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी वर्क सर्किल को शपथ पत्र भी देना होगा कि उनके क्षेत्र में सभी दुर्घटना संभावित स्थानों पर सुरक्षा के सभी उपाय कर दिए गए हैं।

**दुर्घटना संभावित क्षेत्र की पहचान शुरू:** परियोजना विभाग की टीम सोमवार से दुर्घटना संभावित क्षेत्र को चिंहित करने में जुट गई। सड़क चिह्नक, कैट्स आई, सेंट्रल वर्ज की दीवार पर पेंट व रेफ्लेक्टर, जिन नालों पर दीवार नहीं है, वहां बेरिकेडिंग करना, मुख्य मार्गों से जुड़ने वाले संपर्क मार्गों पर स्पीड ब्रेकर आदि लगाए जा रहे हैं। प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने 130 मीटर चौड़ी सड़क, सेक्टर दो और तीन आदि क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा के सभी उपाय करने के निर्देश दिए। खतरनाक स्थान को चिंहित कर उसे दुरुस्त करने को कहा गया है। लापरवाही मिलने पर वर्क सर्किल के खिलाफ कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी गई है।

**किसी भी मार्ग पर अंधेरा न रहे:** विद्युत अभियांत्रिकी विभाग को भी निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी मार्ग पर अंधेरा नहीं होना चाहिए। सभी मार्गों पर स्ट्रीट लाइटों का परीक्षण कर लिया जाए।

### अध्यक्ष ने क्लब के कार्यों का जायजा लिया

**नोएडा।** इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 301 की अध्यक्ष दीपिका बाली ने सोमवार को आईडब्ल्यूसी ऑफ ग्रीन ग्रेटर नोएडा का निरीक्षण किया। उन्होंने क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों और दस्तावेजों का अवलोकन किया। क्लब के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की और अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सभी सदस्यों को सेवा, समर्पण और निरंतर सकारात्मक कार्यों के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अमिता सिंह ने क्लब सदस्यों के साथ मिलकर गुरुकुल के बच्चों के मंत्रोच्चारण के मध्य डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन दीपिका बाली का स्वागत किया। आईडब्ल्यूसी ग्रीन ग्रेटर नोएडा ने कुल 14 प्रोजेक्ट्स सफलतापूर्वक सम्पन्न किए। इनमें तीन डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट्स और 11 क्लब प्रोजेक्ट्स शामिल रहे।

# फर्जी हॉलमार्क ज्वैलरी से धोखधड़ी करने वाले बंटी-बबली गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने फर्जी हॉलमार्क लगी ज्वैलरी के जरिये सराफा कारोबारियों को चूना लगाने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से नकली हॉलमार्क गुदे हुए पीली धातु के चार बेंगल, 1 लाख 32 हजार 230 रुपये नकद और बिना नंबर प्लेट की टाटा सेरा कार बरामद की है।

बरामद ज्वैलरी की अनुमानित कीमत करीब 8 लाख 70 हजार रुपये है। आरोपी रविवार को हरिद्वार में ठगी की घटना को अंजाम देकर वापस ग्रेटर नोएडा पहुंचे थे। डेल्टा-3 निवासी संजय वर्मा की जगत फार्म मार्केट में राधा गोविंद ज्वैलर्स के नाम से ज्वेलरी की दुकान है। 7 अक्तूबर 2025 को गुरमीत ने सोने के चार लाख रुपये की कीमत वाले दो कंगन खरीदे थे। इसके बाद 12 अक्तूबर 2025 को वही व्यक्ति सोनिया नामक महिला के साथ दुकान पर आया और खरीदे गए कंगनों को बड़ा बताते हुए छोटे साइज कंगन की मांग की।



दुकान पर भीड़ होने के कारण गुरमीत व सोनिया को बड़े कंगन बदलकर छोटे कंगन व नौ सिक्के दिए गए, इसके वाद व चले गए। बाद में जांच की तो कंगन नकली थे। आरोपी फर्जी हॉलमार्क लगी ज्वैलरी देकर असली ज्वैलरी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी।

एसीपी हेमंत उपाध्याय ने बताया कि पुलिस टीम ने सोमवार को गामा-2 ग्रीन बेल्ट क्षेत्र से आरोपी दीपक चौहान निवासी बी-81 पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट सेक्टर जीटा-1 और आरोपी सानिया उर्फ सोनिया निवासी बुलंदशहर वर्तमान पता डिजाइन आर्च सोसाइटी को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के अलावा सर्विलांस के माध्यम से आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**छह माह से महिला के साथ सहमति संबंध में रह रहा था आरोपी:** गिरोह हरिद्वार के अलावा दिल्ली में भी वारदात को अंजाम दे चुका है। पुलिस जांच में पता चला है कि जो कार बरामद हुई है वह महिला की है। महिला अपने छोटे बच्चे के साथ किराये के फ्लैट में रहती है। महिला के पति की मौत हो चुकी है। महिला आरोपी के साथ पहले प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर चुकी है। इस कारण वह आरोपी से परिचित है। वहीं आरोपी की पत्नी पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट सोसाइटी में किराये के मकान में रहती है। आरोपी पिछले छह माह से महिला के साथ उसकी सोसाइटी में सहमति संबंध में रह रहा था। गिरोह पिछले छह माह से सक्रिय था। आरोपी जब ज्वेलरी की दुकान पर जाता था तो महिला को अपनी पत्नी बताता था।

## एक नजर

### आकर्षक नंबरों की बोली कल से लगेगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** निजी वाहनों की नई सीरीज यूपी 16एफएल के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की बोली बुधवार से लगनी शुरू होगी। बोली में वही वाहन मालिक हिस्सा ले सकेंगे, जिन्होंने पंजीकरण कराया है। बोली की प्रक्रिया खत्म होने के बाद नीलामी के नतीजे जारी होंगे। इसके बाद बचे आकर्षक और अति आकर्षक नंबर पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर वाहन मालिक बुक कर सकेंगे। वहीं, सीरीज के सामान्य पसंदीदा नंबर भी वाहन मालिक बुक कर सकते हैं। इसमें दोपहिया वाहन के नंबर के लिए एक हजार रुपये और चार पहिया वाहन के नंबर के लिए पांच हजार रुपये शुल्क निर्धारित है।

### प्राधिकरण की भूमि पर अवैध निर्माण मामले में केस दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** भंगेल गांव में प्राधिकरण की भूमि पर अवैध निर्माण के मामले में 15 बिल्डर कंपनियों और उनसे जुड़े 22 लोगों के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। मामले में प्राधिकरण के वर्क सर्किल-7 के अवर अभियंता की ओर से शिकायत दी गई थी। बिल्डरों पर बिना नक्शा पास करवाए अवैध निर्माण करने का आरोप है। एसके वर्मा ने थाने में शिकायत दी कि मलिक इंफ्रा होम्स के जावेद मलिक, धर्मा प्रतिष्ठानम के विनीत श्रीवास्तव, एबी होम्स की रिया गांधी, हरदीप सिंह गांधी, राजपाल सिंह विनोद कुमार, विकास चौधरी, सिद्धार्थ कुमार अवैध तरीके से निर्माण करवा रहे हैं। वहीं, स्काई होम के विनोद कुमार, हाजी एंड एसोसिएट्स के शराफत उल्लाह, ड्रीम स्मिथ प्रोजेक्ट के अनिल कुमार, एकता बिल्डर्स के निखिल कुमार, स्टार इंफ्रा के योगेंद्र सिंह, राहुल मित्तल, विकास, नेचुरा कंस्ट्रक्शन से सोनू प्रसाद भी अवैध निर्माण करवा रहे हैं। जयमाया आशियाना से संजीव कुमार, सुपर होम्स के दुष्यंत कुमार, विकास गोयल, कर्मवीर सिंह, नितिन कसाना, ड्रीम स्मिथ प्रोजेक्ट के अनिल कुमार, वीएस कांट्रैक्टर से विकास चौधरी, स्प्रिचुअल रिजन. रेशन फाउंडेशन के विनीत कुमार श्रीवास्तव, विक्रम गोयल, एचक्यूसी इंफ्राटेक के पार्टनर जावेद मलिक, एमसी इंफ्राटेक पार्टनर उमेर उर रहमान द्वारा बहुमंजिला इमारत और बेसमेंट का निर्माण भी करवाया जा रहा है। सारे निर्माण अवैध तरीके से हो रहे हैं। इससे शहर का विकास प्रभावित हो रहा है।

### स्कूलों की टाइमिंग बदली, सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक खुलेंगे विद्यालय

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बढ़ते वायु प्रदूषण और भीषण शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने छात्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए स्कूलों की समय-सारणी में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। जिला अधिकारी गौतमबुद्ध नगर के निर्देशों के अनुपालन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया गया है।

यह नवीं से 12वीं तक के क्लास के छात्रों के लिए भी लागू किया गया है। बीएसए द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनपद गौतमबुद्ध नगर में संचालित परिषदीय, अशासकीय, राजकीय विद्यालयों सहित सीबीएसई, आईसीएसई, आईबी, यूपी बोर्ड एवं अन्य बोर्डों से मान्यता प्राप्त सभी विद्यालयों में नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक की सभी कक्षाओं का संचालन 19 जनवरी 2026 से आगामी आदेश तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। यह आदेश घने कोहरे, अत्यधिक ठंड और प्रदूषण के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जिला प्रशासन का मानना है कि सुबह के समय अत्यधिक ठंड और कम दृश्यता के कारण छात्रों को विद्यालय आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं और बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। यह आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर राहुल पंवार द्वारा जारी किया गया है, जिसमें आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### नोएडा और ग्रेटर नोएडा में किशोरियां अगवा, पुलिस ने खोजी टीम गठित की

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में रहने वाली दो किशो. रियों को बहला-फुसलाकर अगवा करने के आरोप में युवकों के खिलाफ थाना सेक्टर-63 और थाना कासना क्षेत्र में पीड़ित परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस टीम गठित कर किशोरियों की तलाश कर रही है। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अमित काकरान ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह चोटपुर कॉलोनी के 25 फुटा रोड स्थित अपने मकान में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार उनकी 16 वर्षीय बेटी 9 जनवरी से घर से लापता है।

# जिले में अत्याधुनिक साइबर थाना बनना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-20 पॉकेट-सी (थाना रबूपुरा क्षेत्र) में एक नवीन एवं अत्याधुनिक साइबर थाना भवन के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसका निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है और इसके लिए निर्माण कार्यदायी संस्था ने साइट पर काम शुरू कर दिया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि करीब 3500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनने वाले इस साइबर थाना भवन पर लगभग तीन करोड़ 30 लाख 26 हजार रुपये की अनुमानित लागत आएगी। भवन को आधुनिक तकनीकी मानकों, साइबर जांच की आवश्यकताओं और भविष्य की डिजिटल चुनौतियों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है।

यह साइबर थाना न केवल अपराधों की जांच को गति देगा, बल्कि पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पिछले कुछ वर्षों में ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, साइबर फ्रॉड, डाटा चोरी, डिजिटल अरेस्ट, बैंकिंग और वित्तीय अपराधों के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। गौतमबुद्ध नगर जैसे औद्योगिक, आईटी और शैक्षणिक हब वाले जिले में साइबर अपराधों की चुनौती और भी गंभीर हो जाती है। इसी को देखते हुए एक और साइबर थाना स्थापित करने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि नए साइबर थाना भवन के निर्माण से साइबर अपराधों की जांच को केंद्रीकृत और मजबूत ढांचा मिलेगा।

### छिजारसी को 108 एंबुलेंस के हॉट स्पॉट में शामिल किया

**नोएडा।** जिले में स्वास्थ्य विभाग ने छिजारसी को भी हॉटस्पॉट में शामिल कर लिया है। बढ़ती दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों को देखते हुए इसे 108 एंबुलेंस सेवा के हॉटस्पॉट में शामिल किया गया है। इससे पहले अगाहपुर, सेक्टर-39 और भंगेल इस सूची में शामिल थे। जिला प्रभारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि जिले में अब चार हॉट स्पॉट हो गए हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत 108 नंबर पर कॉल करें, ताकि एंबुलेंस समय पर मौके पर पहुंच सके। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों से रोजाना औसतन 10 से 15 इमरजेंसी कॉल आती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इन सभी हॉटस्पॉट क्षेत्रों में 108 एंबुलेंस को स्थायी रूप से तैनात किया गया है, जिससे जरूरत पड़ने पर कम से कम समय में रोगियों तक पहुंचा जा सके।

# 10 साल की बच्ची की कई पसलियां और दांत टूटे

## कांस्टेबल और पत्नी ने बुरी तरह पीटा, भूखा रखा, अब बच्ची वेंटीलेटर पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सीआरपीएफ कॉन्सटेबल और उसकी पत्नी ने 10 साल की बच्ची के साथ मारपीट की। उसे अधमरी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची की हालत में देखकर डॉक्टर भी हैरान हो गए। उसके शरीर में गहरे घाव थे, कई पसलियां और दांत टूटे हुए थे। शरीर में हीमोग्लोबिन 1.9 था।

बच्ची के शरीर पर चोटों के कई नए-पुराने निशान मौजूद थे, जो लंबे समय से होने वाले अत्याचार की तरफ इशारा कर रहे थे। तब डॉक्टरों ने बच्ची का मेडिकल लीगल केस तैयार कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने 18 जनवरी को एफआईआर दर्ज की। मामले की जांच के लिए पुलिस सीआरपीएफ कैंप पहुंची। जहां वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की गई। आरोपी सही पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी कमांडेंट तारीक अनवर और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना ईकोटेक-3 का है।

**बाथरूम में फिसलने से लगी चोट:** ईकोटेक-3 में सीआरपीएफ कैंपस में ब्लॉक संख्या 60 के क्वार्टर नंबर 13 में कमांडेंट जीडी तारीक अनवर अपनी पत्नी रिम्पा खातून के साथ रहते हैं। दोनों ही आरोपी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। इनके साथ में पत्नी के पक्ष की 10 साल की भांजी भी रहती थी। जिससे वो घर का काम कराते थे। बच्ची को सीआरपीएफ कैंपस में रखने के लिए तारीक ने कोई परमिशन भी नहीं ली थी।

15 जनवरी को तारीक ने बच्ची को पहली बार सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बच्ची मरणासन्न हालत में थी। बच्ची के सिर, सीने और दूसरे अंगों में गंभीर चोट लगी थी। बच्ची को इतनी गंभीर हालत देखकर डॉक्टरों ने तारीक से इसकी वजह पूछी। तो तारीक ने बताया कि बाथरूम में फिसलकर गिर गई थी।

लेकिन डॉक्टरों ने जब बच्ची का मेडिकल तौर पर टेस्ट किया, तो उसके शरीर में कई पुराने घाव, चोट और उनके निशान थे। बच्ची बोल पाने तक की स्थिति में नहीं थी।

**बच्ची को कई दिन खाना नहीं दिया:** डॉक्टरों को बच्ची के साथ बर्बरता होने का शक हुआ। जिसके बाद हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम ने बच्ची का मेडिकल लीगल केस तैयार किया।

इस रिपोर्ट में डॉक्टरों ने लिखा है- बच्ची की हालत बहुत खराब है। उसके शरीर में कई अंगों पर गहरी चोटें लगी हैं। बच्ची की हालत को देखकर लग रहा है कि उसे कई दिन से भूखा रखा गया है। ये लोग बच्ची से घर के काम कराते थे। अगर वो ठीक से काम नहीं कर पाती थी, तो वे उसे शारीरिक यातनाएं देते थे।

बच्ची का हीमोग्लोबिन सिर्फ 1.9 है। उसकी आंखों के नीचे काले धब्बे थे और पैरों में सूजन थी। उसे गहरे घाव और बेहोशी की हालत में अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में लाया गया था।

**अब बच्ची मैक्स अस्पताल में भर्ती:** तारीक ने बच्ची को प्रारंभिक उपचार के लिए सीआरपीएफ अस्पताल में भर्ती नहीं कराया था। जब हालत ज्यादा बिगड़ी तो उसे सेक्टर 28 के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया। जहां वह इस समय वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। इस रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टरों ने तारीक के खिलाफ थाना ईकोटेक-3 में एफआईआर दर्ज कराई।

मामले की जांच के लिए पुलिस टीम जब सीआरपीएफ कैंपस पहुंची। तो वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की। इस पर मेजर ने बताया- कांस्टेबल तारिक अनवर और उनकी पत्नी रिम्पा खातून ने वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के बिना अपने आवास पर लगभग 10 साल की बच्ची को रखा हुआ था। वो उससे घरेलू कामकाज के लिए पश्चिम बंगाल से लाए थे। ये बच्ची उसकी पत्नी रिम्पा के रिश्तेदार की बेटी बताई जा रही है।

**पुलिस ने किया गिरफ्तार:** पुलिस टीम ने जब तारीक अनवर ने इस बारे में बात कि तो वो अपने अधिकारियों को और पुलिस को संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। जिसके बाद सीआरपीएफ के अधिकारियों ने तारीक को सस्पेंड कर दिया। वहीं पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपी कांस्टेबल तारिक अनवर और उसकी पत्नी रिम्पा खातून को गिरफ्तार कर लिया है।

एडीसीपी सेंट्रल नोएडा संतोष कुमार ने बताया कि शिकायत के बाद इस मामले में धारा 110 बीएनएस के तहत मुकदमा रजिस्टर किया गया है। आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# देश-विदेश घुमाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले दो लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने देश-विदेश घुमाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के सरगना समेत दो आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। अब आरोपियों की अवैध संपत्ति कर्क की जाएगी। दोनों के खिलाफ एक वर्ष पहले मुकदमे दर्ज हुए थे। पुलिस के मुताबिक ग्रेटर नोएडा की एक सोसाइटी में रहने वाले सौरभ तलवाड़िया ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि वह पत्नी के साथ वर्ष 2018 में गाजियाबाद के एक मॉल गए थे। मॉल में एक व्यक्ति ने फॉर्म भरवाया और उनका नाम एक लक्की ड्रॉ में डालने की बात कही। कुछ दिनों के बाद उनके पास कॉल आई कि उनका नाम लक्की ड्रॉ में चुना गया है।

इसके बाद उन्हें गाजियाबाद के पांच सितारा होटल में बुलाया। यहां उन्हें कम दाम में हॉलिडे पैकेज बताए गए। उन्हें 10 साल तक हर साल सात दिन का हॉलिडे पैकेज देने की बात कही गई। इसके लिए उनसे एक लाख 40 हजार रुपये लिए गए। उन्होंने बाद में मनाली, शिमला समेत कुछ अन्य जगहों पर होटल बुकिंग का प्रयास किया तो कंपनी से कोई जानकारी नहीं मिली। उन्होंने होटल को चेक किया तो पता चला कि ऑफर में दिए होटल असल में हैं ही नहीं।

इस मामले में पुलिस ने गाजियाबाद निवासी विशाल कुमार राय और दिल्ली के करावल नगर निवासी दीपक राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपियों के खिलाफ सभी मामलों में आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल हो चुके हैं। अब आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ है। इन्हें गिरफ्तार किया जाएगा और अवैध संपत्ति कर्क की जाएगी।

# यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 30 जनवरी को होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) की बोर्ड बैठक 30 जनवरी को होगी। अधिकारियों ने शहर में होने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार शुरू कर दिए हैं। इस बार हाथरस, आगरा और हेरीटेज के मास्टर प्लान को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। सीईओ आरके सिंह ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जाएंगे। बोर्ड की मुहर के बाद इन पर अमल किया जाएगा। बैठक में आवंटियों और किसानों से संबंधित और नीतिगत प्रस्ताव रखे जाएंगे। खास तौर पर नोएडा शुरू होने के बाद शहर में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ाने पर जोर है। पिछले वर्ष प्राधिकरण ने 65 से अधिक भूखंड आवंटित किए हैं।

इस वर्ष के अंत तक प्राधिकरण ने शहर में करीब 180 कंपनियों के संचालन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अलावा फेज-2 के तहत हाथरस, आगरा, अलीगढ़ व मथुरा जिले के अधिसूचित क्षेत्र में भी विकास कार्यों को पूरा किया जाना है। बोर्ड बैठक की तैयारियां यमुना प्राधिकरण में शुरू हो गई हैं। बैठक की सूचना सभी सदस्यों को भेजनी शुरू कर दी गई है।

# एक्सप्रेसवे पर वाहन की टक्कर से कंपनीकर्मी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से कंपनीकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अंतिम संस्कार करने के बाद उसके पिता ने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया। सदरपुर गांव निवासी रणवीर सिंह ने बताया कि उनका बेटा अंकित सिंह कंपनी में नौकरी करता था।

वह रोजाना की तरह सात जनवरी को भी सेक्टर-126 थाना क्षेत्र स्थित कंपनी में नौकरी करने गया था। रात ग्यारह बजे के करीब वह ड्यूटी से लौट रहा था। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन ने अंकित को टक्कर मारकर घायल कर दिया।

हादसे के बाद कंपनीकर्मी काफी देर तक सड़क पर तड़पता रहा था। लोगों ने पुलिस की मदद से लहूलुहान अवस्था में अंकित को अस्पताल में भर्ती कराया। परि. जनों को हादसे की जानकारी दी। परिजनों के पहुंचने से पहले ही अंकित की मौत हो गई। उसके सिर में गंभीर चोटें आई थीं। पीड़ित पिता ने अंतिम संस्कार के बाद थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस का कहना है कि एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन और आरोपी चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जिस समय हादसा हुआ, उस वक्त सड़क पर कोहरा था।

# पशु चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** पुलिस ने रात के अंधेरे में आवारा पशु चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से दो बैल और पिकअप गाड़ी बरामद हुई। आरोपियों की पहचान बहराटपुर गांव जिला बेतिया, बिहार निवासी भाग्य नारायण, बिल्हौर, कानपुर के चौबी गढ़ी निवासी सज्जन कुमार और रबूपुरा के धनपुरा निवासी अशरफ के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भे दिया। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी दिन के समय जंगलों में घूमने वाले आवारा पशुओं की रेकी करते। रात को पशुओं को घेरकर सुनसान जगह ले जाते और पिकअप बुलाकर पशुओं को उसमें चढ़ाकर चुरा ले जाते।

फलेदा गांव निवासी सुखबीर



सिंह और अन्य ग्रामीणों ने इसकी शिकायत की थी। पुलिस ने कार्रवाई कर तीनों को करौली पुलिया के पास से दबोच लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी की वारदातों को अंजाम देने में इस्तेमाल होने वाली पिकअप गाड़ी, दो मोबाइल फोन, एक तमंचा और उनके द्वारा चोरी किए गए दो बैल भी बरामद किए गए।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# इंसानियत की मिसाल बने ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतेन्द्र सिंह

## सीने में दर्द होने से बेहोश होकर सड़क पर गिरे बैंक सुरक्षा कर्मी की ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने सीपीआर देकर बचाई जान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में इंसानियत और हौसले की बड़ी मिसाल सामने आई है। सड़क पर अचानक एक बैंक सुरक्षा कर्मी की तबीयत बिगड़ी और वो बेहोश होकर सड़क गिर गया। वंदना चौक पर तैनात ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतेन्द्र सिंह ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बेहोश हुए युवक को CPR देकर उसकी जान बचाई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा हैं।

पूरा मामला जनपद बागपत के वंदना चौक का हैं। सोमवार दोपहर एक व्यक्ति के अचानक सीने में तेज़ दर्द हो गया और देखते ही जितेंद्र कुमार जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। जितेंद्र के अचानक जमीन पर गिरने से आस पास खड़े लोगों की भीड़ इखट्ठा हो गई, लेकिन इसी बीच वंदना चौक पर तैनात ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत CPR देना शुरू कर दिया। इंस्पेक्टर सतेंद्र सिंह की सूझबूझ से बैंक सुरक्षा कर्मी जितेंद्र की जान बच गई। पूरी मामला वहां खड़े किसी एक युवक ने मोबाइल कैमरे में कैद कर ली, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। लोग ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतेंद्र सिंह की जमकर सराहना कर रहे हैं और इसे पुलिस की मानवता की बड़ी मिसाल बता रहे हैं।

# बुजुर्ग महिला की बाइक से गिरकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर रमाला गेट के पास सोमवार को एक बुजुर्ग महिला की बाइक से गिरकर मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला को झपकी आने के कारण वह बाइक से गिरी और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी जान चली गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मृतक महिला की पहचान मुजफ्फरनगर के ग्राम खानपुर निवासी 75 वर्षीय मुन्नी देवी के रूप में हुई है। उनका परिवार हरियाणा के सोनीपत जिले के ग्राम संबोली में रहता है। मुन्नी देवी को उनके ननदोई धर्मपाल, जो नरेला के निवासी हैं, बाइक से शामली लेकर जा रहे थे। हाईवे पर रमाला गेट के पास पहुंचने पर मुन्नी देवी अचानक बाइक से गिर गईं और बेहोश हो गईं। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। धर्मपाल तुरंत उन्हें बड़ौत सीएचसी ले गए। बड़ौत सीएचसी में चिकित्सकों ने मुन्नी देवी को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी इंचार्ज कृपेन्द्र सिंह ने पुष्टि की कि महिला की मौत बाइक से गिरने के कारण हुई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# महायज्ञ में नशा न करने का दिलाया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत गांव में एक महायज्ञ और हवन का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगो को नशा न करने का संकल्प दिलाया गया।

ढिकोली गांव में प्राचीन शिव मंदिर में एक महायज्ञ का आयोजन किया, जिसमे क्षैत्र के सैकड़ों लोगो ने भाग लिया। ढिकोली निवासी व जाट महासभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट सोमेंद्र ढाका नें नशे के खिलाफ अभियान चला रखा है जिसमें वह ढिकोली गांव को नशा मुक्त गांव बनाने के अलावा अन्य गावों में भी नशे के खिलाफ अभियान चला लोगो को जागरूक कर रहे है। रविवार को महायज्ञ में हवन में आहूति देते हुए लोगो को नशा न करने का संकल्प दिलाया गया। वही यज्ञ में शामिल सैकड़ों लोगो ने गांव का भम्रण कर लोगो को नशा न करने का संदेश दिया और नशे से होने वाले दुप्रभाव के बारे मे बताया महायज्ञ में आचार्य कणव भारद्वाज, ब्रहम आचार्य अभिषेक, ध्रुव, आदित्य, नें मन्त्रों जाप कराते। वही इस मौकें पर एडवोकेट सोमेंद्र ढाका, सुषमा, योगेन्द्र ढाका, अनुज ढाका, संदीप प्रधान, अन्नू मलिक, जयकुमार, अजय ढाका, रामबीर ढाका, गौरव आदि लोग मौजूद रहे।



# समाजसेवी राजेंद्र भारद्वाज का हृदय गति रुकने से निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के पट्टी मेहर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र भारद्वाज का सोमवार को सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। परिवार में शौक छा गया। राजेंद्र भारद्वाज सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। लोगों के साथ उनका बहुत ही से कुशल अच्छा व्यवहार था। उनके निधन पर बड़ौत के गणमान्य नागरिकों ने भी गहरा दुख प्रकट किया। ब्राह्मण समाज 84 देश खाप चौधरी पंडित सुभाष शर्मा ने बताया कि उनके निधन से ब्राह्मण समाज को ही नहीं सभी समाज के लोगों को गहरा झटका लगा है। राजेंद्र भारद्वाज हमेशा समाज की सेवा में लोगों के साथ जुड़े रहते थे आज उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी हर किसी की आंखें उनके लिए आंसुओं से छलक रही थी।



# भाजपा सरकार मनरेगा को लेकर कर रही श्रमिकों का शोषण: उर्मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बाजिदपुर गांव में जिला महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष उर्मिला सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा को लेकर श्रमिकों का शोषण कर रही है जिसे कांग्रेस कभी भी सहन नहीं करेगी। जिलाध्यक्ष उर्मिला सिंह ने कांग्रेस कमेटी की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार में किसानो मजदूर का शोषण हो रहा है।



सोमवार को जोहडी बाजिदपुर गांव में जिलाध्यक्ष उर्मिला सिंह का बैठक के दौरान फूलों की मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा को खत्म करने का काम कर रही इससे मजदूर बर्बाद हो जाएगा साथी उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को जानबूझकर कमजोर करने के प्रयास किया जा रहे हैं यह सीधे-सीधे भारत के मजदूरों पर हमला है हम इस अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर अपनी आवाज उठाते रहेंगे अब मनरेगा योजना को 60-40 के फंडिंग पैटर्न में बदलकर अतिरिक्त बैज मजदुरो पर डाला जा रहा है। हमारा संघर्ष मजदूरों के साथ जारी रहेगा। बैठक में अमरेश देवी कुसुम चौधरी मंजू देवी बिनौली ब्लाक अध्यक्ष वीरमति चौधरी पायल देवी कुसुम देवी बालेश देवी मधु चौधरी पूजा चौधरी मिथिलेश के अलावा काफी संख्या में महिला कांग्रेस कमेटी की सदस्य मौजूद रही।

# गुरु की शरण में जाने से संवरता है भाग्य:सिद्धगुरु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जिवाना गुलियान के नीलकंठ आश्रम में प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का सोमवार को शुभारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर पुण्यार्जन किया।

इस अवसर पर नीलकंठ आश्रम पीठाधीश सिद्धगुरु महाराज ने श्रद्धालुओं को उपदेश देते हुए कहा मानव एक योनि है, लेकिन जब तक हमारे अंदर मानवीय गुण नहीं होंगे तब तक हम मानव कहलाने के योग्य नहीं है। गुरु की शरण में जाने से भाग्य संवरता है, और जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। यह एक आध्यात्मिक मान्यता है। गुरु न केवल अज्ञान के अंधकार को दूर करते हैं, बल्कि शिष्य के जीवन में भक्ति, प्रकाश और ज्ञान का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा जब कोई शिष्य सच्चे भाव से गुरु की शरण में जाता है, तो उसका भाग्य बदल सकता है। गुरु की कृपा से जीवन के कठोर दंड और कर्मों के फल कम हो सकते हैं। गुरु का कार्य अपने शिष्य को ईश्वर से मिलाना है, और वे अज्ञान को दूर कर सही मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु की दिव्य दृष्टि और कृपा से जीवन में मौजूद नकारात्मकता, मानसिक अशांति और पीड़ा दूर हो जाती है। कठिनाइयों का निवारण हो जाता है। गुरु के बिना मुक्ति नहीं का भाव जीवन को सार्थक बनाता है। इससे पूर्व उन्होंने आश्रम परिसर में धर्म ध्वजा फहराकर आयोजन का शुभारंभ किया। आयोजन के ब्रह्म आचार्य अमित शास्त्री व आचार्य अंकुर भारद्वाज ने वेदपाठ व ईश भक्ति से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किए। राजकुमार सोलंकी सपत्नीक यज्ञमान रहे। आयोजन में कई प्रांतों से आए श्रद्धालुओं ने आहुति देकर धर्म लाभ उठाया।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाए जोहर, घोड़ा पहलवान ने मारी कुश्ती

**रटौल।** ढिकोली गांव में हर माह आयोजित दगंल का आयोजन किया गया जिसमें क्षैत्र के सैकड़ों लोगो ने दंगल का लुफ्त उठाया और पहलवानों को आशीर्वाद दिया।

ढिकोली गांव मे हर माह एक दंगल का आयोजन किया जाता है जिससे क्षैत्र में पहलावनी का जज्बा बना रहे और कुश्ती लोगो का मनोरंजन के साथ साथ देश के लिए पहलवान तैयार किया जा सके। काठा के विराट पहलवान ने चोर मऊ के अजय पहलवान को हराया, ढिकोली के आरव पहलवान नें चोर मऊ के रोबिन पहलवान को हराया। काठा के दौलत पहलवान नें खेडा हटाना के दीपक पहलवान को हराया, भैड़ापुर के घोडा पहलवान ने काठा के शिवा पहलवान को हराया, दगंल मे रेफरी की भूमिका बिटू पहलवान ने निभाई। वही ग्रामीणों ने सहयोग किया।



# पुलिस ने किया आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** टीकरी कस्बे में एक हिस्ट्रीशीटर पर हुए हमले के मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। हमले में हिस्ट्रीशीटर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं और कई स्थानों पर दबिश दी है।

टीकरी चौकी प्रभारी विकुल कुमार ने बताया कि तीन दिन पहले टीकरी निवासी शुभम पुत्र सेवाराम पर पांच लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर फायरिंग की थी। यह घटना तब हुई जब शुभम अपने खेत से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना भरकर ले जा रहा था। हमले में शुभम घायल हो गया, जबकि उसके साथ मौजूद विनोद ने भागकर अपनी जान बचाई। घायल शुभम दोघट थाने का हिस्ट्रीशीटर है। शुभम की मां पल्लो की तहरीर पर टीकरी कस्बे के जयसिंह, राजीव उर्फ मनोज, आदेश (पुत्र जयसिंह), मेरठ के रोहटा निवासी अंकित और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। पीड़ित परिवार ने मारपीट और जानलेवा हमले के सभी फरार आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। परिवार ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस अधिकारियों से जल्द कार्रवाई का आग्रह किया। दोघट थाना प्रभारी सूर्यदीप का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# परिजनों ने पुलिस पर लगाया चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट कस्बे के दीपक शर्मा पुत्र ओमदत्त शर्मा ने बड़ौत के अस्पताल के चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही बरतने के कारण उसकी पत्नी का मौत होने का आरोप लगाया। उसका कहना है कि तहरीर देने के बाद भी बड़ौत कोतवाली पुलिस ने चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। उसने डीएम से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की।

उसका कहना था कि 10 जनवरी को उसकी पत्नी शिवानी जीने से गिर गई थी। उसके सीधे हाथ में फैक्चर होने पर बड़ौत के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सक ने ऑपरेशन करने के लिए उसे भर्ती कर लिया था। आरोप है कि चिकित्सक ने महिला को एनीथिसिया का इंजेक्शन दिया और उसके बाद उसकी मौत हो गई। महिला का शरीर नीला पड़ गया था। मौत का कारण पूछने पर चिकित्सक ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उन्होंने चिकित्सक के खिलाफ बड़ौत कोतवाली में तहरीर दी थी, मगर पुलिस ने अभी तक इस मामले में न तो मुकदमा दर्ज किया है और न ही कोई कार्रवाई नहीं की है। उसने डीएम से चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की।

# पुलिस ने तमंचे के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे तो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से एक अवैध तमंचा एक अवैध चाकू और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है जहां बागपत एसपी सूरज राय के निर्देशन में पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी तभी दो युवकों की तलाशी ली गई हो तो उनके पास से एक अवैध तमंचा मिला और एक आवे चाकू मिला दोनों अभियुक्त किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे की रफ्तार अभियुक्त की पहचान राहुल और मुकुल संतोषपुर गांव के रहने वाले हैं जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त राहुल बागपत कोतवाली में पूर्व में पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि मुकुल पर दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। बागपत में पुलिस लगातार अवैध हथियार रखना के मामले में करवाही रही है लेकिन आए दिन अवैध हथियार के मामले में आए दिन सामने आ रहे हैं। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान दो अभिक्तों को गिरफ्तार किया गया है।




## विशेष रेलगाड़ियाँ

24 और 25 जनवरी, 2026 को नांदेड़ साहिब में "हिंद की चादर" श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबद्ध में रेलयात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के सुविधाजनक आगमन हेतु, उत्तर रेलवे द्वारा निम्न विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04524/04523 चंडीगढ़ - हुजूर साहेब नांदेड - चंडीगढ़ आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04524 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04523 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 05:40 | चंडीगढ़ | 08:00 | ---- |
| 06:25 | 06:30 | अम्बाला छावनी | 07:00 | 07:05 |
| 07:43 | 07:45 | पानीपत जं. | 05:30 | 05:32 |
| 10:40 | 10:45 | दिल्ली सफदरजंग | 03:00 | 03:05 |
| 14:05 | 14:10 | आगरा छावनी जं. | 22:05 | 22:10 |
| 17:20 | 17:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 18:50 | 19:00 |
| 19:50 | 20:00 | बीना जं. | 16:10 | 16:20 |
| 21:50 | 21:55 | भोपाल जं. | 14:00 | 14:10 |
| 23:25 | 23:30 | इटारसी जं. | 12:15 | 12:25 |
| 02:03 | 02:05 | खंडवा जं. | 09:35 | 09:45 |
| 03:55 | 04:00 | भुसावल जं. | 07:05 | 07:15 |
| 06:15 | 06:20 | मनमाड़ जं. | 04:25 | 04:30 |
| 08:13 | 08:15 | छत्रपति संभाजीनगर | 01:15 | 01:20 |
| 09:13 | 09:15 | जालना | 00:03 | 00:05 |
| 11:15 | 11:20 | परभणी जं. | 22:13 | 22:15 |
| 12:00 | 12:02 | पूर्णा जं. | 21:35 | 21:40 |
| 13:30 | ---- | हुजूर साहेब नांदेड | ---- | 21:00 |

**चलने के दिन: 04524 चंडीगढ़** से दिनांक 23.01.2026 से 24.01.2026 तक एवं **04523 हुजूर साहेब नांदेड** से दिनांक 25.01.2026 से 26.01.2026 तक। **स्थान:** वाता-1 टीयर, वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04494/04493 हज़रत निज़ामुद्दीन - हुजूर साहेब नांदेड - हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षित सुपरफॉस्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04494 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04493 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 12:30 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:20 | ---- |
| 15:28 | 15:30 | आगरा छावनी जं. | 20:08 | 20:10 |
| 18:00 | 18:10 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 16:50 | 17:00 |
| 20:25 | 20:30 | बीना जं. | 14:15 | 14:20 |
| 22:25 | 22:30 | भोपाल जं. | 12:10 | 12:15 |
| 00:10 | 00:20 | इटारसी जं. | 10:30 | 10:40 |
| 03:00 | 03:10 | खंडवा जं. | 08:00 | 08:10 |
| 05:10 | 05:20 | भुसावल जं. | 05:50 | 06:00 |
| 05:48 | 05:50 | जलगांव जं. | 05:23 | 05:25 |
| 07:55 | 08:00 | मनमाड़ जं. | 03:40 | 03:45 |
| 10:20 | 10:25 | छत्रपति संभाजीनगर | 00:18 | 00:20 |
| 11:23 | 11:25 | जालना | 23:23 | 23:25 |
| 13:23 | 13:25 | परभणी जं. | 21:18 | 21:20 |
| 14:13 | 14:15 | पूर्णा जं. | 20:40 | 20:45 |
| 16:20 | ---- | हुजूर साहेब नांदेड | ---- | 20:10 |

**चलने के दिन: 04494 हज़रत निज़ामुद्दीन** से दिनांक 23.01.2026 से 24.01.2026 तक एवं **04493 हुजूर साहेब नांदेड** से दिनांक 24.01.2026 से 25.01.2026 तक। **स्थान:** वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04642/04641 अमृतसर जं. - चेरलापल्ली - अमृतसर जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04642 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04641 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 03:35 | अमृतसर जं. | 15:10 | ---- |
| 04:05 | 04:10 | ब्यास जं. | 14:03 | 14:05 |
| 04:40 | 04:45 | जालंधर सिटी | 13:25 | 13:30 |
| 05:05 | 05:07 | फगवाड़ा जं. | 12:48 | 12:50 |
| 06:00 | 06:05 | ढंडारी कलां | 11:50 | 11:55 |
| 08:00 | 08:10 | अम्बाला छावनी | 09:55 | 10:00 |
| 09:23 | 09:25 | पानीपत जं. | 07:53 | 07:55 |
| 12:30 | 12:35 | दिल्ली सफदरजंग | 04:45 | 04:50 |
| 16:15 | 16:20 | आगरा छावनी जं. | 00:15 | 00:20 |
| 19:30 | 19:40 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 20:30 | 20:40 |
| 23:45 | 23:55 | बीना जं. | 17:50 | 18:00 |
| 01:50 | 01:55 | भोपाल जं. | 15:45 | 15:50 |
| 03:30 | 03:40 | इटारसी जं. | 13:55 | 14:05 |
| 06:45 | 06:50 | खंडवा जं. | 11:10 | 11:15 |
| 09:00 | 09:10 | भुसावल जं. | 08:55 | 09:05 |
| 09:43 | 09:45 | जलगांव जं. | 08:23 | 08:25 |
| 12:15 | 12:20 | मनमाड़ जं. | 06:30 | 06:35 |
| 14:15 | 14:20 | छत्रपति संभाजीनगर | 03:40 | 03:45 |
| 15:23 | 15:25 | जालना | 02:13 | 02:15 |
| 17:28 | 17:30 | परभणी जं. | 22:58 | 23:00 |
| 18:35 | 18:40 | पूर्णा जं. | 22:20 | 22:25 |
| 19:25 | 19:30 | हुजूर साहेब नांदेड | 21:35 | 21:40 |
| 22:00 | 22:02 | बासर | 18:38 | 18:40 |
| 22:40 | 22:42 | निजामाबाद | 18:08 | 18:10 |
| 23:53 | 23:55 | कामारेड्डी | 17:13 | 17:15 |
| 01:10 | 01:12 | बोलारम | 16:13 | 16:15 |
| 03:30 | ---- | चेरलापल्ली | ---- | 15:40 |

**चलने के दिन: 04642 अमृतसर जं.** से दिनांक 23.01.2026 से 24.01.2026 तक एवं **04641 चेरलापल्ली** से दिनांक 25.01.2026 से 26.01.2026 तक। **स्थान:** वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

198/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आवारा गाय की टक्कर से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

## गांव में फैला आक्रोश, सरधना के ग्राम नंगला आर्डर का है मामला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना क्षेत्र के ग्राम नंगला आर्डर में आवारा पशुओं का आतंक एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। दो दिन पूर्व आवारा गाय की टक्कर से गंभीर रूप से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक के साथ-साथ भारी आक्रोश का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार ग्राम नंगला आर्डर निवासी राजपाल की बहन महेन्द्री पत्नी स्वर्गीय सुकली, जो मूल रूप से ग्राम बासरी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर की रहने वाली थीं।

शुक्रवार को अपने घर के बाहर खड़ी थीं। तभी अचानक वहां पहुंची एक आवारा गाय ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला जमीन पर गिर पड़ी। गाय ने पेट में सींग मारकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उनका पेट फट गया। घटना के तुरंत बाद परिजन घायल महिला को ईश्वर नर्सिंग होम, सरधना लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज चल रहा था। हालांकि हालत में सुधार न होने पर सोमवार को उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना के बाद ग्रामीणों में आवारा पशुओं को लेकर जबरदस्त नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा गायों और अन्य पशुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग और प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने प्रशासन से घटना का संज्ञान लेने, जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करने, आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान करने तथा मृतक महिला के परिवार को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। इस दौरान संजीव कुमार, सुखपाल, रामकुमार, राहुल, राजपाल, मीना सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## गोदाम में चोरी करने वाला आरोपी दबोचा, कोल्ड ड्रिंक एनर्जी ड्रिंक बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कस्बा सिवाल खास में गोदाम में चोरी करने वाले आरोपी को सोमवार को मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया और चलान कर जेल भेज दिया। उसके पास से चोरी किया हुआ माल भी बरामद हुआ। सिवाल खास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार ने बताया कि कस्बा सिवाल खास निवासी अनीश पुत्र यासीन उर्फ राजा में जानी थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही तीन व्यक्ति अबूजर, सुल्तान, अमन उसके गोदाम से एनर्जी ड्रिंक की पेटी कोल्ड ड्रिंक की पेटी और आदि सामान चुराकर ले गए जहां तीनों चोर सीसीटीवी में कैद हो गए पुलिस ने जांच पड़ताल में तीनों आरोपियों को चोरी करते पाया गया। सूचना पर पसतरा जाने वाले रास्ते पर से दबोच लिया और गिरफ्तार कर लिया जहां उसके पास से कोल्ड ड्रिंक की पेटी एनर्जी ड्रिंक की पेटी और हेल की पेटी बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुल्तान पुत्र हसनैन सिवाल खास के रूप में हुई पुलिस ने आरोपी को चालान कर जेल भेज दिया। वही सिवाल खास चौकी इंचार्ज ने बताया कि बाकी आरोपी भी जल्द पकड़े जाएंगे उसके लिए पुलिस टीम लगा दी गई है। आरोपी काफी दिनों से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे।

# नगर पंचायत हस्तिनापुर में सभासदों और कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** नगर पंचायत हस्तिनापुर में चेयरपर्सन और सभासदों के बीच चल रहे विवाद को लेकर सोमवार को नगर पंचायत हस्तिनापुर में कर्मचारियों और सभासदों ने धरना प्रदर्शन दिया। कर्मचारियों ने नगर पंचायत के परिसर के अंदर एवं सभासदों ने नगर पंचायत के गेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया। कुछ ही समय बाद चेयरपर्सन मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाया लेकिन सभासदों और चेयरपर्सन के बीच काफी नोक झोंक हुई। चेयरपर्सन के समझाने पर सभासदों ने अपनी कुछ मांगे रखी है। चेयरपर्सन ने कहा कि एक महीने में सभी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा। सभासदों ने कहा कि अब देखते है कि हस्तिनापुर नगर पंचायत अध्यक्षा अपने कर्मचारियों और सभासदों के बीच कितनी खरी उतरती है। अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो दोबारा धरना प्रदर्शन करने पर उतर जाएंगे।

## सीएनजी बस के परिचालक कमिश्नर से मिले, जताया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को सीएनजी बस के परिचालक आयुक्त से मिले उनका कहना था कि वह 2010 में संविदा परिचालक के पद पर भर्ती हुए थे। एनजीटी के आदेश अनुसार 15 वर्ष पुरानी सीएनजी बसों का संचालन बंद हो चुका है। जिसके कारण उनका परिवार पूरी तरीके से बेरोजगार है। परिवार का पालन पोषण करने के लिए उन्हें लोगों से कर्ज लेना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई का खर्च स्वास्थ्य का खर्च उन्हें सहन करना पड़ रहा है उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द सीएनजी बसों का संचालन किया जाए जिससे उन्हें रोजगार मिल सके। और लोगों को सफर करने में आसानी हो।

# एनएच-58 पर सेवानिवृत्त सैनिक का शव मिलने से हड़कंप, हार्ट अटैक की आशंका

- पहले भी दो बार आ चुका था हार्ट अटैक
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना दौराला क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे-58 पर देहरादून-दिल्ली मार्ग स्थित आईएचएम कॉलेज के पीछे दीवार के पास सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक सेवानिवृत्त सैनिक का शव बरामद हुआ।

मृतक की पहचान मुकेश पुत्र नेक राम, निवासी सैनिक विहार थाना कंकरखेड़ा के रूप में हुई है। मुकेश सेना से सेवानिवृत्त थे और वर्तमान में एक कॉलेज में सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहे थे। सूचना मिलते ही दौराला पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी इंचार्ज बरन कुमार के अनुसार, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि मृतक शौच के लिए जंगल की ओर गया होगा, इसी दौरान हार्ट अटैक आने से उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी सुमन कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। परिजनों के अनुसार, मुकेश को पहले भी दो बार हार्ट अटैक आ चुका था और उसका इलाज चल रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

## जानी थाने के दो दरोगाओं को एसएसपी ने लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन कुमार ताडा ने मेरठ का पुलिस या सिस्टम काफी हद तक सुधार दिया है लेकिन कहीं ना कहीं भ्रष्टाचारी दरोगा हर थाने में जमे बैठे हैं। ऐसा ही मामला जानी थाना में तैनात दो दरोगाओं का काफी दिनों से चर्चाओं में था। आए दिन कोई ना कोई भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे थे। ऐसा ही मामला बरहमपुर में किसी झगड़े के विवाद के चलते अभी चर्चाओं में रहा। एसएसपी ने गंभीरता से लेते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मेरठ एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने जानी थाने पर तैनात दरोगा मोहन सिंह और आकाश दीक्षित को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। बताया जा रहा है कि दोनों दरोगाओं के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें सामने आ रही थीं। प्राथमिक जांच के बाद एसएसपी ने यह सख्त कदम उठाया, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधिकारियों ने दोनों दरोगाओं की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# कंकरखेड़ा में पतंगबाजी के विवाद ने लिया हिंसक रूप

- पतंग उड़ाने को लेकर विवाद, युवक ने महिला पर किया धारदार सरिया से हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना कंकरखेड़ा क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोमवार देर शाम चौक मोहल्ला कंकरखेड़ा में बच्चों की पतंग उड़ाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि सोनू नाम के युवक ने पटाखे फोड़ने वाली धारदार लोहे की सरिया से महिला पर हमला कर दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कंकरखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सिविल लाइन क्षेत्र में नाला निर्माण का विरोध

## क्षेत्रीय लोगों ने नगर आयुक्त से की शिकायत



मसीहपुरम के लोग नगर आयुक्त कैंप कार्यालय पर विरोध करते।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीएमग्रीड योजना के तहत कमिश्नरी आवास से लेकर सर्किट हाउस तक नाली का निर्माण किया जा रहा है जिसका मसीहपुरम के लोगों ने विरोध किया है।

उनका आरोप था कि पुलिस लाइन से लेकर पीडब्लयूडी बिल्डिंग के सामने से अभीकर्मा बिल्डिंग के सामने से होता हुआ स्टेडियम चौराहे तक का नाला सीधा बनाया गया है इसी प्रकार सड़क के दूसरी ओर से सर्किट हाउस से हावर्ड प्लास्टिक इंटर कॉलेज तक इस नाले का निर्माण सीधा किया गया और यहां पर लाकर काम को रोक दिया गया। उनको जानकारी प्राप्त हुई है कि अब नाले को 70 डिग्री से 90 डिग्री तक घूमाकर सिविल लाइन की दीवार की तरफ मोड़ा जाएगा उनका आरोप था कि नाला मोड़ने से पेड़ों को नुकसान हो रहा है और पानी की निकासी भी नहीं हो पाएगी। उनका कहना था कि काम भी धीमी गति से चलाया जा रहा है। इसी को लेकर उन्होंने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है।

## महिला की करंट लगने से मौत, परिजनों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

- पति पर दो निकाह का परिजनों ने लगाया आरोप
- मृतका से काफी समय से कर रहा था मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में महिला की करंट लगने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वहीं मृतका के परिजनों ने पति पर हत्या करने का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के ताला फैक्ट्री रहमत पुरा नाखून कटर वाली गली में कासिफ पुत्र आरिफ ने 26 जुलाई 2024 को अनम पुत्री मुबारक निवासी कांच का पुल अहमद नगर से शादी की थी। मृतका महिला अनम की दो माह की बेटी एमन है। वहीं मृतक महिला के परिजनों व भाई फैजान ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी बहन के साथ मारपीट और तलाक देने की धमकी देता था। आरोपी कासिफ ने दूसरा निकाह चोरी छुपे कर रखा था जोकि गर्भवती थी और छुपाकर रखता था। पहली पत्नी अनम और दूसरी पत्नी शेरिन थी। मृतका के भाई ने आरोप लगाया है कि बहन के पति ने दूसरा निकाह कर रखा था। और आए दिन उसकी मृतका बहन के साथ मारपीट करता था आरोप है कि पति ने बिजली का करंट लगाकर हत्या की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# अहिल्याबाई की प्रतिमा तोड़ने का सरधना विधायक अतुल ने किया विरोध प्रदर्शन

## भारी संख्या में एकत्र हुए कार्यकर्ता, अतुल बोले सरकार आते ही वहीं लगेगी प्रतिमा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वाराणसी में अहिल्याबाई की प्रतिमा तोड़ने का समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विरोध किया है। सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कमिश्नरी पार्क पहुंचकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार उत्पीड़न कर रही है महापुरुषों की प्रतिमाओं को खंडित किया जा रहा है। वाराणसी में जिस तरह की वारदात हुई है उससे पूरा देश शर्मसार है उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई की प्रतिमा को तोड़ने का सरधना विधायक अतुल प्रधान ने अखिलेश यादव को मैसेज दिया तो उन्होंने कहा कि अगर सपा की सरकार आती है तो वह अहिल्याबाई की प्रतिमा को वहीं बनाने का कार्य करेंगे। इस दौरान लोगों ने जमकर नारेबाजी की। कमिश्नरी पार्क से लोग एकत्र होकर सरधना विधायक के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे वहीं उन्होंने एक ज्ञापन सौंपा। बघेल समाज के लोगों ने मांग की है कि वाराणसी स्थित मणिकर्णिका घाट से संबंधित पूरे प्रकरण की स्वतंत्रता एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी से जुड़ी सभी संरचनाओं और प्रतिमाओं की स्थिति स्पष्ट रूप से सार्वजनिक की जाए। भविष्य में किसी भी ऐतिहासिक धार्मिक धरोहर के सौंदर्य करण से पूर्व धरोहर संरक्षण नियमों का कठोरता से पालन किया जाए और इस विषय में जन भावनाओं को देखते हुए केंद्र और राज्य स्तर पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएं। इस दौरान भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के लोग और समाज के लोग एकत्र रहे। इस दौरान विधायक सरधना अतुल प्रधान, जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी, नरवैर खालसा, महिला सभा जिलाध्यक्ष मृदुला यादव, महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, विजयपाल कश्यप , किशोर वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### प्रशासन का तर्क सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ चित्र व वीडियों एआई जनरेटेड

दूसरी और प्रशासन व राज्य सरकार ने यह तर्क रखा है कि माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पूरी तरह सुरक्षित है और जो फेक वीडियों जारी किये जा रहे हैं उनके खिलाफ मुकदमें दर्ज किए गये है। उनका कहना है कि शरारती तत्वों ने एआई से कुछ चित्र व वीडियों बना लिए है जिसे सोशल मीडिया पर प्रसारित किया जा रहा है। इसी क्रम में वाराणसी प्रशासन द्वारा कुछ राजनीतिक साजिश रचने वाले लोगों पर मुकदमें भी दर्ज किये गये है।

# आदर्श नगर पंचायत बहसूमा की सरकारी पांच दुकान हुई नीलाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** आदर्श नगर पंचायत में अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम में बनाई जा रही दुकानों का नीलाम छोड़ा गया। जिसमें बोली दाताओं ने अपनी अधिक बोली बोलते हुए दुकान को अपने नाम छुड़वा ली। जिसमें बोली दाताओं ने अपनी धनराशि जमा की उसके बाद बोली दाताओं ने अपनी बोली देकर दुकानों को अपने नाम छुड़वाया।

इस अवसर पर अध्यक्ष सचिन कुमार सुकड़ी एवं अधिशासी अधिकारी हरि नारायण सिंह ने बताया कि खसरा संख्या 273 पर बना रही सरकारी दुकानों का आवंटन किया गया। जिसमें दुकान नंबर 36, 37, 38, 39, 42 को बोली दाताओं ने दुकान को अपनी अपनी बोली दी जिसमें अधिक बोली देते हुए नीलाम में दुकानों को अपने नाम कर लिया। अध्यक्ष सचिन सुकड़ी ने बताया कि दुकान बहसूमा निवासी शेखर पुत्र धर्मपाल, सुन्दरी देवी पत्नी बृजेश कुमार बक्सर मेरठ, अंकित कुमार पुत्र रिषिपाल गांव भैसा, बृजेश पुत्र ओमप्रकाश नगली आजमबाद, दीपक कुमार पुत्र बिजेंद्र एकता नगर मेरठ ने नीलम में भाग लिया और अपने नाम दुकान छुड़वाई। इस मौके पर मुख्य रूप से सभासद अरुण कुमार, सभासद मनीष अहलावत, राजू राठी, सभासद पति सूरजपाल, पूर्व लिपिक कामिल खा, कार्यवाहक लिपिक वीरेंद्र नागर, कंप्यूटर ऑपरेटर संदीप प्रजापति विकास लांबा आदि लोग शामिल रहे।

## बुजुर्ग राशनकार्डधारक को आई-स्कैनर के माध्यम से करें खाद्यान्न वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्राय: देखने में आया है कि बुजुर्ग राशनकार्डधारकों को ई-पॉश मशीन से अंगूठा प्रमाणीकरण न हो पाने के कारण बुजुर्गों को खाद्यान्न प्राप्त करने में आ रही कठिनाई का सामना करना पड रहा है। उक्त के ख्रष्टिगत समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि ऐसे कार्डधारक को जिनका अंगूठा ई-पॉश से प्रमाणित नहीं हो पा रहा है, उनको आई-स्कैनर के माध्यम से प्रमाणीकरण खाद्यान्न वितरण करना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी कार्डधारक खाद्यान्न प्राप्त करने के अधिकार से वंचित न रह सके।

## एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त को एक वर्ष कारावास व अर्थदण्ड से किया दण्डित

**मेरठ।** बता दें कि 20 अप्रैल 2025 को थाना देहली गेट मेरठ पर उपनिरीक्षण खुर्शीद आलम द्वारा दाखिल फर्द एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त अनीस पुत्र शौकत, निवासी अतानस जली कोठी, थाना देहली गेट, मेरठ के विरुद्ध मु.अ.सं. 80/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया था। विवेचनात्मक कार्यवाही उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। 17 जनवरी 2026 को न्यायालय एडीजे-2 मेरठ द्वारा जिला कारागार मेरठ में आयोजित लोक अदालत के दौरान अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर अभियुक्त को धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में एक वर्ष का कारावास एवं 2000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने फिजिटल सड़क सुरक्षा कैंपेन शुरू किया

**मेरठ।** भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतों का मुख्य कारण मानवीय भूल है। इसे देखते हुए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने प्लीजग्रोअप नाम से एक फिजिटल सड़क सुरक्षा जागरूकता कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के सबसे अनदेखे कारणों में से एक- सड़क पर अपरिपक्व और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार पर ध्यान केंद्रित करना है। कैंपेन पर टिप्पणी करते हुए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के मुख्य विपणन अधिकारी (सीएमओ) लक्ष्मण वेलायुथम ने कहा, अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का दोष बुनियादी ढाँचे या यांत्रिक किलता पर मढ़ दिया जाता है, जबकि हकीकत में अधिकांश मौतें टाले जा सकने वाले मानवीय व्यवहार के कारण होती हैं। इस कैंपेन का इरादा रोजमर्रा की ड्राइविंग आदतों को आईना दिखाकर आत्म-चिंतन और जवाबदेही को प्रोत्साहित करना है।

# इंडोनेशिया मास्टर्स में सिंधु करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

● ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु पिछले सप्ताह इंडिया ओपन में पहले ही राउंड में हारी थी



**जकार्ता, वार्ता।** पिछले सप्ताह पहले राउंड में बाहर होने के बाद, पीवी सिंधु मंगलवार से शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करते हुए वापसी करने की कोशिश करेंगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु पिछले सप्ताह इंडिया ओपन में पहले ही राउंड में हारने के बाद इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। पीवी सिंधु इस महीने की शुरुआत में सीजन के पहले मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थीं और पहले राउंड में जापान की कम रैंक वाली मनामी सुइज़ू का सामना करेंगी। महिला एकल मुख्य ड्रॉ में सिंधु के साथ मालविका बंसोड़, तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा भी होंगी। चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन युफेई भी महिला एकल ड्रॉ का हिस्सा हैं और वह पहले राउंड में उन्नति हुड्डा का सामना करेंगी। दुनिया के 14वें नंबर के भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन पिछले सप्ताह इंडिया ओपन में क्वार्टर-फाइनल तक पहुंचने के अपने अच्छे प्रदर्शन को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। पूर्व वर्ल्ड नंबर वन किदांबी श्रीकांत भी अपने साथी खिलाड़ी एचएस प्रणय, तरुण मन्नेपल्ली और आयुष शेट्टी के साथ पुरुष एकल ड्रॉ में हैं। युगल जोड़ी हरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन पुरुष मुख्य ड्रॉ में एकमात्र भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं, जबकि ध्रुव कपिला/तनीषा क्रैस्टो और रोहन कपूर/रुथविका शिवानी गड्डे मिश्रित युगल में हैं। इस बीच, रश्मि गणेश और सानिया सिकंदर-इंडोनेशिया में महिला युगल में भारत की एकमात्र जोड़ी क्वालिफिकेशन राउंड में अपना अभियान शुरू करेंगी।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में म्बोको

● विक्टोरिया म्बोको ने मेलबर्न पार्क में पहले दौर के मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई किशोर एमर्सन जोन्स को 6-4, 6-1 से दी मात

**मेलबर्न, वार्ता।** विक्टोरिया म्बोको ने 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए सोमवार को सीधे सेटों में जीत के साथ दूसरे राउंड में जगह बनाई। यहां खेले 17वीं सीड कनाडाई खिलाड़ी ने मेलबर्न पार्क में पहले राउंड के मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई किशोर एमर्सन जोन्स को 6-4, 6-1 से हराया। घरेलू खिलाड़ी को मिले जबरदस्त सपोर्ट के बावजूद, म्बोको ने शांत और दमदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पहला सेट काफी कड़ा था, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती चरणों में अपनी सर्विस बचाए रखी। 4-4 के स्कोर पर, म्बोको ने अपनी रणनीति बदली, अपने पावरफुल फोरहैंड और बेसलाइन से जङादा निरंतरता दिखाते हुए जोन्स की सर्विस तोड़ी और सेट 6-4 से जीत लिया।



म्बोको ने एक घंटे और 12 मिनट मैच को समाप्त कर दिया, जो उनकी उम्र से कहीं जङादा परिपक्वता दिखाता है। म्बोको अगले राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी कैटी मैकनैली से भिड़ेगी।

# कोग्निवेरा पोलो कप: जयपुर में दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी का अनावरण

● इससे पहले यह गौरव चेन्नई के 'कोलांका कप' 6 फीट के नाम था

**जयपुर/नई दिल्ली, वार्ता।** गुलाबी नगरी जयपुर में कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस ने राजस्थान पोलो क्लब के सहयोग से 'कोग्निवेरा पोलो कप 2026' की लगभग सात फीट ऊंची ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया है। यह दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी है। अब तक दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी होने का गौरव चेन्नई के 'कोलांका कप' (6 फीट) के नाम था, लेकिन कोग्निवेरा पोलो कप की सात फीट ऊंची ट्रॉफी ने अब एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। इस भव्य ट्रॉफी का अनावरण जी स्टूडियो (सीता. पुरा) में सोनू निगम के 'दीवाना तेरा' टूर के दौरान जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह की गरिमामई उपस्थिति में किया गया। यह ऐतिहासिक टूर्नामेंट 26 जनवरी से शुरु होगा, इसका फाइनल मुक. ाबला एक फरवरी को खेला जाएगा। 8-गोल वाले इस अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश और दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ी और शानदार पोलो घोड़े अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले जयपुर के विभिन्न प्रतिष्ठित पोलो मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ कमलेश शर्मा ने कहा कि पोलो अनुशासन और टीम वर्क का खेल है, जो हमारे संस्थान के मूल्यों से मेल खाता है। दुनिया की सबसे ऊंची ट्रॉफी बनाना हमारा एक सोचा-समझा निर्णय था, ताकि हम इस खेल की गरिमा को एक नया सम्मान दे सकें।


# भारत की सीरीज हार के बावजूद गावस्कर ने कोहली-राणा की तारीफ की

कहा: विराट कोहली की मानसिकता उन्हें कई समकालीन खिलाड़ियों से अलग बनाती है



**इंदौर, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली के बैटिंग टेम्परमेंट की तारीफ करते हुए कहा है कि स्टार बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक खेलने के बजाय स्थिति के अनुसार अपने खेल को बदलने की क्षमता रखते हैं। इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे के बाद जियोस्टार पर बातचीत में गावस्कर ने कहा कि कोहली की मानसिकता उन्हें कई समकालीन खिलाड़ियों से अलग बनाती है। गावस्कर ने कहा कि उनके बारे में खास बात यह है कि वह किसी इमेज से बंधे नहीं हैं। बहुत से बल्लेबाज और गें. दबाज इस बात से बंधे होते हैं कि उन्हें कैसे देखा जाता है और उन्हें लगता है कि उन्हें उस इमेज पर खरा उतरना होगा। विराट ऐसे नहीं हैं। वह अपने काम पर ध्यान देते हैं और वह काम रन बनाना है। गावस्कर ने कहा कि वह इस बात की उम्मीदों से बंधे नहीं हैं कि उन्हें कैसे खेलना चाहिए। वह स्थिति के अनुसार खेलते हैं। यही टेम्परमेंट महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह देखते हुए कि दबाव में भी हार न मानने का कोहली का रवैया उनका एक खास गुण है जो कि उन्हें अन्य से भिन्न बनाता है। कोहली पर यह टिप्पणी सीरीज के निर्णायक मैच में 108 गेंदों पर 124 रन की उनकी शानदार पारी के बाद आई है। न्यूजीलैंड ने यह मैच 41 रन से जीतकर ऐतिहा. सिक 2-1 से वनडे सीरीज जीत ली जो कि 37 साल के इंतजार के बाद भारतीय धरती पर यह उनकी पहली सीरीज जीत थी। उन्होंने कहा कि आखिर तक भी वह कोशिश कर रहे थे। शायद दस्ताने थोड़े पसीने से गीले हो गए, ग्रिप थोड़ी ढीली हो गई, और इसीलिए बल्ले का मुंह घूम गया। उन्होंने युवा क्रिकेटरों के लिए कोहली के इस रवैए को एक सबक के तौर पर भी बताया, और उनसे कहा कि वे पहले से बनी उम्मीदों के बजाय मैच की स्थितियों पर ध्यान दें। गावस्कर ने ऑलराउंडर राणा की निचले क्रम की बल्लेबाजी की भी तारीफ की और लक्ष्य का पीछा करने के अहम चरण में उनकी भूमिका की स्पष्टता की सराहना की। राणा ने 43 गेंदों पर 52 रन की जवाबी हमलावर पारी खेली व कोहली के साथ 99 रन की साझेदारी की, जिससे कुछ समय के लिए भारत की उम्मीदें फिर से जगीं। गावस्कर ने कहा कि उन्होंने बिल्कुल वैसे ही बल्लेबाजी की जैसे निचले क्रम के बल्लेबाज को करनी चाहिए।

# युआन यू को हराकर इगा स्वियाटेक दूसरे दौर में



**मेलबर्न, वार्ता।** पोलैंड की महिला टेनिस स्टार इगा स्वियाटेक ने सोमवार को चीन की युआन यू को एकल मुकाबले में हराकरऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। यहां खेले गए पहले राउंड में, चीन की युआन ने वर्ल्ड नंबर दो स्वियाटेक को कड़ी टक्कर दी, पहले सेट में टाईब्रेक तक ले गईं और दो घंटे के मैच में कुल नौ गेम जीते। इस शानदार प्रयास के बावजूद, छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियाटेक ने फिर भी 7-6 (5), 6-3 से जीत हासिल की। इगा स्वियाटेक दूसरे राउंड में चेक गणराज्य की मैरी बोज्कोवा से भिड़ेगी।

# मांसपेशियों में खिंचाव के चलते फेलिक्स ऑगर ऑस्ट्रेलिया ओपन से रिटायर



**मेलबर्न, वार्ता।** सातवीं सीड फेलिक्स ऑगर-एलियासिम सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन में अपने पहले राउंड के मैच के दौरान मांसपेशियों में खिचाव के कारण रिटायर हो गए। मैच के दौरान जब कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिम ने रिटायर होने का फैसला किया वह पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस 3-6, 6-4, 6-4 से आगे थे।

25 साल के ऑगर-एलियासिम पिछले साल के यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे और 2026 के मेजर सीजन की शुरुआत भी उसी फॉर्म में करना चाहते थे। लेकिन बाएं पैर में तकलीफ के कारण उन्होंने तीसरे सेट के आखिर में मेडिकल टाइम आउट लिया और चौथे सेट की शुरुआत से पहले फिर से इलाज करवाया। चौथे सेट में दो अंक खेलने के बाद, ऑगर-एलियासिम रिटायर हो गए। ऑगर-एलियासिम ने कहा कि मैं ठीक हूं, लेकिन तीसरे सेट की शुरुआत में ही मुझे क्रैम्प आने लगे। इस लेवल पर मुकाबला करना बहुत मुश्किल हो गया था। मैंने एक सेट तक प्रयास किया लेकिन हां, आज यह मुमकिन नहीं था। बोर्गेस ने ऑगर-एलियासिम के बारे में कहा कि मुझे उनके लिए बुरा लग रहा है। मैं जानता हूं कि शारीरिक रूप से संघर्ष करना कैसा लगता है और यह टेनिस का हिस्सा है। मुझे उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक हो जाएंगे और अपने सबसे अच्छे लेवल पर वापस आएंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सृष्टि ने आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे30 का खिताब जीता

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी सृष्टि किरण ने मेक्सिको के हुआमांटला में हुए आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे30 टूर्नामेंट में गर्ल्स सिगल्स का खिताब जीता। मेक्सिको के हुआमांटला में 12 से 18 जनवरी तक चली इस चैंपियनशिप में बेंगलुरु की 13 साल की लड़की सृष्टि ने घरेलू पसंदीदा तमारा हरमन (मेक्सिको) को 6-4, 6-4 से हराकर आईटीएफ खिताबों की शानदार हैट्रिक पूरी की। इससे पहले ड्रॉ में, उन्होंने सेमीफाइनल में शानदार वापसी करते हुए लगातार 10 गेम जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की और 2-4 से पीछे होने के बाद 16 साल की घरेलू पसंदीदा मिरांडा सोफिया एस्कैमिला (मेक्सिको) को 6-4, 6-0 से हराया।

### ट्रॉयल्स के पहले दिन मानिनी व ऐश्वर्य 50मी राइफल प्रोन में शीर्ष पर विराजमान

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान की मानिनी कौशिक ने सोमवार को 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में और वर्ल्ड चैंपियनशिप रजत पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50मीटर राइफल थ्री पोजिशन में स्पर्धा के सिलेक्शन ट्रायल वन में क्रमश: महिलाओं और पुरुषों के वर्ग में शीर्ष में जगह बनाई। यहां डा. करणी सिंह शूटिंग रेंज में राइफल/पिस्टल नेशनल सिलेक्शन ट्रॉयल्स एक और दो (ग्रुप ए) के पहले दिन मानिनी कौशिक ने महिलाओं के 50 मीटर राइफल प्रोन टी1 में कुल 625-0 अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं। उन्होंने 104-7, 104-2, 102-3, 104-6, 104-2, और 105 के साथ शांत और संतुलित सीरीज-दर-सीरीज प्रदर्शन के आधार पर हासिल किया। कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन 622.6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि केरल की विदार्सा के विनोद 622.0 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

# अंडर-19 विश्वकप: आयरलैंड के खिलाफ श्रीलंका के 267/5

**विंडहोक, वार्ता।** कप्तान विमथ दिनसारा (95) और चमिका हेनातिगाला (नाबाद 51) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप के 13वें मुकाबले में आयरलैंड के खिलाफ पांच विकेट पर 267 रनों का स्कोर बनाया है। यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 59 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। दिमंथा महाविथान (नौ), विरान चामुदिथा (छह) और दुलनिथ सिगेरा (22) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कविजा गमागे ने कप्तान विमथ दिनसारा के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 80 रन जोड़े। 33वें ओवर में कविजा गमागे (49) रन आउट हुये। छठें नंबर पर बल्लेबाजी करने आये चमिका हेनातिगाला ने विमथ दिनसारा के साथ पांचवें विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी की। इसी दौरान 46वें ओवर में शतक की ओर बढ़ रहे विमथ दिनसारा को ओलिवर रिले ने अपना शिकार बना लिया। विमथ दिनसारा ने 102 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 95 रनों की पारी खेली। श्रीलंका की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 267 रनों का स्कोर खड़ा किया। चमिका हेनातिगाला 51 रन बनाकर नाबाद रहे। आयरलैंड के लिए ओलिवर रिले ने दो विकेट लिए। रूबेन विल्सन, ल्यूक मरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# जेसन का शतक, द. अफ्रीका 397/5

**विंडहोक, वार्ता।** जेसन रोल्स (नाबाद 125) और कप्तान मुहम्मद बुलबु. लिया (103) की शतकीय पारियों और दोनों बल्लेबाजों के बीच हुई 201 रनों की विशाल साझेदारी की बदौलत दक्षिण अफीका ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप के 11वें मुकाबले में तंजानिया के खिलाफ पांच विकेट पर 397 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आज यहां तंजा. निया की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफीका के लिए जोरिच वान शाल्कविक और अदनान लागाडियन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े।

आठवें ओवर में अल्फ्रेड डैनियल ने जोरिच वान शाल्कविक 34 गेंदों में (47) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 4वें ओवर में अदनान लागाडियन 32 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद जेसन रोल्स और कप्तान मुहम्मद बुल. बुलिया ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 201रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने शतक पूरे किये। 43वें ओवर में सिम्बा म्बाकी ने मुहम्मद बुलबुलिया को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। मुहम्मद बुलबुलिया ने 108 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 108 रन बनाये। पॉल जेम्स 18 गेंदों में 46 रन बनाकर आउट हुये। दक्षिण अफीका ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 397 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जेसन रोल्स ने 101 गेंदों में 10 चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद125 रनों की पारी खेली। तंजानिया की ओर से सिम्बा म्बाकी ने दो विकेट लिए।

# अंडर-18 विश्वकप: पाकिस्तान ने स्कॉटलैंड को 187 पर किया ढ़ेर

**हरारे, वार्ता।** अली रजा (चार विकेट) और मोमिन कमर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप के 12वें मैच में स्कॉटलैंड को 48.1 ओवर में 187 के स्कोर पर ढेर कर दिया। यहां पाकिस्तान की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 12 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। थियो रॉबिन्सन (चार) और मैक्स चैपलिन (दो) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे स्कॉटलैंड की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाये। थॉमस नाइट ने सर्वाधिक 37 रनों की पारी खेली। फिनले जोन्स (33), ओली जोन्स (30), मनु सारस्वत (25) और रोरी ग्रांट (21) रन बनाकर आउट हुये। स्कॉटलैंड के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। 49वें ओवर की पहली गेंद पर अब्दुल सुभान ने जेक वुडहाउस (दो) को आउटकर स्कॉटलैंड की पारी का 187 के स्कोर पर अंत कर दिया। पाकिस्तान की ओर से अली रजा (चार विकेट) और मोमिन कमर (तीन विकेट) लिए।

# पाक टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम घोषित

● पाक के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 मैचों के लिए टीम की अगुवाई मिशेल मार्श करेंगे

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप की तैयारी के मद्देनजर 29 जनवरी से लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 मैचों के लिए अनुभवी ऑलराउंडर मिशेल मार्श की अगुवाई वाली टीम की घोषणा की है। इस सीरीज के सभी मैच गद्दाफी स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह सीरीज ऐसे समय में हो रही है

जब ऑस्ट्रेलिया का घरेलू सीजन अपने चरम पर है, बिग बैश लीग (बीबीएल) के फाइनल चल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार अनुभवी ऑलराउंडर मिशेल मार्श को इस दौरे के लिए कप्तान बनाया गया है। टीम में ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस सीनियर खिलाड़ियों में शामिल हैं, ए सभी ऑस्ट्रेलिया की इंग्लैंड के खिलाफ हालिया एशेज सीरीज में खेले थे। इस दौरे में कई बड़े खिलाड़ियों नाथन एलिस, टिम डेविड, जॉश हेजलवुड, ग्लेन मैक्सवेल और पैट कमिंस को नहीं चुना गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वर्कलोड मैनेज करने और ग्लोबल टूर्नामेंट से पहले अतिरिक्त रिकवरी का समय देने का फैसला किया है। कमिंस, हेजलवुड और डेविड सभी चोट के बाद पूरी तरह से फिट होने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी गैरमौजूदगी में, कई खिलाड़ियों को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है, जिनमें सीन एबॉट, महली बियर्डमैन, बेन ड्वारशुइस, जैक एडवर्ड्स, मिच ओवेन, जोश फिलिप और मैट रेनशॉ शामिल हैं।




ऑस्ट्रेलिया के चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह सीरीज राष्ट्रीय टीम में चयन के करीब खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद होगी। बेली ने कहा कि यह सीरीज उन खिलाड़ियों के लिए एक शानदार मौका है जो चयन के कगार पर हैं और कुछ युवा खिलाड़ी जिन्हें हम बेहतर मानते हैं, उन्हें पाकिस्तान में विश्व कप ग्रुप के साथ कीमती अनुभव मिलेगा। इस सीरीज के तीनों मैच 29 जनवरी, 31 जनवरी और एक फरवरी को होंगी। ऑस्ट्रेलिया टी-20 टीम:- मिच मार्श (कप्तान), एबॉट, जेवियर बार्टलेट, महली, कूपर, बेन, जैक एडवर्ड्स, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, इंग्लिस, मैथ्यू कुहनमैन, मिच, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैट शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा।

# डी मिनौर ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे



एलेक्स डी मिनौर ने मैंकेजी मैकडॉनल्ड को हराया

**बेंगलुरु, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई टेनिस स्टार एलेक्स डी मिनौर ने सोमवार को अमेरिका के मैकेंजी मैकडॉनल्ड को हराकर ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। यहां खेले गए मुकाबले में दुनिया के नंबर 6 खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर को, अपने नौवें ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैकेंजी मैकडॉनल्ड के खिलाफ 6-2, 6-2, 6-3 से जीत हासिल करने में सिर्फ एक घंटा और 42 मिनट लगे। अपनी स्पीड और कंसिस्टेंसी के लिए जाने जाने वाले डी मिनौर ने पूरे मैच में अपनी खास एफिशिएंसी बनाए रखी। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा, उन्होंने मैकडॉनल्ड की बिना वजह की 30 गलतियों का फायदा उठाया और 32 विनर्स के साथ मैच खत्म किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 20 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# यूरोप से टकराव

किसी ने नहीं सोचा होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कड़े फैसले से अमेरिका और यूरोप के बीच इस तरह की खटास पैदा होगी, जिस तरह की देखने में आ रही है। सारा विवाद ग्रीनलैंड को लेकर है। ट्रम्प ग्रीनलैंड को हर कीमत पर हासिल करना चाहते हैं। वहीं यूरोपीय देश इस कोशिश का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प ने इससे चिड़कर आठ देशों पर 10 फीसदी टैरिफ भी लगा दिया है जो एक फरवरी से लागू होगा। जैसीकि आदत है टैरिफ की यह घोषणा करते समय ट्रम्प यह कहने से नहीं चूकते कि अगर उन्हें ग्रीनलैंड को नहीं दिया जाता, तो यह टैरिफ एक जून से बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया जाएगा। लगता है कि यूरोपी संघ ने भी अब ट्रम्प को उन्हीं की भाषा में जवाब देने का मन बना लिया है और उसने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ लंबे समय से चल रहा ट्रांस अटलांटिक व्यापार समझौते को रोक दिया है। यूरा. पी संघ की तरफ से अब अमेरिका को ट्रेंड एक्शन पर कड़ा जवाब देने की बात कही जा रही है। रिन्यू यूरोप की व्यापार समन्वयक कैरिन कार्ल्सब्रो ने कहा भी है कि अगर दबाव और जबरदस्ती जारी रहती है तो हम जवाबी टैरिफ या बाजूका जैसे कड़े उपायों के इस्तेमाल से इन्कार नहीं कर सकते। यूरोप-अमेरिकी संबंध बेहद घनिष्ठ रहे हैं। हर संकट के समय में यह एक-दूसरे को सहयोग देते रहे हैं और अमे. रिका पूरी तरह इन्हें सुरक्षा कवच प्रदान करता रहा है, लेकिन लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सिर पर अब पूरी तरह सनक सवार है और वह परंपरागत संबंधों से ऊपर उठकर काम करना चाहते हैं। ऐसा करते हुए वह दोस्त व दुश्मन में कोई फर्क करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। निसंदेह इस तरह का आचरण दबंगतापूर्ण ही कहा जाएगा और यह कहीं से भी अमेरिका जैसे सुपर पॉवर देश के राष्ट्रपति की मर्यादा के विपरीत ही कहा जाएगा। ग्रीनलैंड के विषय में जो उनका तर्क है वह भी बेहद अजीब है। उनका कहना है कि अगर वह ग्रीनलैंड को हासिल नहीं करते, तो चीन व रूस वहां अपना दखल बढ़ा लेंगे जो अमेरिका के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि ऐसा होने पर उसकी सुरक्षा प्रभावित होती है। यूरोप कंट्री जिनमें ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मन, डेनमार्क जैसे देश शामिल हैं। पूरी तरह डोनाल्ड ट्रम्प की इस विस्तारवादी नीति का पुरजोर विरोध कर रहे हैं और इस मामले में अमेरिका को नसीहत दे रहे हैं कि वह लक्ष्मण सीमा न लांघे। अमेरिकी राष्ट्रपति का जैसा अब तक रुख रहा है, उससे नहीं लगता कि उन पर इस तरह की नसीहतों का कोई असर होगा। बात यूरोपीय देशों तक ही नहीं हम देख चुके हैं कि किस तरह व उन सब देशों के साथ क्रूर व्यवहार कर रहा है, जो रूस या ईरान से संबंध रखते हैं। उसमें हमारा देश भारत भी शामिल है। भारत पर उसने 50 प्रतिशत टैरिफ इसी खुन्नस में लगाया है कि भारत रूस से तेल ले रहा था। इस तरह की दादागिरी का खुलकर विरोध होना ही चाहिए।

## चुप रहने की संस्कृति में लालच की भावना



आरएसएस और भाजपा चाहते हैं कि जनता सवाल न करें और चुप रहें, ताकि यह कुछ बिजनेसमैन के हाथों देश को बेच सकें, हम ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे, कांग्रेस ही संविधान को बचा सकती है, कांग्रेस ने संविधान में बदलाव करके पंचायत, जिला और राज्य स्तर पर शासन को मजबूत किया, संविधान बचाने का मतलब है सत्ता और फैसलों का अधिकार लोगों तक पहुंचाना, आरएसएस व भाजपा सत्ता को अपने पास ही रखना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस सत्ता को निचले स्तर तक पहुंचाने में भरोसा रखती है और गांव- कस्बों में लोकतंत्र को मजबूत करना चाहती है, कोई भी देश अगर चुप रहता है, तो वो महान नहीं हो सकता। चुप रहने की संस्कृति में लालच की भावना छुपी होती है। -राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# प्रोसेस्ड फूड से अभी कर लें तौबा

सोडा, कैंडी और फ्रोजन फूड जैसे अति-संसाधित खाद्य पदार्थ हमारी लालसा को तो संतुष्ट कर सकते हैं, लेकिन अनुसंधान से पता चल रहा है कि यह हृदय और मस्तिष्क के लिए हानिक. ारक हो सकते हैं। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित शोध सारांश में इन खाद्य पदार्थों की अधिक खपत का हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, सांस की दिक्कत, चिंता, अवसाद और संज्ञानात्मक क्षति के जोखिमों से सीधा सम्बंध बताया गया है। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक ऐसे खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन अवसाद और चिंता के जोखिम में क्रमशः 44 और 48 प्रतिशत की वृद्धि करता है। अध्ययन यह भी बताते हैं कि कुल कैलोरी उपभोग में से इन खाद्य पदार्थों का कुछ हिस्सा ही जोखिम को बढ़ा देता है। इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में 5 लाख लोगों पर किए गए एक अध्ययन में अति-संसाधित खाद्य उपभोग में केवल 10 प्रतिशत वृद्धि से मनोभ्रंश के जोखिम में 25 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई है। वैसे अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसे खाद्य पदार्थों और स्वास्थ्य के बीच कार्य-कारण सम्बंध क्या है। यह तो सब जानते हैं उच्च मात्रा में नमक, चीनी और संतृप्त वसा लेने के कारण जीर्ण शोथ, उच्च रक्तचाप और टाइप-2 मधुमेह होने की संभावना होती है, लेकिन अधिकतर लोग इस बात से अनभिज्ञ हैं कि ए परिस्थितियां मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। कृत्रिम मिठास और मोनोसोडियम ग्लूटामेट जैसे पदार्थ मस्तिष्क द्वारा कतिपय रसायनों (जैसे डोपामाइन, सीरोटोनिन, नॉरएपिनेफ्रीन) के उत्पादन और विमोचन को बाधित कर सकते हैं, जिससे मान. सिक और भावनात्मक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। अति-संसाधित खाद्य पदार्थ की लत भी लग सकती है जिसे कंपनियां भोजन चुनाव सम्बंधी हमारे निर्णयों को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल करती हैं। नैसर्गिक तौर पर मिलने वाले फल या तो मीठे होते हैं (जैसे सेब) या वसा से भरपूर होते हैं (जैसे मूंगफली)। प्रकृति में सामान्यतः ऐसे खाद्य पदार्थ नहीं मिलेंगे जिनमें शकर, नमक और वसा तीनों हों। दूसरी ओर, अति-संसाधित खाद्य पदार्थों में चीनी और वसा दोनों एक साथ होते हैं, और ऊपर से नमक, कृत्रिम गंध और रंग-रोगन। ऐसे में, दिमाग बेकाबू हो जाता है। इन खाद्य पदार्थों की खपत कम करने और कम संसाधित विकल्पों को चुनने से बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य परिणाम हासिल हो सकते हैं। हम तीन तरह की चीजें खाते हैं-अ-संसाधित, संसाधित और अति-संसाधित। असंसाधित खाद्य पदार्थ यानी ताजा या फ्रिज में रखे फल-सब्जियां, आटा वगैरह। इनमें प्रायरू एक ही पोषक पदार्थ होता है। संसाधित पदार्थ वे कहलाते हैं जिन्हें असंसाधित खाद्य से सीधे प्राप्त किया जाता है - जैसे वनस्पति तेल, शकर वगैरह। इसके बाद आते हैं थोड़े संसाधित खाद्य पदार्थ जैसे मक्खन, प्रिजर्वेटिव रहित ब्रेड, अचार वगैरह। इनमें भी घटकों की सूची बहुत छोटी होती है। फिर आते हैं अति-संसाधित खाद्य, केक, ऊर्जादायक बार वगैरह, प्रिजर्वेटिव्स के साथ रखे गए तैयारशुदा भोजन वगैरह। इनमें अक्सर भरपूर वसा, शकर, नमक वगैरह होते हैं और ऊपर से तमाम खुशबुएं, रंग-रोगन वगैरह डाले जाते हैं। इनमें उपस्थित घटकों की फेहरिस्त काफी लंबी हो सकती है। अति-संसाधित खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। यह खाद्य पदार्थ कैलोरी से भरपूर होते हैं, जिससे मोटापा बढ़ता है। शरीर की वसा कोशिकाएं निष्क्रिय होकर शोथजनक अणु मुक्त करने लगती है जिनसे अवसाद, चिंता और मनोभ्रंश जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। कई शोध अध्ययनों से पता चला है कि संभावना रहती है कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा इन खाद्य पदार्थों का आदी हो जाएगा, जिससे उनकी खपत में और अधिक वृद्धि हो सकती है। इसके अतिरिक्त, अति-संसाधित खाद्य पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्ति फलों, सब्जियों और साबुत अनाज में पाए जाने वाले आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाएंगे जो मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। इन आवश्यक तत्वों की कमी से अवसाद जैसी मानसिक समस्याएं हो सकती हैं। यह देखा गया है कि गरीब लोग ऐसे खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन करते हैं। लुभावने विज्ञापनों और हर गली-नुक्कड़ पर मौजूद गुमठियों में आसानी से मिलने के कारण अति-संसाधित खाद्य पदार्थ लोगों को आकर्षित करते हैं, और खुद को रोक पाना काफी मुश्किल होता है।

**अति-संसाधित खाद्य पदार्थों से बचने के लिए, विशेषज्ञ कुछ सुझाव देते हैं-**

1. खुद को दोष देने की बजाय इस बात को जानें कि इन खाद्यों के आदी होने के लिए पूरा माहौल बनाया गया है।
2. भूख से प्रेरित लालसा से बचने के लिए नियमित समय पर भोजन करें।
3. अति-संसाधित खाद्य पदार्थों की जगह गिरियों और ताजे फलों जैसे विकल्प अपनाएं।
4. कम सोडियम और कम शर्करा वाले खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता दें।
5. कुछ अति-संसाधित खाद्य पदार्थ अन्य अति-संसाधित खाद्य पदार्थ की तुलना में स्वास्थ्यवर्धक विकल्प हो सकते हैं, जैसे मैदे की बजाय आटे की ब्रेड।
6. बच्चों को खाद्य विपणन की तिकड़मों के बारे में शिक्षित करें। मुख्तसर सी बात है कि अति-संसाधित खाद्यों के प्रति सजग रहें और स्वयं को इनकी गिरफ्त से बचाएं।



-स्रोतफीचर्स

## जलवाष्प भी जलवायु पर डालती है प्रभाव

जब भी जलवायु परिवर्तन की बात होती है, चर्चाओं का केंद्र कार्बन डाईऑक्साइड और मीथेन होते हैं, लेकिन जलवाष्प भी एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है जो जलवायु पर गंभीर प्रभाव डालती है। जलवाष्प कई वर्षों तक समताप मंडल में बनी रहती है और धरातल की गर्मी को अवशोषित कर इसे वापस धारती पर फेंकती है। एक अध्ययन में पाया गया था कि 1990 के दशक में संभवतः समतापमंडलीय पानी में आई उछाल ने उस समय वैश्विक तापमान को 30 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था और साइंस एडवांसेज में प्रकाशित एक अधयन के अनुसार वैज्ञानिक इन दिनों जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जलवाष्प आधारित एक क्रांतिकारी रणनीति पर काम कर रहे हैं-समताप मंडल का निर्जलीकरण। समतापमंडल के निर्जलीकरण का सिद्धांत यह है कि नमी से भरी हवा को समतापमंडल में पहुंचने से पहले ही रोक लिया जाए और उसे कणों के आसपास बादलों का रूप दे दिया जाए। नेशनल ओशियनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के भौतिक विज्ञानी शुका वार्ज के नेतृत्व में इस रणनीति ने पारंपरिक जियोइंजीनियरिंग विधियों का एक विकल्प प्रदान किया है। इस तकनीक में प्रति सप्ताह केवल 2 किलोग्राम पदार्थ की आवश्यकता होती है, जो संसाधान-कुशल साबित होगा। इसके अलावा, बिस्मथ ट्रायआयोडाइड नामक इस पदार्थ के छिड़काव के लिए हवाई जहाज की जरूरत नहीं पड़ेगी, गुब्बारे या ड्रोन से इसका छिड़काव किया जा सकता है। इस तकनीक का उपयोग करने के लिए कुछ ऐसे विशिष्ट क्षेत्रें की पहचान की गई है जहां से ऊपर की ओर उठने वाली हवाओं की तेज धाराएं समताप मंडल तक पहुंचती हैं। जैसे पश्चिमी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर का क्षेत्र अलबत्ता, इस तकनीक में कई चुनौतियां और जोखिम भी हैं। एक संभावना अनपेक्षित परिणाम हैय यदि सीडिंग कण के कारण बादल वांछित जगह पर न बनकर अन्यत्र कहीं एवं अलग तरह के बादल बन जाना जो गर्मी को परावर्तित करने की बजाय धरती से निकलने वाली गर्मी को सोखने लगें। ऐसे में इस तकनीक की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए गहन शोध आवश्यक है। बहरहाल, नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं के बीच अपरंपरागत रणनीतियों के लिए खुलापन बढ़ रहा है। ताप-रोधी बादलों की जांच जैसी पहल जलवायु सम्बंधी बदलती सोच की द्योतक है। हालांकि, इस मुद्दे पर अभी भी चर्चाएं जारी है और अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। फिर भी यह स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए साहसिक और कल्पनाशील रणनीतियां आवश्यक हैं।

**ये रंजक कार्बन श्रंखलाओं से बने होते हैं। इन श्रंखलाओं के अंतिम छोर पर एक हल्का-सा रासायनिक बदलाव रंग को बदल देता है। यदि अंतिम छोर पर एल्डिहाइड समूह है, तो पंख लाल हो जाता है। यदि एल्डिहाइड की जगह कार्बोक्सिल समूह आ जाता है, तो पंख पीला हो जाता है। इस खोज से पता चलता है कि प्रकृति में अक्सर सरल अभिक्रियाओं के नाटकीय परिणाम होते हैं। इस शोध ने तोते में रंगों के विकास को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार जीन को भी उजागर किया है। यह जीन एक एंजाइम को कोड करता है जो एल्डिहाइड को कार्बोक्सिल समूह में परिवर्तित करके लाल रंजक को पीला कर देता है। इस जीन द्वारा उत्पादित एंजाइम की मात्रा निर्धारित करती है कि पंख कितना पीला होगा।**

# किसी रहस्य से कम नहीं तोतों का रंग

तोते अपने आकर्षक और सुंदर रंगों के लिए मशहूर हैं, जिनमें चटकीले लाल और पीले से लेकर आकर्षक हरे और नीले रंग भी शामिल हैं। वर्षों से, वैज्ञानिक इस बात पर हैरान हैं कि यह पक्षी, कई अन्य जानवरों के विपरीत, ऐसे चटकीले रंग कैसे बनाते हैं। साइंस में प्रकाशित हालिया शोध आखिरकार इन शानदार रंगों के पीछे अनोखे जैविक तंत्र पर प्रकाश डालता है।

दरअसल, अधिकांश पक्षियों में रंग उनके अपने शरीर में नहीं बनते बल्कि उनके खानपान के साथ आते हैं। जैसे फ्लेमिंगो झींगा खाकर गुलाबी हो जाते हैं, लेकिन तोतों में मामला अलग है। वे अपने बढ़ते हुए पंखों में एक एंजाइम की मदद से सिटाकोफल्विन समूह के रंजक बनाने के लिए विकसित हुए हैं। इनमें छिटपुट परिवर्तनों के माध्यम से विभिन्न रंग पैदा होते हैं। वैसे कुछ रंग दो रंगों के मेल से भी पैदा होते हैं जैसे हरा रंग नीले व पीले के मेल से। इसके अलावा कई रंग पंखों की सूक्ष्म बनावट से भी नजर आते हैं। जैसे नीला रंग इस पंख की सतह पर मौजूद सूक्ष्म रचनाओं और प्रकाश की अंतर्क्रिया से पैदा होता है। तोतों के विभिन्न रंगों को समझने में असली सफलता तब मिली जब वैज्ञानिकों ने रासायनिक स्तर पर सिटाकोफल्विन का विश्लेषण किया। ये रंजक कार्बन श्रंखलाओं से बने होते हैं। इन श्रंखलाओं के अंतिम छोर पर एक हल्का-सा रासायनिक बदलाव रंग को बदल देता है। यदि अंतिम छोर पर एल्डिहाइड समूह है, तो पंख लाल हो जाता है। यदि एल्डिहाइड की जगह कार्बोक्सिल समूह आ जाता है, तो पंख पीला हो जाता है। इस खोज से पता चलता है कि प्रकृति में अक्सर सरल अभिक्रियाओं के नाटकीय परिणाम होते हैं। इस शोध ने तोते में रंगों के विकास को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार जीन को भी उजागर किया है। यह जीन एक एंजाइम को कोड करता है जो एल्डिहाइड को कार्बोक्सिल समूह में परिवर्तित करके लाल रंजक को पीला कर देता है। इस जीन द्वारा उत्पादित एंजाइम की मात्रा निर्धारित करती है कि पंख कितना पीला होगा। रंग उत्पत्ति की इस क्रियाविधि से पता चलता है कि क्यों कुछ तोतों की प्रजातियां विकास के दौरान आसानी से लाल और पीले/हरे रंग में परिवर्तित हो जाती हैं। यह कई तरह के रंगों का उत्पादन करने का एक लचीला और कुशल तरीका है। पोर्टो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी और अध्ययन के सह-लेखक रॉबर्टो आर्बोरे, इसे वैकासिक नवाचार का एक अद्भुत मामला कहते हैं जो तोतों को साथी को आकर्षित करने और दूसरों के साथ संवाद करने के संकेतों पर नियंत्रण देता है। लेकिन अभी भी कई रहस्य बने हुए हैं। वैज्ञानिक अभी भी रंग उत्पादन में शामिल कोशिकाओं को निर्धारित करने की कोशिश कर रहे हैं और साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि ए विशेष रंग सबसे पहले क्यों विकसित हुए थे।



-स्रोत फीचर्स

# आतंकवाद के साए में मतदाता और राष्ट्रवाद की भावना





विशेष मलिक डॉ. प्रज्ञेंदु जिष्णु

लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और स्वतंत्रता भी कमजोर पड़ने लगती है। आतंकवादी घटनाएं इसी प्रकार का वातावरण निर्मित करती हैं, जो प्रत्यक्ष क्षति के साथ-साथ मतदाताओं के मनोविज्ञान और चुनावी व्यवहार पर गहरा प्रभाव डालती हैं। विषेश मलिक वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में शोधार्थी हैं और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की है। वे तीन बार यूजीसी-नेट उत्तीर्ण कर चुके हैं । अपने एक शोध-लेख में उन्होंने आतंकवाद के मनोवैज्ञानिक प्रभावों तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, विशेषकर मतदाता व्यवहार और चुनावी निर्णयों पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया है। यह शोध कार्य डॉ. प्रज्ञेंदु जिष्णु के मार्गदर्शन तथा डॉ. दिनेश छाबड़ा के परामर्श में किया जा रहा है। डॉ. प्रज्ञेंदु जिष्णु दिल्ली विश्वविद्यालय के अरबिंदो कॉलेज के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग में प्राध्यापक हैं, जबकि डॉ. दिनेश छाबड़ा दिल्ली विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

शोध निष्कर्ष संकेत करते हैं कि जिन क्षेत्रों में चुनाव के आसपास आतंकवादी घटनाएं घटित होती हैं, वहां मतदान में भागीदारी में स्पष्ट गिरावट देखी जाती है। भय, असुरक्षा और तनाव जैसी भावनात्मक स्थितियां मतदाताओं की सोच और निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप तर्कसंगत और विवेकपूर्ण मतदान व्यवहार बाधित होता है। वर्ष 2009 से 2019 के बीच जम्मू-कश्मीर में हुए लोकसभा चुनावों के आंकड़े भी इसी प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हैं। जिन वर्षों में आतंकवादी घटनाओं की संख्या अधिक रही, उन्हीं वर्षों में मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम दर्ज किया गया। आतंकवादी घटनाओं के बाद मतदाताओं की प्राथमिकताएं भी बदलती दिखाई देती हैं। शिक्षा, रोजगार और आर्थिक नीतियों जैसे विकासात्मक मुद्दों की तुलना में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषय अधिक प्रमुख हो जाते हैं। सार्वजनिक विमर्श में भी विकास के प्रश्न पीछे छूट जाते हैं और सुरक्षा-केंद्रित मुद्दे चर्चा के केंद्र में आ जाते हैं। इस प्रवृत्ति की पुष्टि वर्ष 2019 में प्रकाशित India Today के एक ओपिनियन पोल सर्वे से होती है। सर्वे के अनुसार, जनवरी 2019 में बेरोजगारी 28 प्रतिशत मतदाताओं के लिए सबसे बड़ी चिंता थी।

पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद यह आंकड़ा घटकर 21 प्रतिशत रह गया, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा 4 प्रतिशत से बढ़कर 26 प्रतिशत तक पहुंच गया। यह बदलाव दर्शाता है कि आतंकवादी घटनाएं किस प्रकार मतदाताओं की भावनात्मक प्रतिक्रिया को प्रभावित कर नीति-आधारित विमर्श को सुरक्षा-केंद्रित दिशा में मोड़ देती हैं। पुलवामा आतंकवादी हमले से पहले और बाद में ओपिनियन पोल के रुझान (जनवरी-मार्च 2019) शोध में मीडिया की भूमिका को भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। वर्ष 2000 के दशक से 2025 तक मीडिया के स्वरूप और प्रभाव क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। पहले जहां सूचना के स्रोत सीमित थे, वहीं आज प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल माध्यमों की संख्या और पहुंच में अभूतपूर्व



वृद्धि हुई है। आतंकवादी घटनाओं से जुड़ी जानकारी मीडिया के माध्यम से अत्यंत तीव्र गति से पूरे देश में प्रसारित हो जाती है।

यह सूचना-प्रसार लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, किंतु इसकी अत्यधिक और निरंतर कवरेज कई बार भय और असुरक्षा के वातावरण को और गहरा कर देती है। अनेक अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि आतंकवादी घटनाओं से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित लोगों की संख्या सीमित होती है, परंतु उनकी व्यापक मीडिया प्रस्तुति समाज के बड़े हिस्से को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करती है। ऐसी परिस्थितियों में समाज के विभिन्न वर्गकृसामान्य नागरिकों से लेकर पुलिस और सशस्त्र बलों तक राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की भावना के साथ एकजुट दिखाई देते हैं। यह सामूहिक प्रतिक्रिया स्वतंत्रता आंदोलन के उस दौर की स्मृति को पुनः जाग्रत करती है, जब देशहित में विभिन्न विचारधाराओं के लोग एक साथ खड़े हुए थे। इसी संदर्भ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह स्पष्ट रुख उल्लेखनीय है कि राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। एक कार्यक्रम में नई पीढ़ी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, आज की पीढ़ी के मन में देशभक्ति का जज्बा जगाना और उसके आधार पर वह पूरे जीवन देश के लिए कार्य करती रहे, ऐसी पीढ़ी का सृजन करने का यह एक बहुत बड़ा अवसर है।ह उन्होंने आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि आजादी के 75वें वर्ष से लेकर 100वें वर्ष तक के अगले 25 वर्ष भारत के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे। राष्ट्र की अखंडता, लोकतांत्रिक चेतना और भावी पीढ़ी की भूमिका एक-दूसरे से जुड़ती दिखाई देती है। जब राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि हो जाती है और युवाओं में देश के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सु.ढ़ करने पर बल दिया जाता है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि लोकतंत्र भय नहीं, बल्कि विवेक और निर्भीकता पर आधारित रहे। आतंकवाद से उत्पन्न परिस्थितियों में भी यदि मतदाता स्वतंत्र और सजग निर्णय लेता है, तो वही राष्ट्र की एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और दीर्घकालिक विकास की आधारशिला को मजबूत करता है।


गुरुग्राम। कड़ाके की ठंड और कोहरे वाली सुबह के दौरान दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर जाम में फंसे वाहन।

# नोबेल नहीं मिला, अब शांति पर भरोसा नहीं: ट्रम्प

## ग्रीनलैंड पर कब्जे का विचार इसीलिए आया, नार्वे के पीएम को चिट्ठी लिखकर शिकायत की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें नोबेल न मिलने की शिकायत की गई है। पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने चिट्ठी में लिखा है कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल से सम्मानित नहीं किया गया।

उन्होंने लिखा कि अब वह सिर्फ शांति के बारे में नहीं सोच रहे। शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की उनकी कोशिश की एक वजह यह भी है कि उन्हें नोबेल शांति



पुरस्कार नहीं मिला। ट्रम्प के मुताबिक, नोबेल पुरस्कार न मिलना उनके फैसले को प्रभावित कर रहा है। जोनास गाहर ने स्थानीय अखबार आफ्टेनपोस्टेन को बताया कि उन्हें ट्रम्प का यह संदेश मिला है। उन्होंने कहा कि यह जवाब उस संदेश के बाद आया। जो उन्होंने और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने मिलकर ट्रम्प को भेजा था। यह संदेश यूरोपीय

**■ ट्रम्प हमेशा नोबेल शांति पुरस्कार लेने की इच्छा जताते रहे हैं**

देशों पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने के फैसले के विरोध में भेजा गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अप्रैल 2025 में व्हाइट हाउस में नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। रिपोर्ट के मुता. बिक ट्रम्प ने लेटर में कहा कि डेनमार्क ग्रीनलैंड की रक्षा रूस या चीन से नहीं कर सकता और वैसे भी उनके पास स्वामित्व का अधिकार क्यों है? इससे जुड़ा कोई लिखित दस्तावेज नहीं हैं। बस इतना है कि सैकड़ों साल पहले एक नाव वहां उतरी थी। उन्होंने कहा कि मैंने नाटो की स्थापना के बाद से किसी भी व्यक्ति की तुलना में नाटो के लिए ज्यादा काम किया है। जब तक ग्रीनलैंड पर हमारा पूरा कंट्रोल नहीं होगा, तब तक दुनिया सुरक्षित नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड नहीं लिया, तो रूस या चीन इसे ले लेंगे और वे ऐसा कभी नहीं होने देंगे। ट्रम्प का कहना है कि नाटो को इस मामले में आगे आना चाहिए और अमेरिका को ग्रीनलैंड दिलाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ग्रीनलैंड अमेरिका के हाथ में होने से नाटो और ज्यादा मजबूत और प्रभावी हो जाएगा। ट्रम्प हमेशा नोबेल शांति पुरस्कार लेने की इच्छा जताते रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीनलैंड तनाव, यूक्रेन के लिए खतरे का संकेत

**मैनचेस्टर।** ग्रीनलैंड के अधिग्रहण को लेकर अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच चल रहा तनाव यूक्रेन के लिए विनाशकारी प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। गार्जियन अखबार की सोमवार की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय नेता अब एक विकट स्थिति का सामना कर रहे हैं, क्योंकि यूक्रेन संघर्ष में अभी भी अमेरिका के समर्थन की जरूरत है, लेकिन इस तनाव के कारण स्थिति विकट होती नजर आ रही है। गार्जियन ने बताया कि जुलाई में, यूरोपीय संघ (ईयू) ने इस उम्मीद से अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे कि यह समझौता अमेरिका को संघर्ष में यूक्रेन का समर्थन जारी रखने के लिए मजबूर करेगा।

### पाकिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गई।अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यूएसजीएस के अनुसार ग्रीनविच मिड टाइम के मुताबिक सुबह छह बजकर 21 मिनट पर पाकिस्तान के बारिशाल से 50 किलोमीटर उत्तर और उत्तर-पश्चिम में 5.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### चीन की फैक्टरी में विस्फोट से दो की मौत, 84 घायल

**होह्हॉट।** उत्तरी चीन के इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में एक फैक्टरी में विस्फोट होने से दो लोगों की मौत हो गई और 84 अन्य घायल हो गए। विस्फोट के बाद आठ लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह विस्फोट रविवार अपराह्न तीन बजे पश्चिमी बाओतौ शहर में बाओगांग यूनाइटेड स्टील के एक प्लेट प्लांट में हुआ।

### चिली में जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हुई

**सैंटियागो।** चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक ने रविवार को कहा कि देश के दक्षिण-मध्य क्षेत्र में लगी भीषण आग से मरने वालों की संख्या 18 हो गई है और इसमें और वृद्धि होने की आशंका है। सैंटियागो से लगभग 500 किलोमीटर दक्षिण में स्थित बायोबियो क्षेत्र के कॉन्सेप्सियन में पत्रकारों से बात करते हुए बोरिक ने कहा कि आज हमारे पास 18 मौतों की पुष्टि हुई है, लेकिन दुर्भाग्य से हमें यकीन है कि यह आंकड़ा बढ़ेगा।

### चीन की विकास दर 2025 में लगभग पांच प्रतिशत रही

**बीजिंग।** चीन की विकास दर 2025 में लगभग पांच प्रतिशत रही और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 140.1879 ट्रिलियन युआन (लगभग 20.01 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों से पता चला है कि 2025 में चीन का सकल घरेलू उत्पाद 140.1879 ट्रिलियन युआन (लगभग 20.01 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

# भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचों को सहायता न दे पोलैंड

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने पोलैंड से आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने का आग्रह करते हुए कहा है कि उसे भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचों को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं देनी चाहिए। डा. जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की के साथ सोमवार को यहां वार्ता के दौरान प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि पोलैंड इस क्षेत्र के लिए कोई अजनबी नहीं हैं और वह सीमा-पार आतंकवाद की लंबे समय से चली आ रही चुनौती से भली-भांति परिचित हैं।

उन्होंने कहा कि पोलैंड को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं करनी चाहिए। विद. ेश मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों की बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा स्वाभाविक रूप से शामिल होगी। विशेष रूप से अपने-अपने पड़ोस के संबंध में आकलनों का आदान-प्रदान उपयोगी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन संघर्ष और उसके प्रभावों पर भारत के विचार पहले भी स्पष्ट रूप से साझा कर चुके हैं और उन्होंने जोर देकर कहा है कि चुनकर भारत को निशाना बनाना न केवल अनुचित बल्कि अन्यायपूर्ण भी है। विदेश मंत्री ने कहा कि वह



**■ भारत और पोलैंड के बीच परंपरागत रूप से गर्मजोशीपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं**

आज एक बार फिर इस बात को दोहरा रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब दुनिया में काफी उथल-पुथल है। उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित हैं जिनकी अपनी-अपनी चुनौतियां और अवसर हैं इसे देखते हुए विचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करना स्वाभाविक रूप से उपयोगी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध भी निरंतर प्रगति कर रहे हैं लेकिन इन पर निरंतर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। भारत और पोलैंड के बीच परंपरागत रूप से गर्मजोशीपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। हाल के वर्षों में ये संबंध उच्च-स्तरीय राजनीतिक आदान-प्रदान तथा सशक्त आर्थिक और लोगों के बीच संपर्कों से आगे बढ़कर मजबूत हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2024 की पोलैंड यात्रा के दौरान संबंधों को रणनी. तिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत किया गया। डा. जयशंकर ने कहा कि दोनों देश बातचीत के दौरान 2024 से 28 तक कार्ययोजना की समीक्षा करेंगे जिसके माध्यम से हम अपनी रणनीतिक साझेदारी की पूरी क्षमता को साकार करना चाहते हैं। इसके अलावा व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों तथा डिजिटल नवाचार में सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि पोलैंड मध्य यूरोप में भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है और दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 7 अरब डॉलर है जिसमें पिछले एक दशक में लगभग 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### पोलैंड के उप प्रधानमंत्री सिकोर्स्की भारत-पोलैंड संबंधों को बढ़ावा देने के लिए नई दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की सोमवार को भारत-पोलैंड रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए राजधानी पहुंचे।

वह तीन दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं। सिकोर्स्की का स्वागत विदेश मंत्रालय की अपर सचिव पूजा कपूर ने किया। उनकी यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाना और भारत और पोलैंड के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाना है। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री के विद. ेश मंत्री एस जयशंकर से मिलने की संभावना है। इस मुलाकात में भारत-पोलैंड रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि नई दिल्ली में आपका हार्दिक स्वागत है। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की आज नई दिल्ली पहुंचे। नई दिल्ली में उनके कार्यक्रम भारत-पोलैंड रणनी. तिक साझीदारी को आगे बढ़ाने पर केंद्रित हैं। राजधानी पहुंचने से पहले सिकोर्स्की 17 से 18 जनवरी को जयपुर गए थे।

### देश में अशांति बढ़ने पर रजा पहलवी ने ईरान लौटने का किया वादा

**तेहरान।** ईरान के अंतिम शाह के निर्वासित बेटे रजा पहलवी ने कहा है कि इस समय ईरान में 'कब्जे और आजादी' को लेकर लड़ाई चल रही है और वह देश के लोगों की भावनाओं को समझते हुए वापस लौटेंगे। पहलवी ने एक वीडियो संदेश में ईरानियों को संबोधित करते हुए आगे कहा ईरानी लोगों ने मुझे नेतृत्व करने के लिए बुलाया है। मैं ईरान लौटूंगा। गौरतलब है कि बाजार में देश की करेंसी रियाल की कीमत कम होने को लेकर 28 दिसम्बर 2025 को तेहरान में जो प्रदर्शन शुरू हुआ था, वह तेजी से पूरे देश में फैल गया और सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गया। सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने शनिवार को स्वीकार किया कि अशांति में 'कई हजार' लोग मारे गए हैं और इसका जिम्मेदार अमे. रिका और इजरायल हैं। सरकार ने प्रदर्शनकारियों की मुश्किलों को माना है।

# ग्रीनलैंड को ट्रम्प से बचाने ब्रिटेन ने एक सैनिक भेजा

**नुउक।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकियों के बीच यूरोप की 'सैन्य एकजुटता' अब मजाक का विषय बनती दिख रही है। ग्रीनलैंड की सुरक्षा के नाम पर ब्रिटेन ने सिर्फ 1 सैनिक भेजा है, जबकि सात यूरोपीय देशों के कुल मिलाकर करीब 40 सैनिक राजधानी नुउक पहुंचे हैं।

रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक डेनमार्क, नार्वे, फिनलैंड, स्वीडन, जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड्स और ब्रिटेन जैसे नाटो देशों ने मिलकर आपरेशन आर्कटिक एंडयोरेंस नाम से जाइंट मिलिट्री आपरेशन शुरू किया है। ये सैनिक इसी में शामिल होने पहुंचे हैं। इस पूरे सैन्य अभ्यास पर सवाल उठाते हुए इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेत्तो ने इसे एक मजाक करार दिया है। डेनमार्क पहले से ग्रीनलैंड में करीब 200 सैनिक तैनात किए हुए है। इसके अलावा 14 सदस्ईय सीरियस डाग स्लेज पेट्रोल भी वहां

**■ सात यूरोपीय के देशों के 40 सैनिक ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक पहुंचे, इटली बोला: ये क्या मजाक है**

मौजूद है, जो आर्कटिक इलाकों में गश्त करते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि आने वाले दिनों में इन्हें जमीन, हवा और समुद्र के जरिए और मजबूत किया जाएगा। यह संख्या छोटी है, लेकिन यह राजनीतिक संदेश देने के लिए है कि नाटो एकजुट है। डेनमार्क की अगुवाई में चल रहा आपरेशन आर्कटिक एंडयोरेंस एक सैन्य अभ्यास है। इसका मकसद यह देखना है कि अगर भविष्य में ग्रीनलैंड में बड़ी संख्या में सैनिक तैनात करने पड़े, तो उसकी तैयारी कैसी होगी। डेनमार्क के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस अभ्यास का फोकस आर्कटिक इलाके में सहयोगी देशों के बीच तालमेल और काम करने की क्षमता बढ़ाने पर है।

# स्पेन में दो हाई स्पीड ट्रेनों के बीच टक्कर, 39 की मौत

**मैड्रिड।** स्पेन के कार्डोबा प्रांत में रविवार रात एक ट्रेन पटरी से उतरकर दूसरी ट्रेन से टकरा गई। हादसे में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 73 यात्री घायल हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, दोनों ट्रेन में करीब 500 यात्री सवार थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, मलागा से मैड्रिड जा रही ट्रेन पटरी से उतरकर पास की लाइन पर चली गई और वहां मैड्रिड/हुएलवा रूट पर चल रही एवीई ट्रेन से टकरा गई। स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री एंटोनियो सैंज ने बताया कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। सुरक्षित निकले यात्रियों ने कहा कि यह सब देखने में किसी हारर फिल्म जैसा नग रहा था। इस दुर्घटना के कारण आज मैड्रिड और अंडालूसिया के शहरों के बीच चलने वाली 130 से अधिक ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। स्पेनिश पब्लिक ब्राडकास्टर आरटीवीई के पत्रकार साल्वाडोर जिमेनेज भी इर्यो ट्रेन में सफर कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रेन के आखिरी दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से एक पूरी तरह पलट गया। जिमेनेज के मुताबिक, ट्रेन शाम 6:40 बजे समय पर मलागा से रवाना हुई थी। कुछ देर बाद अचानक जोरदार झटका लगा और ट्रेन पटरी से उतर गई। इसके बाद यात्रियों को हथौड़ों से खिड़कियां तोड़कर बाहर निक. ाला गया।

**■ यात्रियों को हथौड़ों से खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया**

# अमेरिका पर 93 अरब यूरो का आयात शुल्क लगाएगा ईयू!

**ब्रसेल्स।** ग्रीनलैंड पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगातार बयानों और धमकियों के बीच यूरोपीय संघ (ईयू) अमेरिका पर 93 अरब यूरो (107.68 अरब डॉलर) का आयात शुल्क लगाने या अमेरिकी कंपनियों को यूरोपीय ब्लॉक में व्यापार करने से रोकने पर विचार कर रहा है।

फाइनेंशियल टाइम्स की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में आधिकारिक सूत्रों के हवाले से कहा गया कि अगले हफ्ते दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) पर होने वाली बैठक से पहले इस शुल्क का मसौदा तैयार किया जा रहा है, ताकि ट्रम्प पर यूरोपीय नेताओं को थोड़ी 'बढ़त' मिल सके। रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोपीय यूनियन ने पिछले साल ही आयात शुल्क की सूची बना ली थी लेकिन 'व्यापार युद्ध' रोकने के लिए उसे छह फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया था। ग्रीनलैंड पर अमेरिका-यूरोप के बीच बढ़ते तनाव के कारण ईयू नेताओं ने रविवार को इसे दोबारा लागू करने पर विचार किया। इसके अलावा यूरोपीय नेताओं ने 'दबाव-विरोधी' मसौदे पर भी बातचीत की, जिसके लागू होने पर अमेरिकी कंपनियां यूरोप में अपना सामान नहीं बेच पाएंगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि जो देश ग्रीनलैंड 'खरीदने' के मुद्दे पर अमेरिका का समर्थन नहीं करेंगे।

**■ अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के लगातार बयानों और धमकियों के बीच यूरोपीय संघ ने अपनाया सख्त रुख**

### तेल अवीव में गूंजेगा यूपी का साइबर मॉडल, भारत से दो प्रतिनिधि होंगे शामिल

**लखनऊ।** दुनिया के प्रमुख साइबर सुरक्षा मंचों में शामिल 'साइबर टेक ग्लोबल तेल अवीव 2026' में इस बार भारत के साथ उत्तर प्रदेश का साइबर मॉडल भी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। यह सम्मेलन 26 से 28 जनवरी 2026 तक तेल अवीव में आयोजित होगा, जिसमें अमेरिका, यूरोप और एशिया समेत 20 से अधिक देशों के साइबर विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। इस वैश्विक सम्मेलन में भारत से दो वरिष्ठ साइबर विशेषज्ञ चीफ मेंटर के तौर पर भाग लेंगे। इनमें केंद्र सरकार के पूर्व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक माधवन उन्नीकृष्णन नायर तथा उत्तर प्रदेश से साइबर अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे प्रो- त्रिवेणी सिंह शामिल हैं।

# खामेनेई पर हमले को जंग मानेंगे: मसूद पजशकियान

## ईरान के राष्ट्रपति बोले: ट्रम्प ने कहा था: प्रदर्शनकारियों की हत्याएं जारी रहीं, तो हम दे सकते है दखल

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई पर हमला हुआ, तो इसे ईरान के खिलाफ जंग माना जाएगा। पजशकियान ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि किसी भी हमले का कठोर और पछतावे वाला जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर ईरान के लोगों की जिंदगी में मुश्किलें हैं, तो इसकी एक बड़ी वजह अमेरिका और उसके सहयोगियों के लगाए हुए प्रतिबंध हैं।

पजशकियान की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों के बाद आई है। ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों की हत्याएं या फांसी जारी रहीं, तो अमेरिका दखल दे सकता है। ईरान में 28 दिसम्बर से जारी हिंसक प्रदर्शन में अब तक 5000 लोगों की मौत हो गई है। इनमें करीब 500 सुरक्षाकर्मी शामिल है। एक ईरानी अधिक. ारी ने नाम न बताने की शर्त पर रायटर्स को यह जानकारी दी है। ट्रम्प ने 15 जनवरी को बताया



**■ पजशकियान की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों के बाद आई है**

था कि हत्याएं अब कम हो रही हैं। व्हाइट हाउस ने भी दावा किया कि ट्रम्प के दबाव के बाद ईरान ने 800 लोगों की फांसी की योजना रोक दी है। संयुक्त राष्ट्र की सहायक महासचिव मार्था पोबी ने परिषद को बताया कि ये प्रदर्शन तेजी से फैले। इसमें काफी जान-माल का नुकसान हुआ है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, अब तक 3428 प्रदर्शनकारियों को मार डाला गया, जबकि 18000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र इन आंकड़ों की पुष्टि नहीं कर सका है। ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने कहा है कि वह जल्द ईरान लौटेंगे और देश का नेतृत्व करेंगे। पेरिस से जारी किए एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, आज ईरान में लड़ाई कब्जे और आजादी के बीच है। ईरानी जनता ने मुझे नेतृत्व के लिए बुलाया है। मैं ईरान लौटूंगा। पहलवी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि वह एक 'मुक्त ईरान' का सपना देखते हैं, जो इस्लामिक रिपब्लिक की नीतियों से पूरी तरह अलग होगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य शांति, समृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की ओर लौटना है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान में लो. कतांत्रिक सरकार बनती है तो देश अपना परमाणु सैन्य कार्यक्रम खत्म करेगा, आतंकी संगठनों को समर्थन बंद करेगा और अमेरिका के साथ संबंध सामान्य करेगा। पहलवी ने यह भी कहा कि एक मुक्त ईरान इजरायल को मान्यता देगा और मध्य-पूर्व में स्थिरता लाने वाली ताकत बनेगा। ट्रम्प प्रशासन ने 18 ईरानी व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ नए प्रति. बंधों लगाए हैं।

# मोदी को गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने का न्योता

## ट्रम्प ने पाकिस्तान और रूस को भी बुलाया, नाराज इजरायल बोला: बिना बातचीत टीम बनाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा के 'बोर्ड आफ पीस' (शांति बोर्ड) में शामिल होने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को न्योता दिया है। भारत में यूएस के एम्बेसडर सर्जियो गोर ने ट्वीट कर जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ को भी इस बोर्ड में शामिल होने का बुलावा दिया गया है। दरअसल गाजा पीस प्लान दूसरे चरण में पहुंच चुका है। ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा (एनसीएजी) के गठन का ऐलान किया है।

इस कमेटी की देखरेख करने, फंड जुटाने जैसे कामों के लिए ट्रम्प ने 'बोर्ड आफ पीस' (शांति बोर्ड) का गठन किया गया है। ट्रम्प खुद इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। इसके अलावा गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया गया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आफिस ने कहा कि गाजा के लिए बनाए गए



**■ प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को राष्ट्रपति ट्रम्प ने गाजा के लिए बनाए गए 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का न्योता दिया है**

नए प्रशासनिक बोर्ड की घोषणा अमेरिका ने इजरायल से बिना बातचीत करे की है। इजरायल का कहना है कि यह फैसला उसकी सरकारी नीति के खिलाफ है। पाकिस्तान ने बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को राष्ट्रपति ट्रम्प ने गाजा के लिए बनाए गए 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का न्योता दिया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने मीडिया से बातचीत में पुष्टि की कि पाकिस्तान को औपचारिक रूप से यह निमंत्रण मिला है। ताहिर अंद्राबी ने कहा कि पाकिस्तान गाजा में शांति और सुरक्षा से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में हिस्सा लेता रहेगा और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के मुताबिक फलस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान चाहता है। हालांकि, उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। नेतन्याहू के आफिस के मुताबिक, विदेश मंत्री गिदोन सार इस मुद्दे को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने उठाएंगे। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि बोर्ड का कौन सा हिस्सा इजरायल को आपत्तिजनक लग रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य समस्या तुर्की विदेश मंत्री हाकान फिदान को शामिल करने से है। तुर्की को हमास का समर्थक माना जाता है और इजरायल के साथ इसका संबंध तनावपूर्ण हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोगन ने इजरायल की गाजा कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। इजरायल का कहना है कि ऐसे देशों को गाजा के प्रशासन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

